राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शुक्रवार, 05 दिसंबर 2025
वर्ष 07, अंक 66, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

लोहे की रॉड से किया अधिवक्ता पर हमला, विपक्षी की तहरीर लिखने पर हुई मारपीट, चार भाईयों के खिलाफ केस दर्ज...03

जिले में धान खरीदी केन्द्र में सी.सी. कैमरा एवं जिला स्तरीय जॉच कमेटी तैनात की मांग...12

## भारत के भरोसेमंद मित्र Vladimir Putin दिल्ली पहुंचे, दोस्त की अगवानी करने खुद हवाई अड्डे पर पहुंचे PM Modi

**● हम आपको यह भी बता दें कि रूसी राष्ट्रपति के आगमन से पहले ही राष्ट्रीय राजधानी को अभूतपूर्व सुरक्षा घेरों में बदल दिया गया। दिल्ली पुलिस, केंद्रीय एजेंसियों और पुतिन की निजी सुरक्षा टीम ने मिलकर एक बहु-स्तरीय सुरक्षा कवच तैयार किया है।**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आज शाम कड़ी सुरक्षा के बीच दो दिवसीय भारत यात्रा पर पहुँचे। चार वर्षों बाद भारत आये रूसी राष्ट्रपति का विशेष विमान जैसे ही हवाई अड्डे पर उतरा वैसे ही यह देखकर पुतिन चौंक गये कि वहां अपने दोस्त का स्वागत करने के लिए खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मौजूद थे। दोनों नेताओं के बीच गर्मजोशी भरा आलिंगन इस बात का संकेत था कि वैश्विक राजनीति की तमाम जटिलताओं के बावजूद दिल्ली और मॉस्को के बीच व्यक्तिगत और रणनीतिक भरोसा कायम है।

हम आपको बता दें कि पुतिन की यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब वैश्विक व्यवस्था तेज़ी से बदल रही है, रूस-यूक्रेन संघर्ष अपने महत्वपूर्ण मोड़ पर है और भारत-अमेरिका संबंध नए तनावों से गुजर रहे हैं। ऐसे माहौल में पुतिन का दिल्ली पहुँचना न केवल कूटनीतिक दृष्टि से अहम है, बल्कि यह दोनों देशों के बीच दशकों पुराने 'विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' के नए अध्याय की शुरुआत का संकेत भी देता है।

हम आपको यह भी बता दें कि रूसी राष्ट्रपति के आगमन से पहले ही राष्ट्रीय राजधानी को अभूतपूर्व सुरक्षा घेरों में बदल दिया गया। दिल्ली पुलिस, केंद्रीय एजेंसियों और पुतिन की निजी सुरक्षा टीम ने मिलकर एक बहु-स्तरीय सुरक्षा कवच तैयार किया है। संवेदनशील मार्गों पर स्नाइपर्स, स्वैट टीमें, आतंकवाद रोधी इकाइयाँ और त्वरित प्रतिक्रिया दल तैनात किए गए हैं। 5,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है, जबकि ड्रोन-रोधी प्रणाली और उन्नत तकनीकी निगरानी तंत्र भी सक्रिय कर दिए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि 'मिनट-टू-मिनट कोऑर्डिनेशन' के साथ पूरी यात्रा पर बारीकी से नज़र रखी जा रही है।

हम आपको यह भी बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति के लिए एक निजी रात्रिभोज का आयोजन किया है। यह वही परंपरा है जिसकी झलक पिछले वर्ष तब भी दिखी थी जब रूस यात्रा में पुतिन ने मोदी को निजी भोज पर आमंत्रित किया था। यह 'डिनर डिप्लोमेसी' केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि दोनों नेताओं के व्यक्तिगत समीकरण की गहराई को दर्शाती है। इस अनौपचारिक बैठक में ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार विस्तार, रक्षा सहयोग और नए उभरते क्षेत्रों– जैसे स्पेस टेक्नोलॉजी, लॉजिस्टिक्स, न्यूक्लियर मॉड्यूलर रिएक्टर और कौशल एवं श्रमिक गतिशीलता आदि पर व्यापक विमर्श होने की संभावना है।

रूसी राष्ट्रपति के कल के कार्यक्रम को देखें तो पुतिन का मुख्य कार्यक्रम शुक्रवार को ही है। वह सुबह राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे, यह परंपरागत कदम हर प्रमुख विदेशी नेता की भारत यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। इसके बाद राष्ट्रपति भवन में रूसी राष्ट्रपति



का औपचारिक स्वागत किया जाएगा। पुतिन की भारत यात्रा का सबसे अहम पड़ाव हैदराबाद हाउस में होने वाली 23वीं भारत-रूस शिखर वार्ता है, जहाँ दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों की पूरी रूपरेखा पर चर्चा करेंगे। व्यापार एवं आर्थिक सहयोग का विस्तार, रूसी कच्चे तेल से जुड़े व्यापारगत असंतुलन, अमेरिकी प्रतिबंधों के प्रभाव और वैकल्पिक भुगतान एवं व्यापार मार्गों पर भी विशेष रूप से बातचीत होने की संभावना है।

हम आपको बता दें कि दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर कर सकते हैं– जिनमें श्रमिक गतिशीलता को सरल बनाने, रक्षा सहयोग के ढांचे को मजबूत करने और 2030 तक आर्थिक साझेदारी के लिए विस्तृत रोडमैप शामिल हैं। इसके अलावा, हैदराबाद हाउस में कार्यकारी दोपहर भोज के बाद पुतिन भारत-रूस बिज़नेस फोरम को संबोधित करेंगे। दोनों पक्षों को उम्मीद है कि औद्योगिक सहयोग, उभरती तकनीकों, स्वास्थ्य, माइनिंग, खाद्य प्रसंस्करण और उपभोक्ता वस्तुओं के क्षेत्रों में निजी क्षेत्र के निवेश और साझेदारी को नई गति मिलेगी। शाम को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में पुतिन के सम्मान में एक भव्य राजकीय भोज देंगी, जिसके बाद शुक्रवार रात लगभग साढ़े नौ बजे पुतिन भारत से प्रस्थान करेंगे। लगभग 28 घंटे की इस यात्रा के दौरान वह रूस के सरकारी प्रसारक ऋझ के भारतीय चैनल के लॉन्च में भी शिरकत करेंगे, जो मॉस्को की सांस्कृतिक एवं मीडिया पहुंच बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है।

देखा जाये तो यह यात्रा स्पष्ट करती है कि मौजूदा वैश्विक तनावों और बदलते समीकरणों के बावजूद भारत और रूस अपने संबंधों को समय के साथ ढालते हुए आगे बढ़ा रहे हैं। जहाँ एक ओर भारत रूस से सस्ते कच्चे तेल की खरीद जारी रखकर अपनी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत कर रहा है, वहीं दूसरी ओर वह संतुलित कूटनीति के जरिए वैश्विक मंच पर संवाद को बढ़ावा देने की भूमिका निभा रहा है। पुतिन और मोदी की यह मुलाकात केवल द्विपक्षीय वार्ता नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति की दिशा और एशिया-यूरेशिया क्षेत्र में स्थिरता के लिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। कड़ी सुरक्षा, गर्मजोशी भरे स्वागत और गहन रणनीतिक वार्ताओं के बीच राष्ट्रपति पुतिन की यह यात्रा भारत-रूस साझेदारी में नई ऊर्जा भरने वाली साबित हो सकती है।

## विदेश मंत्रालय को हाईकोर्ट का निर्देश-यूएई में हिरासत में विक्रांत से बहन सेलिना जेटली की कराएं बात

**● हाईकोर्ट का विदेश मंत्रालय को निर्देश।**

**यूएई में हिरासत में बंद हैं भाई विक्रांत।**

**सेलिना जेटली से बात कराने का आदेश।**

**पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने विदेश मंत्रालय को यूएई में हिरासत में लिए गए विक्रांत की उसकी बहन सेलिना जेटली से बात कराने का निर्देश दिया है।**



**नई दिल्ली।** अभिनेत्री सेलिना जेटली और उनके भाई के बीच संपर्क करने में मदद करने का गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने विदेश मंत्रालय को निर्देश दिया है। सेलिना के भाई भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए हैं और यूएई में गिरफ्तार करके उन्हें हिरासत में लिया गया था। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ ने सेलिना जेटली की अर्जी पर सुनवाई कर रही है, जिसमें उन्होंने अपने भाई के लिए अच्छे कानूनी मदद की मांग की है।

### विक्रांत ने बहन से मिलने से किया इन्कार

सुनवाई के दौरान सेलिना की भाभी की तरफ से पेश अधिवक्ता ने पीठ को सूचित करते हुए कहा, 'उन्हें विदेश मंत्रालय से जरूरी मदद मिली है और मैं अपने पति विक्रांत के संपर्क में हूं।' यह भी बताया कि उनकी मुवक्किल ने वीडियो कॉल की है और सप्ताह में एक बार वीडियो मीटिंग होती है। उन्होंने यह भी बताया कि विक्रांत ने फिलहाल अपनी बहन से संपर्क न करने की इच्छा जाहिर की है और यह मामला पूरी तरह से गैर-जरूरी है।

### कोर्ट ने पूछा– भाई अपनी बहन से क्यों नहीं मिल रहा?

सुनवाई के दौरान पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने कहा कि सरकार पूरी तरह से संवेदनशील है और हम चाहते हैं कि जो हो सकता है, वह हो। उन्होंने विक्रांत की पत्नी की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता से कहा कि उन्हें फिर से सोचना चाहिए कि भाई अपनी बहन सेलिना से बात क्यों नहीं करना चाहेगा।

### अदालत में ताजा रिपोर्ट तलब

इस पर पीठ ने कहा कि एएसजी कॉन्सुलेट के अधिकारी से कहें जो विक्रांत से मिलने जाने वाले अधिकारी उसे यह समझाएं कि उसके पास सेलिना से संपर्क करने का विकल्प है। पीठ ने केंद्र सरकार से कहा कि अगले कुछ दिनों में कॉन्सुलर सेलिना से उनके भाई से संपर्क करने में मदद करें। अदालत ने मामले में ताजा स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देते हुए सुनवाई स्थगित कर दी।

### नियुक्त किया गया था नोडल ऑफिसर तो

वहीं, सुनवाई के दौरान सेलिना के वकील ने कहा कि नोडल ऑफिसर तो नियुक्त कर दिया गया था, लेकिन पहले दो निर्देशों का पालन नहीं किया गया। वहीं, एएसजी ने कहा कि तीनों निर्देशों का पालन किया गया है। इस पर पीठ ने सेलिना की तरफ से पेश अधिवक्ता से पूछा कि क्या आपकी मुवक्किल अपने भाई से संपर्क कर पाई या नहीं? इस पर वकील ने कहा कि याची अपने भाई को कॉल नहीं कर पाई हैं।

### कॉन्सुलेट को संपर्क करने में मदद करने का निर्देश

पीठ ने पूछा कि क्या आप चाहते हैं कि केंद्र सरकार जेल अधिकारियों से बात करके विक्रांत से आपको कॉल करवाने का इंतजाम करे? इस पर याची ने जवाब दिया कि यूएई एक टीएएम एप पर सर्विस देता है। एप डाउनलोड और एक्टिवेट करने के लिए हमें एक वैलिड एमिरेट्स आईडी चाहिए। इस पर अदालत ने कहा कि याची अपने भाई से संपर्क करने की हकदार है और कॉन्सुलेट को संपर्क करने में मदद करने का निर्देश दिया जाता है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सुप्रीम कोर्ट ने मौखिक दलीलें 15 मिनट तक सीमित कीं, दिल्ली दंगा केस में वकीलों के लिए नई समय सीमा तय

**सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली दंगा मामले में वकीलों के लिए मौखिक दलीलें पेश करने की समय सीमा 15 मिनट निर्धारित की है।**



**नई दिल्ली, प्रेट्र।** फरवरी, 2020 के दिल्ली दंगा मामले की सुनवाई कर रहे सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि दलीलें रखने के लिए एक टाइम शेड्यूल जरूरी है। इसके बाद कोर्ट ने आरोपितों की ओर से पेश वकीलों को अपनी मौखिक दलीलें 15 मिनट तक सीमित रखने का निर्देश दिया।

#### अगली सुनवाई 9 दिसंबर को

जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने अगली सुनवाई नौ दिसंबर को तय करते हुए कहा, प्रत्येक (आरोपित के वकीलों) की मौखिक दलील 15 मिनट से ज्यादा नहीं होनी चाहिए और एडिशनल सालिसिटर जनरल का स्पष्टीकरण 30 मिनट से अधिक नहीं होना चाहिए।' कोर्ट ने आरोपितों की ओर से पेश वकीलों को स्थायी पते भी दाखिल करने का निर्देश दिया। जमानत की मांग करते हुए आरोपित शरजील इमाम के वकील सिद्धार्थ दवे ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष बिना पूरे ट्रायल या दोषी ठहराए 'खतरनाक बौद्धिक आतंकी' का ठप्पा लगाए जाने पर दुख जताया था। उमर खालिद के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि फरवरी, 2020 में जब दंगे शुरू हुए थे, तब उनका मुवक्किल दिल्ली में नहीं था।

## दबंगों ने सास- दामाद पर किया हमला युवक का टूटा हाथ, शराब के नशें में दबंगों ने घर के दरवाज़े पर की मारपीट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के सदरपुर थाना क्षेत्र के बुधवार देर रात ग्राम मढ़ियापूर्वा में दबंगों द्वारा महिला और उसके दामाद को लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से बेरहमी से पीटने का गंभीर मामला सामने आया है घटना में सास और दामाद दोनों गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दामाद का हाथ टूट जाने के कारण उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार गांव के ही रविंदर, जसवंत, प्रताप और प्रकाश नामक युवक देर शाम शराब के नशे में महिला सुमन के दरवाजे पर गाली-गलौज कर रहे थे। सुमन द्वारा इसका विरोध किए जाने पर आरोपियों ने उस पर हमला बोल दिया चीख-पुकार सुनकर घर से बाहर आए दामाद रामजीवन ने जब बीच-बचाव करने की कोशिश की तो दबंगों ने उसे भी घेरकर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से जमकर पीटा मारपीट में सुमन और रामजीवन दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दामाद का हाथ टूटने की भी पुष्टि हुई है परिजनों की मदद से दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक



उपचार के बाद हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जिला अस्पताल में दोनों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। घायल रामजीवन ने बताया कि आरोपी युवक शराब के नशे में दरवाजे पर गाली-गलौज कर रहे थे रोकने पर उन्होंने सास के साथ बदसलूकी करते हुए हमला कर दिया बीच-बचाव करने पर उसे भी बेरहमी से पीटा गया। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है। परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घायलों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है!!

## मुख्यालय का आदेश, कर्मचारियों की आंसू और किसानों की चिंता

**● गौतम सिंह की उपेक्षा से फैक्ट्री में हड़कंप, मजदूरों और किसानों में नाराजगी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कमलापुर (सीतापुर)।** कभी सीतापुर की अर्थव्यवस्था की धुरी रही कमलापुर शुगर फैक्ट्री आज भी अपने वैभवशाली इतिहास और दर्दनाक वर्तमान के बीच संघर्ष कर रही है। वर्षों से बंद पड़ी मशीनें जंग खा चुकी थीं, परिसर वीरान था और अनुशासन पूरी तरह बिखर चुका था। ऐसे कठिन माहौल में जिस व्यक्ति ने इस मृतप्राय व्यवस्था को संभाले रखा, वह थे एडमिन स्टाफ अधिकारी गौतम सिंह। बिना उत्पादन, बिना पर्याप्त जनशक्ति और बिना मशीनरी संचालन के बावजूद उन्होंने सुरक्षा, अनुशासन और रखरखाव को वर्षों तक जीवित रखा। कर्मचारी स्पष्ट कहते हैं– 'फैक्ट्री आज जितनी भी सुरक्षित और व्यवस्थित है, उसका श्रेय केवल गौतम सिंह को है।' लेकिन विडंबना यह है कि जिस अधिकारी ने फैक्ट्री को टूटने नहीं दिया, आज उसी अधिकारी की उपेक्षा पूरे परिसर को विचलित कर चुकी है। मुख्यालय से आया अचानक स्थानांतरण आदेश किसी सदमे से कम नहीं था। न पूर्व सूचना, न कोई कारण–सिर्फ आदेश। जिस समय फैक्ट्री के पुनः संचालन की उम्मीदें बढ़ रही थीं, उसी समय उन्हें हटाना कर्मचारियों व स्थानीय समाज दोनों के लिए असहज करने वाला निर्णय साबित हुआ। सवाल उठता है– आखिर गौतम सिंह को ही क्यों हटाया गया? स्थानांतरण की खबर मिलते ही कर्मचारी नम आँखों से उन्हें विदा करते रहे। कई कर्मचारी रोते हुए गेट तक आए, जैसे किसी अभिभावक को विदा किया जा रहा हो। स्थानीय समाज में भी यही सवाल गूंजता रहा– 'क्या समर्पण का यही प्रतिफल है?' कुछ समय बाद खबर आई कि एन.आर. इंफ्राकॉन ने उन्हें दोबारा फैक्ट्री भेजा है। कर्मचारियों में खुशी लौट आई। लेकिन यह खुशी टिक नहीं सकी। सूत्रों के अनुसार, दो दिन बाद ही फिर से आदेश तैयार हो चुका है–उन्हें दोबारा मुख्यालय अटैच करने का। अब सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या उनकी कर्मठता किसी के हितों के लिए असुविधा



बन गई? कौन-सा दबाव उन्हें फैक्ट्री से दूर रखने का प्रयास कर रहा है? क्या वे किसी आंतरिक राजनीति का शिकार हो रहे हैं? फैक्ट्री में यह हलचल सिर्फ एक आदेश की प्रतिक्रिया नहीं है, बल्कि उस संवेदनहीनता का प्रतीक है जो एक निष्ठावान अधिकारी के साथ हो रही है। कर्मचारियों का स्पष्ट मत है– 'अगर फैक्ट्री को पुनर्जीवित करना है, तो गौतम सिंह का होना अनिवार्य है।' वे केवल एक कर्मचारी नहीं, बल्कि व्यवस्था की रीढ़, अनुशासन का आधार और सुरक्षा का सबसे मजबूत स्तंभ हैं। जब फैक्ट्री को अनुभवी नेतृत्व की आवश्यकता है, जब कर्मचारी और स्थानीय जनता एक साथ उनकी वापसी की मांग कर रहे हैं, और जब प्रबंधन भी जानता है कि वे अपरिहार्य हैं–तो आखिर कौन-सी बाधा उनकी वापसी में दीवार बनकर खड़ी है? किसके हितों में यह निर्णय बार-बार लिया जा रहा है? इन प्रश्नों का उत्तर मिलना आवश्यक है, यही न्याय की कसौटी है। कर्मचारी और स्थानीय नागरिक एक स्वर में प्रबंधन से निवेदन कर रहे हैं कि फैक्ट्री के बेहतर भविष्य, अनुशासन की निरंतरता और स्थानीय भावनाओं के सम्मान में गौतम सिंह को तत्काल कमलापुर शुगर फैक्ट्री में पुनः तैनात किया जाए, क्योंकि किसी संस्थान को संभालने वाली असली शक्ति मशीनें नहीं, बल्कि समर्पित अधिकारी होते हैं–और ऐसी नींव को हटाना फैक्ट्री के भविष्य को कमजोर करना है।

## सरकारी जमीन पर बने अवैध निर्माण पर चला प्रशासन का बुलडोजर कब्जाधारियों में मचा हड़कंप

**● 40 लाख की सरकारी भूमि पर लंबे समय से चलता था ईंट का कारोबार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के तहसील लहरपुर प्रशासन ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम नवीनगर में भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। एसडीएम आकांक्षा गौतम के निर्देश पर इलाके में अवैध कब्जों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई प्रशासन के पहुंचते ही कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया। कब्जा मुक्त कराई गई इस जमीन की कीमत करीब 40 लाख रुपए है। जानकारी के अनुसार, ग्राम नवीनगर में सीलिंग की जमीन पर अवनीश गौड़ सहित अन्य लोगों द्वारा अवैध रूप से निर्माण कार्य किया जा रहा था आरोप है कि कब्जाधारियों ने पहले जमीन पर नींव भरवाई और इसके बाद बिना किसी अनुमति



के लेंटर डालकर पक्का निर्माण खड़ा कर दिया था। स्थानीय लोगों की शिकायत पर तहसील प्रशासन ने मौके का निरीक्षण कर निर्माण कार्य को तत्काल रोकने के निर्देश भी दिए थे। लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रहा। इस दौरान टीम में नायब तहसीलदार अशोक यादव, राजस्व निरीक्षक अमर सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। प्रशासनिक टीम ने मौके की स्थिति का परीक्षण करने के बाद बुलडोजर की मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया लगभग दो घंटे तक चली कार्रवाई के बाद करीब 10 बिसवा भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया नायब तहसीलदार अशोक यादव ने बताया कि कब्जा हटाई गई जमीन की बाजार कीमत लगभग 40 लाख रुपए आंकी गई है उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध कब्जे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे ऐसे सभी प्रकरणों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के अन्य अवैध कब्जाधारियों में भी दहशत का माहौल है लगातार चल रहे बुलडोजर अभियान से साफ संदेश दिया गया है कि सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा!!

## महोबा में लापता शिक्षामित्र का शव कुएं से बरामद

उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के श्रीनगर थाना क्षेत्र में एसआईआर का कार्य में सहायक के तौर पर लगे एक शिक्षामित्र का शव पुलिस ने बुधवार को पवा गांव के कुएं से बरामद किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पवा गांव के एक कुएं से बुधवार को शिक्षामित्र शंकरलाल (49) का शव बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। महोबा की जिलाधिकारी (डीएम) गजल भारद्वाज ने पत्रकारों को बताया कि विधानसभा क्षेत्र महोबा के पवा गांव में दो बूथ 31 और 32 हैं। उन्होंने कहा कि बूथ संख्या 31 में एसएसआर के लिए बीएलओ बृजेंद्र सिंह हैं और उनके सहयोग के लिए शिक्षामित्र शंकरलाल को लगाया गया था। जिलाधिकारी ने बताया कि मृत शिक्षामित्र सोमवार से लापता था, अब तक किसी दबाव या काम के बोझ की सूचना नहीं दी गई थी। उन्होंने कहा कि शव के पोस्टमॉर्टम के लिए एक टीम गठन किया गया है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट एवं पुलिस जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## सिपाही पर हमले के आरोपियों और पुलिस में मुठभेड़, दो आरोपी गोली लगने से घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर** – कुरारा थाना क्षेत्र में पुलिस टीम और सिपाही पर हमला करने वाले आरोपियों के बीच गुरुवार को मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में दो नामजद आरोपियों के पैर में गोली लगने के बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं।

यह मामला मंगलवार रात कुरारा क्षेत्र के उमराहट गांव का है, जहां दो पक्षों के विवाद को शांत कराने पहुंचे हरौलीपुर चौकी पर तैनात सिपाही आशीष मौर्या और एक चौकीदार पर दबंगों ने हमला कर दिया था। आरोपियों ने सिपाही आशीष मौर्या को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई। उन्हें कानपुर रेफर किया गया था, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने इस घटना में 19 नामजद सहित कई अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। गुरुवार को पुलिस टीम आरोपियों



की तलाश में इलाके में दबिश दे रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि आरोपी मनकी रोड पर छिपे हुए हैं। पुलिस के पहुंचते ही आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से आरोपी राज किशोर निषाद (32) और महेंद्र निषाद (44) घायल होकर गिर पड़े, जिन्हें पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। सीओ सदर राजेश कमल ने बताया कि दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरारा में भर्ती कराने के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस शेष आरोपियों की तलाश जारी रखे हुए है।

## संक्षिप्त खबरें

### शादी का झांसा देकर दलित महिला संग किया दुराचार



**बस्ती।** बस्ती जिले के राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग ओ.बी.सी. मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष और जिला प्रभारी राम सुमेर यादव ने पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को 2 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि छावनी थाना क्षेत्र की एक दलित महिला के साथ दुराचार करने के मामले में दोषी के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर न्याय दिलाया जाय।ज्ञापन देने के बाद राम सुमेर यादव ने कहा कि छावनी थाना क्षेत्र की दलित महिला के साथ रामगढ खास तिवारी का पुरवा निवासी अभिषेक पाण्डेय ने शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाया, उसके गर्भवती हो जाने पर दवा खिलवाकर बच्चे का गर्भपात करा दिया और अब जाति सूचक गालियां देकर जान माल की धमकी दे रहे हैं। इसकी सूचना छावनी थाने में पीड़िता ने दिया किन्तु पुलिस न जाने किस दबाव प्रभाव में मुकदमा दर्ज नहीं कर रही है। भारत मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष आर.के. आरतियन ने मांग किया कि मामले में दोषी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा जाय और कलवारी थानाध्यक्ष को निलम्बित कर यहां से स्थानान्तरित किया जाय। यदि ऐसा न हुआ तो बाध्य होकर न्याय की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। डीएम और एसपी को सम्बोधित ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से हृदय गौतम, प्रेमनन्दबंशी, चन्द्र प्रकाश गौतम आदि शामिल रहे।

### ई-रिक्शा को ओवरलोड गन्ना लदे एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें ई-रिक्शा सवार दंपती की मौके पर ही मौत



**बस्ती।** बस्ती जिले मे बुधवार दोपहर नगर थाना क्षेत्र के फुटहिया ओवर ब्रिज के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। शादी समारोह से लौट रहे ई-रिक्शा को ओवरलोड गन्ना लदे एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें ई-रिक्शा सवार दंपती की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में एक बच्चा और एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ई-रिक्शा ओवर ब्रिज से नीचे उतर रहा था, तभी अनियंत्रित ट्रक सीधे रिक्शा पर चढ़ गया। ट्रक पर गन्ने का अत्यधिक वजन होने के कारण ई-रिक्शा बुरी तरह दब गया और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस और फायर विभाग मौके पर पहुंचा। ट्रक को हटाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, जिसके बाद जेसीबी मशीन की मदद ली गई। मृतक दंपती की पहचान कलवारी थाना क्षेत्र के निवासियों के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल बच्चे और बुजुर्ग को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद फुटहिया ओवर ब्रिज क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और काफी देर तक यातायात प्रभावित रहा।

### एसपी ने थाना तुलसीपुर का किया औचक निरीक्षण, साफ-सफाई से लेकर अभिलेखों के अद्यतन पर दिए सख्त निर्देश



**बलरामपुर।** पुलिस व्यवस्था को दुरुस्त रखने और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने गुरुवार को थाना तुलसीपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं का जायजा लेते हुए पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।एसपी ने थाना मालखाना, कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, मिशन शक्ति केंद्र तथा अपराध और त्योहार रजिस्टर सहित आवश्यक अभिलेखों की गहन जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी रिकॉर्ड नियमित रूप से अद्यतन रहें तथा अभिलेखों के रख-रखाव में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। साथ ही दंगा-नियंत्रण उपकरणों की उपलब्धता और उनकी स्थिति की भी जांच की गई।निरीक्षण के पश्चात एसपी ने आरक्षी बैरक, थाना आवास तथा पुलिस मेस का भ्रमण कर साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्यशील माहौल और स्वच्छ परिसर पुलिस बल की कार्यक्षमता को बढ़ाता है।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर डॉ. जितेन्द्र कुमार, प्रभारी निरीक्षक तुलसीपुर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। एसपी के अचानक निरीक्षण से थाना स्टाफ में जमकर हलचल देखी गई।

## मख भूमि के विकास के नाम पर लूटा माननीयों ने चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ द्वारा कराए गये पुत्रेष्ट यज्ञ स्थल की पहचान मिटाने में लगे नेतासल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** मखौडा धाम बस्ती जिले में हरैया तहसील के सबसे प्राचीन स्थानों में से एक है जहां राजा दशरथ ने महर्षि वशिष्ठ की सलाह पर ऋषिश्रिंग की मदद से पुत्रकामेक्षी यज्ञ किया था। ऐसा कहा जाता है कि दशरथ और कौशल्या की बेटी जिनका नाम शांता है, जो ऋषिश्रिंग की पत्नी थीं। जैसा कि अग्नि के निकट यज्ञ के निष्कर्ष, यज्ञकुंडा से बाहर खीर का वर्तन निकला और ऋषिश्रिंग ने दशरथ को खीर का बर्तन दिया, जिससे वह उसे अपनी रानियों के बीच वितरित करने की सलाह दी। कौशल्या ने आधा खीर खा लिया, सुमित्रा ने इसका एक चौथाई खा लिया। कैकेयी ने कुछ खीर खा लिया और और शेष को सुमित्रा को वापस भेज दिया जिसने खीर को दूसरी बार खाया। इस प्रकार




खीर की खपत के बाद राजकुमारों की कल्पना की गई। चूंकि कौशल्या ने राम को जन्म देने वाले सबसे बड़े हिस्से का उपभोग किया था। कैकेयी ने भरत को जन्म दिया। सुमित्रा ने लक्ष्मण और शत्रुघ्न को जन्म दिया। यहाँ पर धार्मिक मंदिर रामरेखा मंदिर भी इस प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थान के समीप है, अमोढ़ा , भारतीय उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में राजा जलीम सिंह के राज्य अमोर (जिसे अमोढ़ा भी कहा जाता है) का स्थान भी है।

**कैसे पहुंचे**

हवाई मार्ग बस्ती जिला सीधे एरोप्लेन सेवा से जुड़ा नहीं है, निकटतम हवाई अड्डा गोरखपुर है जो बस्ती 80 किमी पर है। ट्रेन द्वाराबस्ती शहर मुख्य रेलवे लाइन से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। मुख्य रेल लाइन लखनऊ को गोरखपुर से जोड़ती है। यह लखनऊ से 214 किलोमीटर पर स्थित है। और गोरखपुर से 72 किलोमीटरपर स्थित है। निम्नलिखित रेलगाड़ियां बस्ती के माध्यम से गुजरती हैं: वैशाली एक्सप्रेस, गोरखधम एक्सप्रेस, इंटरसिटी एक्सप्रेस, बाग एक्सप्रेस, शहीद एक्सप्रेस, अवध-असॉम एक्सप्रेस इत्यादि। सड़क के द्वाराचार लेन एनएच -28 बस्ती शहर से जुड़ा हुआ है। लखनऊ से बस्ती वाया फैजाबाद 210 किलोमीटर दूर है। वोल्वो बस सेवाएं यूपीआरटीसी द्वारा इस मार्ग पर मामूली कीमतों पर भी प्रदान की जाती हैं

## प्रधानमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट हर घर स्वच्छ जल का सपना अधूरा रह गया है

### ●अभी तक ग्राम पंचायत में स्वच्छ जल मिलना तो दूर की बात है अभी ग्राम पंचायत में शुद्ध जल देने का सपना टूटता नजर आ रहा है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में हर घर स्वच्छ जल का सपना अधूरा रह गया अभी हर घर जल की सप्लाई नहीं हो पा रही है अभी कार्य योजना पूरी नहीं हो पा रही है जिससे हर घर जल का सपना अधूरा रह गया सरकार द्वारा चलाए गए योजना में करोड़ों की लागत से हर घर जल सप्लाई का सपना अधूरा राजा रहा है ताजा मामला हरैया विकासखंड के छपिया बुजुर्ग ग्राम पंचायत में 2023 में निर्माण शुरू हुए पानी की टंकी अधूरी रह गई जिससे ग्राम पंचायत छपिया में स्वच्छ जल का सपना अधूरा रह गया जबकि 2024 में कार्य पूर्ण दिखाकर स्वच्छ जल मैं 3000लाभान्वित से ऊपर परिवारों को स्वच्छ जल मिल रहा है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही हैं विकासखंड के जिम्मेदार अधिकारी या जिले के जिम्मेदार अधिकारी मेघा कंस्ट्रक्शन द्वारा निर्माण का पूर्ण का बोर्ड लगाकर हर घर स्वच्छ जल का सपना पूरा बोर्ड में दिखाया



जा रहा है अभी तक पानी की टंकी का निर्माण आधार में लटका हुआ है लेकिन जिले के जिम्मेदार अधिकारी आज तक कार्य को देखने की फुर्सत नहीं हो पाई है जिससे ग्रामीणों में स्वच्छ जल नहीं मिल पा रहा है जिससे ग्रामीण और क्षेत्रवासियों में काफी नाराजगी चल रही है जबकि इस मामले की शिकायत कई बार उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया लेकिन कोई जिम्मेदारी से कार्य पूर्ण करने वाले कंस्ट्रक्शन के ठेकेदारों पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है ग्राम पंचायत में आए स्वच्छ जल के धन को बंदर बांट कर दिया गया जिससे ग्रामीणों को मिलने वाला स्वच्छ जल कि आस खत्म नजर आ रही है ग्रामीणों का कहना है की ना तो प्रधान इस मामले पर कोई टिप्पणी करना चाह रहे हैं और ना ही ब्लॉक की जिम्मेदार अधिकारी मामले को संज्ञान ले पा रहे हैं जबकि जिले के मुख्य विकास अधिकारी परियोजना अधिकारी डी पी आरो जिला अधिकारी तथा जलकल विभाग के कोई भी जिम्मेदार अधिकारी आज तक किसी ग्राम पंचायत में जांच करने नहीं पहुंचे की स्वच्छ जल का सपना ग्रामीणों में कैसे पहुंचे तमाम बार शिकायत होने के बाद कोई उच्च अधिकारी निर्माण स्थल तक आने की जह मत नहीं उठाई अगर जांच किया जाए तो हर घर जल का सपना पूर्ण होते नहीं दिखाई दे रहा है प्रधानमंत्री द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छ देने का संकल्प अधूरा रह जा रहा है जनपद के बड़े अधिकारी किसी ग्राम पंचायत में जांच करने की जमात नहीं उठा रहे हैं सरकारी धन का बंदर बात करने में जुटे अधिकारियों को कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है हर घर स्वच्छ एवं शुद्ध शुद्ध जल का सपना अधूरा रह जाएगा सरकार द्वारा दिए गए धन को बटोरने में लगे हुए हैं जिले के जिम्मेदार अधिकारी यहां तक विकास के नाम पर जिले में हर विकासखण्डों में 6040 के रेश्यो में लूट का मामला चल रहा है इस मामले में जिले के जिम्मेदार अधिकारी व्यस्त नजर आ रहे हैं शिकायतकर्ता द्वारा दिए जा रहे शिकायती प्रार्थना पत्र को जिले के अधिकारी कूड़ेदान में डालकर फर्जी रिपोर्ट लगाकर उच्च अधिकारियों को भेज रहे हैं तेज तर्रार जिलाधिकारी महोदय द्वारा विकास कार्यों तथा स्वास्थ्य विभाग के कार्यों का ध्यान नहीं रह गया है जैसे बिना कार्य कारण भुगतान लेना ग्राम प्रधान खंड विकास अधिकारियों की आदत बन गई है उत्तर प्रदेश से भ्रष्टाचार मिटाने का संकल्प लिए माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा उच्च स्तरीय जांच कमेटी बैठक इन भ्रष्टाचारियों पर कारवाई कब होगी।

## घरेलू विवाद बना खूनी संघर्ष छोटे भाई ने बड़े भाई की कुदाल से की हत्या लाश घसीटकर झाड़ियों में फेंकी

### ●प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर की विधिक करवाई



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** जिले के पीपरपुर थाना क्षेत्र के दुर्गापुर डीहवा गांव में गुरुवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे उस समय हड़कंप मच गया जब घरेलू विवाद के चलते छोटे भाई ने बड़े भाई की बेरहमी से हत्या कर दी। अचानक हुई इस वारदात से पूरा गांव दहशत में है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी स्वर्गीय शिवकरन वर्मा के तीन बेटे–राकेश वर्मा, रोहित वर्मा और दिनेश वर्मा हैं। रोहित सूरत में रहता है जबकि राकेश और दिनेश घर पर ही रहते थे। गुरुवार सुबह किसी बात को लेकर दोनों भाइयों में कहासुनी हो गई। विवाद के बाद बड़ा भाई राकेश वर्मा (50) खेत में लगी आलू की पौध की मेड़ बनाने चला गया इसी दौरान छोटे भाई दिनेश वर्मा ने गुस्से में आकर राकेश के हाथ से कुदाल छीन ली और उसके सिर पर कई वार कर दिए। गंभीर चोट लगने से राकेश की मौके पर ही मौत हो गई। हैरान करने वाली बात यह है कि हत्या के बाद भी आरोपी रुका नहीं।

उसने मृतक राकेश के शव को खेत से लगभग 300 मीटर घसीटकर झाड़ियों में फेंक दिया और मौके से फरार हो गया मृतक राकेश की पत्नी का निधन करीब 15 वर्ष पहले हो चुका है। परिवार में उसकी 30 वर्षीय बेटी सोनम वर्मा और लगभग 25 वर्षीय बेटा सोहित वर्मा है। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है और परिजन सदमे में हैं सूचना पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में जानकारी मिली है कि आरोपी दिनेश वर्मा की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है मृतक के छोटे भाई की पत्नी आशा देवी पत्नी स्वर्गीय बृजेश वर्मा द्वारा पुलिस को तहरीर दी गई है। तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सपा ने गणना प्रपत्रों में धांधली की शिकायती पत्र सौंपा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** भारत चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे SIR फार्म गणना प्रपत्र में प्रशासन की तरफ से हो रही घोर लापरवाही और कमियों को लेकर समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव खुर्शीद अहमद खान ने जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थनगर से मिलकर शिकायती पत्र सौंपा तथा जमीनी स्तर पर आ रही कर्मियों को अवगत भी करवाया। शिकायती पत्र के माध्यम से आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोगों का नाम 2003, 2024 और 2025 की वोटर लिस्ट सूची में दर्ज होने के बाद भी गणना प्रपत्र नहीं दिया गया। कही कहीं पर 2003 की वोटर लिस्ट पहले कुछ और क्रमांक का जारी हुआ था बाद में कुछ और सीरियल क्रमांक का जारी होने के कारण लोग अपना सीरियल क्रमांक को लेकर असमंजस की स्थिति है ऐसे में



प्रशासन को ये बताना चाहिए कि कौन सा सीरियल क्रमांक नंबर मान्य है अधिकांश मतदाताओं का स्वयं का नाम उनके मां-बाप, दादा- दादी, नाना- नानी का नाम 2003 के मतदाता सूची में दर्ज है। और गणना प्रपत्र सही भरने के बाद भी बीएलओ द्वारा साइट न खुलने का हवाला देकर ऑप्शन 3 में फॉर्म अपलोड कर दिया है उन फॉर्मो को रे-वेरीफाई करवाया जाए और मतदाताओं को यह बताया जाए कि उसका फॉर्म किन ऑप्शन (कैटेगरी) में भरा गया है जब चुनाव आयोग ने एडिटिंग का ऑप्शन दे दिया है सारे फॉर्मो को एडिटिंग करवाया जाए। जहां अल्पसंख्यक और वंचित तबके के लोगों की आबादी ज्यादा है वहां योजनाबद्ध तरीके से ये किया गया है इसकी जांच भी होनी चाहिए।

ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा दो के जगह एक गणना प्रपत्र दिया जा रहा है और कई जगह पर तो रिसीविंग भी नहीं दी जा रही है जो एक साजिश लग रही है।यह बहुत ही गंभीर मुद्दा है आगे उन्होंने कहा कि मतदाताओं का जो फॉर्म प्रशासन की लापरवाही से गलत ऑप्शन 3 में लोड किया गया है उसे एडिटिंग करके सुधार कर ऑप्शन 1 और 2 में भरा जाए तथा गणना प्रपत्रों का शत प्रतिशत वितरण वी संग्रह सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान सपा यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव सद्दाम हुसैन, सपा युवा नेता रियाज अहमद, सोनू प्रजापति, सरताज अहमद, अनिल कुमार गुप्ता, अशफाक अहमद खान, शमशाद अहमद, मंगल यादव सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

## 03 वारण्टी अभियुक्त अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** थाना कुण्डा के उप निरीक्षक दुर्गेश सिंह मय हमराह म0 का0 प्रिया शुक्ला द्वारा वारण्टी अभियुक्त की तलाश के दौरान मु0न0-1059/2021 राज्य बनाम अमृत लाल आदि धारा 323/504/506 भादवि थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित 03 वारण्टी अभियुक्तों सुधाकर पुत्र अमृत लाल निवासी ग्राम मीरपुर बनोही थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़,अमृत लाल पुत्र रामनाथ निवासी ग्राम मीरपुर बनोही थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ व अभियुक्ता एवं एक अभियुक्ता को थाना कुण्डा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मीरपुर बनोही उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

## बसुआपार में बिना परमिट के सागौन के पेड़ की हुई कटान

### ●अभी एक सप्ताह पहले दुबौलिया में बिना परमिट के नीम के पेड़ की हुई थी कटान, अभी तक नहीं हो पाया है समुचित कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जिले केकप्तानगंज वन रेंज कप्तानगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत बसुआपार में बिना परमिट के सागौन के पेड़ की कटान हुई है । बिना परमिट के सागौन के पेड़ की कटान की सूचना पर कप्तानगंज वन विभाग की टीम पहुंची । कप्तानगंज वन विभाग की टीम ने जांच पड़ताल किया और जांच पड़ताल के बाद सागौन की कटी लकड़ी व लकड़ी काटने की मशीन को



अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई है लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिर लकड़ी ठेकेदार वन विभाग के किस अधिकारियोंकर्मचारियों के सह पर कटान शुरू किया था और मामला तूल पकड़ता देख कप्तानगंज वन विभाग की टीम ने लकड़ी काटने की मशीन को अपने कब्जे में लेकर वन रेंज कप्तानगंज चले आये और लकड़ी ठेकेदार को चेतावनी दिया है कि बिना परमिट के हरे सागौन के पेड़ों की कटान न कराये । यदि पुनः हरे सागौन के पेड़ों की कटान हुई तो लकड़ी ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का चेतावनी भी दी है लेकिन देखना यह है कि वन विभाग कप्तानगंज की टीम लकड़ी ठेकेदार के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्यवाही हो पाती है यह दुबौलिया ब्लाक में बिना परमिट के कटे नीम के पेड़ के मामले की तरह जांच एवं कार्यवाही के नाम पर लीपापोती का सिलसिला जारी रहेगा । सूत्रों की माने तो लकड़ी ठेकेदार बसुआपार में लगभग 03 दर्जन से अधिक हरे सागौन के पेड़ों की कटान के फिराक में था लेकिन मामला सोशल मीडिया पर वायरल होते ही कप्तानगंज वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई और कुछ ही हरे सागौन के पेड़ों की कटान हो पाई है । इस सम्बंध में डीएफओ बस्ती ने कहा कि जांच कराकर लकड़ी ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी यदि जिम्मेदार अधिकरियों कर्मचारियों के द्वारा कार्यवाही में लापरवाही की जाती है तो सम्बंधित अधिकारी / कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई निश्चित रूप से की जायेगी ।

## दरोगा चन्दन बस्ती वासियों को कब तक लगाते रहेंगें चन्दन, जिम्मेदार परेशान

### ●स्थानान्तरित पुलिस कर्मियों को जिम्मेदार नहीं कर रहे रिलीव , विभाग कीहोरहीफजीहतआखिर उच्चाधिकारियों के आदेशों का जनपद में क्यों नहीं हो पा रहा अनुपालन बना चर्चा का विषय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में पुलिस व्यवस्था व्यवस्था को चाक चौबंद व पारदर्शी बनाने हेतु समय - समय पर कर्मचारियों के स्थानान्तरण होते रहते हैं परन्तु कर्मचारी निचले स्तर पर जुगाड़ के सहारे बिना रिलीव हुए अपने पूर्व स्थल पर ही जमा रहे तो इसे आप घोटाला के अलावा और क्या कहेंगें । जनपद के पुलिस विभाग में चल रहे इसी




प्रकार के स्थानान्तरण घोटाले की कलई तब खुल गयी जब स्थानान्तरित पुलिस कर्मी जिले के जिम्मेदारों द्वारा रिलीव नहीं किए गए और पुलिस अधीक्षक जैसे अधिकारी को रिलीविंग हेतु स्मरण पत्र जारी करना पड़ रहा है।पुलिस महानिरीक्षक स्थापना स्तर से जनपद में तैनात पुलिस कर्मियों के स्थानान्तरण आदेश जारी किए गए थे लेकिन कुछ स्थानान्तरित पुलिस कर्मी जनपद में अपनी मजबूत पकड़ के चलते रिलीविंग से बच गए और अभी तक जिले में जमें हैं जिसके चलते अपनी व विभाग की लाज बचाने हेतु बचे स्थानान्तरित पुलिस कर्मियों के रिलीविंग हेतु पुलिस अधीक्षक स्तर से स्मरण पत्र जारी करना पड़ रहा है परन्तु जनपदीय पुलिस की इस प्रकार की कार्य प्रणाली को लेकर जनता द्वारा तमाम प्रश्न दागे जा रहें हैं। लोग कह रहे हैं कि जो बस्ती पुलिस अपने उच्चाधिकारियों के आदेशों की धज्जियाँ उड़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है वह जनता से जुड़े उच्चाधिकारियों के आदेशों का पालन कैसे कराती होगी , सोचनीय विषय जरूर है। लोग यहाँ तक कहने से नहीं चूक रहे हैं कि जनपदीय पुलिस विभाग में इतना बड़ा विषय क्या बिना पुलिस अधीक्षक के जानकारी में छिपाया गया यदि वास्तव में प्रकरण पुलिस अधीक्षक के जानकारी के बिना लंबित रहा तो उनके स्तर से दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही क्यों नहीं की गयी। जनपद से स्थानान्तरित 33 पुलिस कर्मियों की जनपद से रिलीविंग न होना जनपद स्तर से लेकर प्रदेश तक चर्चा का विषय बना हुआ है और जिम्मेदार सहित विभाग की जो फजीहत मची है उसे शब्दों में पिरोया नहीं जा सकता।

## 5100 दीपों से जगमग होगा मां कामाख्या धाम पन्ही - प्रधान जय सिंह

### ●धर्म ,आस्था और विश्वास का केंद्र बिंदु है मां कामाख्या धाम - अभिनाश प्रताप सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाज़ार, अमेठी।** मां कामाख्या धाम पन्हीं में 6 दिसंबर को आयोजित होने वाले द्वितीय दीपोत्सव को भव्य बनाने की तैयारियाँ शुरू हो गई हैं। इस अवसर पर पूरे परिसर में 51 सौ दीप प्रज्वलित कर अलौकिक प्रकाश पर्व का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी ग्राम सभा के प्रधान जयसिंह द्वारा दी गई।आयोजित इस दीपोत्सव का उद्देश्य धाम की आध्यात्मिक महत्ता को पुनः जागृत करना और अधिक से



अधिक श्रद्धालुओं को इससे जोड़ना है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर मंदिर के प्रमुख पुजारी व प्रबंधन समिति लोग मंदिर परिसर पहुंचें व उपस्थित भक्तों के साथ आयोजन की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की। ग्राम प्रधान जय सिंह ने बताया कि अति प्राचीन यह मंदिर मां कामाख्या धाम का स्थल आसपास के कई जनपदों में धर्म आस्था और विश्वास का केंद्र बिंदु है। यहां आने वाले भक्तों को मन वांछित फल की प्राप्ति होती है, सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली जगत जननी मां जगदंबिका का यह धाम क्षेत्र में विशेष आस्था का धाम है। भाजपा सरकार द्वारा धाम का सौंदर्यीकरण कराया गया है। क्षेत्रीय विधायक द्वारा नदी पर पीपे का पुल बनवाया गया है जिससे इस पार व उसे पार के लोगों को आवागमन में सहूलियत होती है, अमेठी के साथ-साथ बाराबंकी के लोगों को भी इस पुल का लाभ मिल रहा है। अनवरत यहां पर कोई ना कोई धार्मिक अनुष्ठान चलता रहता है, और इसी कड़ी में 5100 दीपों से धाम को जगमग किया जाएगा।इस दौरान ग्राम प्रधान जय सिंह, पाली ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अविनाश प्रताप सिंह, सर्वेश सिंह, संदीप शुक्ला, अभय राजा बाबू, महेंद्र सिंह सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## एस आई आर फीडिंग विकासखंड तुलसीपुर पहुँचे, 95% अक्षय कार्य पूरा करने वाली टीम को मिलेगा सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर/**महराजगंज तराई विकासखंड तुलसीपुर में आज उस समय उत्साह का माहौल दिखा जब एस आई आर फीडिंग टीम द्वारा क्षेत्र का भ्रमण कर 95% अक्षय कार्य पूरा करने वाले ब्लॉक कर्मियों का हौसला बढ़ाया गया। ब्लॉक में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए एस आई आर फीडिंग टीम ने पंचायत स्तर पर की जा रही प्रगति को उत्कृष्ट बताया। इस अवसर पर पंचायत सचिव कृपा शंकर तिवारी, श्यामलाल, मीनाक्षी राव, दिनेश कुमार, अनिल कुमार द्वितीय सहित पूरी टीम की कार्यशैली और समयबद्ध निष्पादन की सराहना की गई। टीम के सदस्यों ने बताया कि विकासखंड में अक्षय कार्यों की गति प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ श्रेणी में आंकी जा रही है, जिसका श्रेय क्षेत्र के कर्मठ सचिवों और पंचायत कर्मियों को जाता है। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने घोषणा की कि विकास कार्यों को ईमानदारी और जिम्मेदारी से आगे बढ़ाने




वाली इस पूरी टीम को जल्द ही सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह की तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी, जिसमें पंचायत कर्मियों के उत्तम कार्यों को सार्वजनिक रूप से रेखांकित किया जाएगा। एस आई आर फीडिंग प्रतिनिधियों ने कहा कि तुलसीपुर ब्लॉक में पारदर्शिता, कार्यकुशलता और जनहित को प्राथमिकता देते हुए जो उपलब्धि हासिल की गई है, वह अन्य ब्लॉकों के लिए प्रेरणा बनेगी। टीम ने आगे भी इसी गति और समर्पण के साथ विकास कार्य जारी रखने का आह्वान किया। क्षेत्र में इस पहल को लेकर लोगों में सकारात्मक चर्चा है और आगामी सम्मान समारोह को लेकर उत्सुकता भी दिखाई दे रही है।

## एस एस बी जवानो और छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

### पचपेड़वा के भगवान पुर कोडर में स्वच्छ भारत का संदेश दिया

**बलरामपुर**–विकास खंड पचपेडवा के भगवान पुर कोडर में 9वी वाहिनी सशस्त्र सीम बल (ssb ) के जवानो और स्कूली छात्राओं ने एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया यह पहल स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आयोजित की गयी, जिसका उद्देश्य बच्चों और नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरुकता बढाना और सामुहिक जिम्मेदारी का भाव विकसित करना था, अभियान की सुरुवात विद्यालय परिसर से हुई ,जहां जवानो एवं छात्रों ने मिलकर कक्ष प्रांगण और खेल मैदान की साफ सफाई की इसके उपरांत आस पास के मार्गो एवं सार्वजनिक स्थलो की और गांव की साफ सफाई की, इसके बाद आस पास के मार्गो सार्वजनिक स्थलों और गांव की गलियों में स्वच्छता अभियान चलया गया, इस दौरान विद्यार्थियों को साफ सफाई के महत्व, गंदगी से होने वाली बीमारियों और स्वच्छ पर्यावरण के लाभो के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।

## ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति की नई कार्यकारिणी गठित

### ●विवेक कुमार बने अध्यक्ष, दिलीप कुमार पाण्डेय को मिली महामंत्री की जिम्मेदारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लॉक सभागार में गुरुवार को ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध चयनित किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में शिव अजोर यादव को संरक्षक, विवेक कुशवाहा को ब्लॉक अध्यक्ष, जबकि दिलीप कुमार पाण्डेय को महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा रविंद्र सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अमित तिवारी कोषाध्यक्ष, अतुल सिंह व राहुल सिंह उपाध्यक्ष, तथा नीरज तिवारी को संप्रेक्षक नामित



किए गए।इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष विवेक कुशवाहा ने कहा कि सर्वसम्मति से हमें अध्यक्ष नामित किया है इसके लिए सबका बहुत-बहुत आभार और ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति पर किसी भी तरह की कोई समस्या आने पर उसका आपस में बैठकर निराकरण किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो विरोधात्मक रुख भी अपनाया जाएगा। संगठन के प्रति हमेशा पूरी निष्ठा के साथ समर्पित रहूंगा। बैठक में संगठन को मजबूत करने और विकास कार्यों को गति देने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान हरीराम चौधरी, प्रतीक रावत, प्रशांत यादव, प्रभाकर सोनी सहित कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## सत्संग मानसिक उन्नति का सोपान है : पं. झिलमिल जी महाराज



**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के ऐहार गांव स्थित सुप्रसिद्ध बाल्हेश्वर मंदिर के पास चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ रही। कथा व्यास पं. झिलमिल महाराज ने दिति कश्यप प्रसंग और भगवान के बाराह अवतार की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि भगवान ने लोभ का नाश करने के लिए बाराह अवतार लिया। हिरण्याक्ष लोभ का प्रतीक है। लोभ मनुष्य का बड़ा शत्रु होता है। यही लोभ मनुष्य में पाप की जड़ बनता है। पं. झिलमिल महाराज ने कहा कि मन इंद्रियों का सबसे बड़ा संचालक है। मन भगवान की भक्ति में लग जाए तो मोक्ष मिलता है। यदि मन भोग में पड़ जाए तो पतन सुनिश्चित है। उन्होंने बताया कि गीता में भगवान कृष्ण भी अर्जुन से कहते हैं कि मन ही बंधन और मन ही मोक्ष का कारण है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा और सत्संग से जीवन में शांति और आनंद मिलता है। इस मौके पर घनश्याम सोनी, शांति भूषण शुक्ला, सुमन मिश्रा, रिंकू तिवारी, संजू महाराज, विकास मिश्रा, टेनी महाराज, अर्जुन तिवारी, देशराज वर्मा, शिवबरन कुशवाहा और रविंद्र भारद्वाज सहित अनेक श्रोता मौजूद रहे।

## कंपोजिट विद्यालय नेवादा देवमन में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का आयोजन

**किसी भी तरह की कोई दिक्कत हो तुरंत उपचार के लिए हॉस्पिटल आएं उचित इलाज किया जाएगा..डॉक्टर विजय सिंह**



**खैराबाद (सीतापुर)** संकुल धरैंचा के कंपोजिट विद्यालय नेवादा देवमन में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैराबाद से बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु डॉक्टर विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में चिकित्सा टीम द्वारा बच्चों का बड़ी बारीकी से परीक्षण किया गया इस अवसर पर प्राथमिक के 22 तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय के 60 बच्चों का परीक्षण किया गया, इस प्रकार कुल 82 बच्चों की जांच की गई जिसमें तीन बच्चों को रेफर किया गया टीम का कार्य बहुत अच्छा रहा बच्चों की नाप, वज़न,आंखों की जांच, दांतों की जांच तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जांच की गई अभिभावकों ने टीम के कार्य को काफी सराहा। प्रधानाध्यापक काज़िम हुसैन ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान अभिभावकों के द्वारा दिया नहीं जाता है जिसकी वजह से बच्चों में कोई न कोई बीमारी बनी रहती है इस लिए इनका नियमित परीक्षण होना चाहिए।स्वास्थ्य टीम में डॉक्टर विजय सिंह, डॉक्टर शिवानी टंडन, स्टाफ नर्स जया तिवारी तथा शिक्षक स्टाफ में शशी शुक्ला,आरफा खातून,हुदा अमरीन आदि उपस्थित थीं स्वास्थ्य टीम ने अभिभावकों को भरोसा दिलाया कि यदि कोई समस्या यानी बीमारी हो तो उसके लिए तुरन्त सरकारी अस्पताल आएं वहां उचित वा समुचित इलाज किया जाएगा, बिना योग्यता वाले फर्जी डॉक्टरों से इलाज न कराएं क्योंकि इनसे इलाज कराना एक नई बीमारी को निमंत्रण देना होगा।

## दिल्ली रोड का होगा चौड़ीकरण, शासन ने दी स्वीकृति... टेंडर भी जारी

**मेरठ।** बेगमपुल से फुटबाल चौक तक अतिव्यस्त सड़क दिल्ली रोड के चौड़ीकरण को शासन ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। लोक निर्माण विभाग ने सड़क के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए टेंडर जारी कर दिया है। इस कार्य योजना में बेगमपुल से फुटबाल चौक तक दिल्ली रोड की लंबाई 2650 मीटर लंबाई शामिल की गई है। इसकी लागत 11.51 करोड़ है। इस धनराशि में सड़क की वर्तमान चौड़ाई सात मीटर (एक तरफ) को बढ़ाकर 8 से 8.50 मीटर तक किया जाएगा। इसके साथ ही सड़क के दोनों तरफ नाले को कवर करते हुए इंटरलाकिंग टाइल्स भी लगाई जाएंगी। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि चयनित कंपनी के साथ अनुबंध तैयार कर शीघ्र निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

**फुटबाल चौक से बाईपास तक चौड़ीकरण को हरी झंडी**

फुटबाल चौक से बाइपास तक बागपत रोड के चौड़ीकरण को शासन ने हरी झंडी दे दी है। दोनों तरफ एक से डेढ़ मीटर बढ़ाते हुए सड़क का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इसमें सड़क की चौड़ाई 14 मीटर (दोनों तरफ) को बढ़ाकर 17 मीटर तक कर दिया जाएगा। इसमें शासन ने अनुमोदन प्राप्त होने के बाद अब टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस निर्माण कार्य की लागत 15.76 करोड़ है।

# लोहे की रॉड से किया अधिवक्ता पर हमला, विपक्षी की तहरीर लिखने पर हुई मारपीट, चार भाईयों के खिलाफ केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की देर रात अधिवक्ता पर हुए हमले से हड़कंप मच गया। आरोप है कि अधिवक्ता शुभम शर्मा पर क्षेत्र के ही कुछ दबंगों ने लाठी और लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया हमले में अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने संजय, राजू, दीपक और धर्मेंद्र पुत्रगण महेश पर हमले का आरोप लगाया है। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है जिसमें अधिवक्ता पर किए गए हमले के दृश्य स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। अधिवक्ता शुभम शर्मा ने बुधवार को थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि विपक्षी पक्ष की तहरीर लिखने को लेकर विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर आरोपितों ने पहले बहस की और बाद में उनपर हमला बोल दिया अचानक हुए हमले से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया स्थानीय लोगों ने किसी तरह उन्हें बचाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के अधिवक्ताओं में रोष फैल गया। वकीलों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सीओ मिश्रिख से मुलाकात कर आरोपितों पर सख्त कार्रवाई की मांग की वकीलों ने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षित नहीं रहेंगे तो आमजन की न्यायिक सहायता प्रभावित होगी। उन्होंने पुलिस से हमलावरों की तत्काल गिरफ्तारी और मुकदमे को गंभीर धाराओं में दर्ज करने की अपील की। सीओ मिश्रिख ने आश्वासन देते हुए कहा कि मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी उनके निर्देश पर पुलिस ने चारों नामजद आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है पुलिस टीम आरोपितों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है!!

## फर्जी ऑनलाइन भुगतान का मैसेज दिखाकर धोखाधड़ी की कोशिश




**● निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर सम्पन्न**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे की मेन रोड स्थित पोस्ट ऑफिस के पास गुरुवार सुबह दुकानदारों ने एक युवक को संदिग्ध गतिविधियों के कारण पकड़ लिया। आरोप है कि वह दुकानदारों को ऑनलाइन पेमेंट का फर्जी मैसेज दिखाकर ठगने की कोशिश कर रहा था।जानकारी के अनुसार, युवक सद्दाम की दुकान पर स्मार्ट वॉच खरीदने पहुंचा।

खरीदारी के दौरान उसने 500 रुपये ऑनलाइन भुगतान करने का दावा करते हुए दुकानदार को अपने मोबाइल पर भुगतान सफल होने जैसा मैसेज दिखाया। हालांकि दुकान में लगे क्यूआर स्कैनर में भुगतान की पुष्टि करने वाली आवाज नहीं आई, जिससे दुकानदार को शक हुआ और उसने युवक को रोक लिया।शोर सुनकर आसपास के कई अन्य दुकानदार भी मौके पर पहुंच गए। कुछ दुकानदारों ने बताया कि युवक इससे पहले भी कई दुकानों पर इसी तरीके से फर्जी भुगतान दिखाकर धोखाधड़ी कर चुका है। एक दुकानदार का कहना है कि कुछ दिन पहले आरोपी ने उसके साथ 1800 रुपये की ठगी की थी और मौके से फरार हो गया था।

## पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक द्वारा थाना ऊंज के मिशन शक्ति केंद्र का किया गया निरीक्षण

**भदोही** आज दिनांक 04.12.2025 को अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा थाना ऊंज के मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण कर संबंधित रजिस्टरों को चेक किया गया। जिसमें महिला हेल्प डेस्क, महिला बीट अधिकारियों, महिला हेल्पलाइन नंबर (1090, 181, 112) की कार्यप्रणाली तथा आने वाली महिला शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया कि मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन से जुड़ी योजनाओं को और प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए तथा प्रत्येक महिला फरियादी की शिकायत को संवेदनशीलता से लिया जाय और पीड़ित महिलाओं का 360 डिग्री काउंसिलिंग किया जाए एवं प्राथमिकता के आधार पर उनकी समस्याओं को निस्तारित किया जाए।

## पाली हाउस सत्यापन, उच्च गुणवत्ता वाली सब्जी उत्पादन को मिलेगा बढ़ावा

**रायबरेली।** जिला उद्यान अधिकारी जयराम वर्मा ने बताया है कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत जिले के विकास खंड बछरावां स्थित ग्राम सुदौली में कृषक नृपेंद्र प्रताप राज सिंह के प्रक्षेत्र पर 2000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में निर्मित पाली हाउस का सत्यापन उपनिदेशक उद्यान, लखनऊ मंडल की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया गया। पाली हाउस निर्माण पर कुल लागत 21.60 लाख व्यय की गई है, जिसमें योजना प्रावधान के अनुसार इकाई लागत का 50% अर्थात 10.80 लाख का अनुदान देय होगा। इस पाली हाउस में आधुनिक तकनीक के माध्यम से टमाटर की उच्च गुणवत्ता वाली खेती की जा रही है, जिससे उत्पादन वृद्धि के साथ ही किसानों की आय में भी उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी की संभावना है। सत्यापन के दौरान सहायक अभियंता लघु सिंचाई विभाग, प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक, जिला उद्यान अधिकारी रायबरेली, प्रभारी विकासखंड, योजना प्रभारी एवं लाभार्थी कृषक नृपेंद्र प्रताप राज सिंह उपस्थित रहे। उद्यान विभाग द्वारा बताया गया कि आधुनिक तकनीक आधारित संरक्षित खेती से जनपद में बागवानी उत्पादों की गुणवत्ता एवं उत्पादकता में वृद्धि होगी, जिससे किसानों को बाजार में बेहतर मूल्य प्राप्त होगा तथा कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस की बैठक, बीएलओ की लापरवाही पर नाराजगी




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के नई बाजार मोहल्ला में बृहस्पतिवार को विशेष प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश के दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री व कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र शर्मा ने की।उन्होंने कहा कि मतदाता सूची सुधार अभियान में संगठन के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को मिलकर लोगों के नाम जुड़वाने में मदद करनी चाहिए। गांव, मोहल्लों और वार्डों में समय पर कार्य पूरा करना बड़ी चुनौती है।श्री शर्मा ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान पता चला है कि कई बीएलओ न तो मतदाताओं को डबल फॉर्म दे रहे हैं और न ही पावती रसीद उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में ऑनलाइन या मोबाइल से पंजीकरण करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बिना प्रशिक्षण पाए कर्मचारियों को जिम्मेदारी देना सरकार की लापरवाही दर्शाता है, जो चुनाव आयोग की कार्यशैली पर भी सवाल खड़ा करता है।बैठक में नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रतीक शर्मा ने आभार व्यक्त किया, जबकि संचालन उपाध्यक्ष रोहित उर्फ लाला सोनी ने किया। जिला कोषाध्यक्ष दीपेंद्र गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष महेश प्रसाद शर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मिश्रा सहित कई पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखे।

# खाद गड्ढों पर अतिक्रमण की शिकायत दो महीने से लंबित, राजस्व विभाग मौन

**● राजस्व विभाग की लापरवाही से ग्रामीण परेशान, किसान फॉर्मा और एसआईआर के नाम पर टालमटोल का आरोप**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** आदर्श ग्राम पंचायत ऐहार में खाद गड्ढों पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों द्वारा दी गई शिकायत दो महीने से लंबित पड़ी है। 8 अक्टूबर को एसडीएम डलमऊ को लिखित रूप में आवेदन देकर ग्रामीणों ने खाद गड्ढों की पैमाइश कर अतिक्रमण हटाने की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि हल्का लेखपाल और कानूनगो मामले को लेकर लगातार टालमटोल कर रहे हैं। कभी किसान फॉर्मा तो कभी एसआईआर की मांग कर प्रकरण को आगे नहीं बढ़ाया जा रहा है।इसी बीच गांव में अन्य स्थानों पर पैमाइश नियमित रूप से की गई, जिससे ग्रामीणों में और अधिक नाराजगी बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है और प्रशासन द्वारा समय पर कार्रवाई न करने से विवाद गहराता जा रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द पैमाइश कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू नहीं की गई तो वे उच्चाधिकारियों से शिकायत के साथ आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

# नारी जगत के सच्चे मसीहा: बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में भारत की आधी आबादी यानी नारी शक्ति को सदियों से जाति और पितृसत्ता की दोहरी गुलामी में रखा गया था। इस गुलामी की जंजीरें तोड़ने वाले महामानव कोई और नहीं, परम पूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर थे। वे नारी मुक्ति के सबसे बड़े योद्धा और सच्चे मसीहा हैं। जातिवादी और मनुवादी इतिहासकारों ने पहले बाबासाहेब को इतिहास से ही गायब करने की कोशिश की। जब मान्यवर कांशीराम साहेब और बहन मायावती जी के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी ने बाबासाहेब को जन-जन तक पहुँचाया, तब इन लोगों ने नया षड्यंत्र रचा। अब वे बाबासाहेब को सिर्फ 'दलितों के मसीहा' बताकर उनका कद छोटा करने पर तुले हैं। लेकिन सच यह है कि बाबासाहेब सिर्फ दलितों के नहीं, समूची भारतीय नारी जाति के मुक्तिदाता हैं। आधुनिक भारत के राष्ट्रपिता हैं। बाबासाहेब ने नारी को कभी संकुचित दायरे में नहीं देखा। उन्होंने साफ कहा था, 'मैं समाज की उन्नति महिलाओं की उन्नति से मापता हूँ।' इसलिए उन्होंने हर क्षेत्र में नारी को बराबरी का हक दिलाने का काम किया। सबसे बड़ा काम किया हिंदू कोड बिल के जरिए। इसमें बेटियों को बेटों के बराबर पैतृक संपत्ति का अधिकार, तलाक का अधिकार, अंतरजातीय विवाह को मान्यता और बहुपत्नी प्रथा पर रोक जैसी क्रांतिकारी बातें थीं। उस समय के रूढ़िवादी लोग इतना डर गए कि नेहरू सरकार को भी पीछे हटना पड़ा और बाबासाहेब को मंत्री पद छोड़ना पड़ा। लेकिन बाबासाहेब नहीं रुके। बाद में यही हिंदू कोड बिल टुकड़ों में पास हुआ और आज हर बेटी को जो संपत्ति में हिस्सा मिलता है, उसकी नींव बाबासाहेब ने रखी। भारतीय संविधान में भी बाबासाहेब ने नारी को मजबूत अधिकार दिए। अनुच्छेद 14, 15, 16 के जरिए लैंगिक समानता की गारंटी दी।

महिलाओं-बच्चों के लिए विशेष कानून बनाने का अधिकार दिया। सबसे बड़ी बात-भारत में महिलाओं को इंग्लैंड और अमेरिका से पहले ही वोट का अधिकार मिला, यह बाबासाहेब की दूरदर्शिता थी। श्रमिक महिलाओं की रक्षा के लिए बाबासाहेब ने मातृत्व लाभ कानून, खदानों में महिलाओं की सुरक्षा और प्रसूति अवकाश की व्यवस्था करवाई। बाल विवाह, देवदासी प्रथा और विधवा उत्पीड़न जैसी कुरीतियों पर भी उन्होंने करारा प्रहार किया। बाबा साहेब ने बच्चियों की शिक्षा पर सबसे ज्यादा जोर दिया। उन्होंने कहा




था- 'नारी को शिक्षित करो, ताकि वह गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल सके।' सैकड़ों बहुजन-दलित बेटियों को उन्होंने छात्रवृत्ति और हॉस्टल दिलवाए। आज जब नारी सशक्तीकरण की बात होती है, तो कुछ लोग अपने नाम का डंका पीटते हैं, लेकिन असली हकदार बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर का नाम जान-बूझकर दबाया जाता है। याद रखिए-जिस दिन आपने वोट डाला, संपत्ति में हिस्सा लिया, नौकरी की, अपना जीवनसाथी चुना-उस हर खुशी के पीछे बाबा साहेब का हाथ है। बाबासाहेब न दलितों के अकेले मसीहा हैं, न सिर्फ बहुजनों के। वे भारत की हर बेटी, हर माँ, हर बहन के सच्चे मुक्तिदाता और नारी जगत के सबसे बड़े मसीहा हैं। भारत के राष्ट्र निर्माता हैं।

# महिला ने तेजाब पीकर दी जान मासूम बच्चे के सिर से उठा मां का साया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के कमलापुर थाना क्षेत्र के शिवपुरी गांव में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब घरेलू विवाद से क्षुब्ध एक महिला ने कथित तौर पर बैटरी में भरा तेजाब पीकर जान दे दी। परिजनों द्वारा आनन-फानन में अस्पताल ले जाए जाने के बावजूद महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। विवाहिता की मौत के बाद मासूम बच्चे के सिर से मां का साया उठ गया है। जानकारी के मुताबिक, गांव निवासी 25 वर्षीय संगीता का विवाह करीब 5 वर्ष पूर्व विमलेश के साथ हुआ था बताया जाता है कि बुधवार देर रात पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। परिजनों के अनुसार रात में विवाद बढ़ा, लेकिन मामला शांत हो गया। इसके बाद गुरुवार सुबह पति विमलेश खेत पर काम करने के लिए चला गया इसी दौरान संगीता ने घर में रखी बैटरी से तेज़ाब निकालकर पी लिया परिवार के सदस्यों को जब महिला की हालत बिगड़ती दिखाई दी तो उन्होंने तत्काल उसे नजदीकी अस्पताल पहुंचाया डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत होने के चलते उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान संगीता की मौत हो गई चिकित्सकों के मुताबिक तेज़ाब के सेवन से महिला के आंतरिक अंग बुरी तरह झुलस गए थे, जिससे उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। घटना की जानकारी मिलते ही कमलापुर थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक पूछताछ की पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि की जाएगी। फिलहाल प्रथम दृष्टया मामला घरेलू विवाद से उपजे तनाव में आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है!!

## थाना श्रीदत्तगंज में क्षेत्राधिकारी उतरौला ने किया अर्धवार्षिक निरीक्षण, अभिलेख अद्यतन और अपराध नियंत्रण पर दिए कड़े निर्देश

**बलरामपुर उतरौला।** क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह ने गुरुवार को थाना श्रीदत्तगंज का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मालखाना रजिस्टर, हवालात व्यवस्था, सीसीटीएनएस कार्यालय, मिशन शक्ति केंद्र, साइबर हेल्प डेस्क, आरक्षी बैरक तथा भोजनालय सहित सभी प्रमुख इकाइयों का विस्तृत निरीक्षण किया। सीओ ने अपराध, ग्राम अपराध, एचएस निगरानी, त्योहार एवं आगंतुक रजिस्टर सहित विभिन्न अभिलेखों की जांच कर उन्हें नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए। थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए उन्होंने साफ-सफाई और सुव्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने पुलिसकर्मियों को ग्राम प्रहरियों के सहयोग से क्षेत्र के सक्रिय अपराधियों, संदिग्ध व्यक्तियों एवं छोटी से छोटी घटनाओं की लाभप्रद सूचनाएं एकत्र कर सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध निस्तारण, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, रात्रि चेकिंग को प्रभावी बनाने तथा अपराधियों के भौतिक सत्यापन पर जोर दिया। सीओ ने अवैध शराब, मादक पदार्थों की तस्करी एवं महिला संबंधी अपराधों पर तुरंत और सख्त कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष अविरल शुक्ला सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# आज सीतापुर में ईपास मसीने जमा करके अपनी मांगों को लेकर कोटेदार करेंगे विशाल प्रदर्शन

**● कोटेदारों की समस्याओं को लेकर आल इंडियन फेयर प्राइस शॉप डीलर एशोसिएशन के पदाधिकारियों के द्वारा ईपास मसीने जमा करके करेगे प्रदर्शन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** जनपद के सभी तहसीलों के कोटेदार 5 दिसम्बर को जिले के जिला पूर्ति अधिकारी कार्यलय पर अपनी ईपास मसीने जमा करके विशाल प्रदर्शन करगे।प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह ने प्रदेश कार्यलय वर्मी तहसील मिश्रिख जिला सीतापुर के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि समस्त प्रदेश पदाधिकारी,मंडल पदाधिकारी, अध्यक्ष प्रदेश एवम अध्यक्ष द्वारा और अन्य संगठनों से समन्वय बनाते हुए कार्य क्रम की रूपरेखा तैयार की गई है।सभी पदाधिकारी अपने जिला में पदाधिकारी और राशन विक्रेता बंधुओं के साथ 5 दिसंबर 2025 को प्रदेश के समस्त जिलों में मौजूद जिलापूर्ति अधिकारी, जिलाधिकारी या उनकी गैर मौजूदगी में जो भी अधिनिस्थ अधिकारी मौजूद हो उनको ज्ञापन के माध्यम से अपनी मांगे प्रेषित की जाएगी।संगठन की लड़ाई पूर्व की मांगो के सापेक्ष 200 रुपया प्रति कुंतल लाभांश या मिनिमम गारंटी आय 20000 रुपए गुजरात की तर्ज पर सरकार देना सुनिश्चित करे। अन्यथा धरना- प्रदर्शन और विधान सभा का घेराव सभी की उपस्थिति में किया जाएगा। खाद्य आयुक्त को सूचना ईमेल और डाक द्वारा रजिस्ट्री भेज कर की जा चुकी है ।उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री को चाहिए संगठन के प्रतिनिध मंडल को बुलाकर वार्ता करे और लाभांश एवं समस्याओं से अवगत होते हुए निर्णय लेने का कार्य करे अन्यथा सरकार के खिलाफ संघर्ष का विगुल बजा दिया जाएगा। कोटेदारों का यह अनवरत संघर्ष जारी रहेगा जब तक वार्ता नहीं होती कोटेदारों की लड़ाई जारी रहेगी।इसी क्रम में प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष सीतापुर रामलखन सिंह यादव, विजय पाल वर्मा संगठन मंत्री, विशाल रस्तोगी जिला महासचिव, कमलेश मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, राकेश सिंह, आलोक मिश्रा, केशवराम, सुधीर मिश्रा, जय नारायण पांडेय, भानु सिंह, जय नारायण सिंह, नसीम, त्रिभुवन बर्मा, सुरेंद्र यादव, विजय वर्मा, अजय वर्मा, संतराम, हनुमान प्रसाद, कयूम खां, नंदलाल आदि कोटेदार बंधु उपस्थित रहेंगे।

## नगर तंबौर में जलसा इस्लाहे मुआशरा का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तम्बौर सीतापुर/**कस्बे में स्थित पानी की टँकी के नीचे बुधवार की रात जलसा इस्लाहे मुआशरा का आयोजन किया गया। इस मौके पर बाहर से आए उलेमा एकरामों ने मुसलमानों से अल्लाह और उसके रसूलों के बताए रास्ते पर चलने की अपील की। उलेमा एकरामों ने अपनी तकरीर में शिक्षा पर जोर दिया और समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने की बात कही। जलसा में मुख्य अतिथि के रूप में मेरठ से आए हजरत मौलाना मो0 खालिद साहब मौजूद थे। वही जलसे की सदारत हाफिज मो0 अतीक ने की, व जलसे की निजामत मुफ़्ती मो0 रहिक हनफ़ी ने की। जलसे की शुरूआत कारी सुमामा इलाहाबादी ने तिलावत कुरआन पाक से किया। इसके बाद हाफिज अमीरुल हसन, कारी ज़ीशान जहांगीराबादी व तारीख जमील कन्नौजी ने हुजूर के सामने एक से बढ़कर एक नात पाक पेश किया। अपनी तकरीर में हजरत मौलाना ख़ालिद साहब ने कहा कि समाज में कई कुरीतियां व्याप्त हैं। इसका प्रमुख कारण शिक्षा की कमी है। लोग दिनी दुनियावी तालीम हासिल करेंगे तो कुरीतियां खुद बा खुद दूर होंगी और समाज आगे बढ़ेगा। खालिद साहब ने कहा कि इस्लाम में दहेज लेना और देना हराम है। लोग इससे परहेज करें। मौलाना अखलाक ने



कहा कि इस्लाम में हर मर्द औरत को इल्म सीखना फर्ज करार दिया गया है। लोग शिक्षा के मामले में जागरूक हों और बेहतर शिक्षा हासिल करें। मौलाना तौफीक साहब ने महिलाओं की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि महिलाएं अच्छी से अच्छी तालीम हासिल करें। अगर महिलाएं शिक्षित होंगी तो हमारा समाज तेजी से आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर अबुल खैर नदवी, कारी परवेज़, कारी तनवीर, मौलाना अबुल हसन, मौलाना मो0 अनस, मौलाना नूर आलम, कारी बिलाल, कारी अब्दुल हलीम, कारी लुकमान कमर, कारी सहाबुद्दीन, मौलाना ताहिर, ने भी अपने कलाम पेस किए वही इस जलसे को कामयाब बनाने में हाफिज हस्सान असरफ, हाफिज मो0 गुफरान नूरी, हाफिज मो0 कैफ नूरी, हाफिज खुर्शीद आलम, कारी शाबान फुरकानी, मो0 कामिल, हाफिज मो0 शादाब, मो0 शाबान मंसूरी, मो0 तुफैल गौरी, मो0 अदनान ने कड़ी मेहनत की जिससे जलसा कामयाब हो सका।

## SIR को लेकर सपा ने बूथ प्रहरी उतारे जिलाध्यक्ष ने दिया जीत का मंत्र, बोले- लड़ाई उनसे जो है जो बहुत ही चालाक हैं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीतापुर** जनपद सीतापुर में समाजवादी पार्टी द्वारा बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से गुरुवार को पीडीए प्रहरियों को शपथ दिलाई गई कार्यक्रम में सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष शिवम सिंह ने प्रहरियों को बूथ पर सक्रिय रहने, मतदाताओं को जागरूक करने और चुनाव के दौरान कथित षड्यंत्रों को विफल करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मुकाबले में जिनसे लड़ाई है, वे 'चालाक और होशियार' लोग हैं, इसलिए कार्यकर्ताओं को सतर्क रहकर अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी इस दौरान पीडीए प्रहरियों को बूथ प्रबंधन, मतदाता संपर्क तथा सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए गए। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि हर बूथ पर नियुक्त प्रहरी मतदाता सूची, बूथ संरचना और अपने क्षेत्र की समस्याओं पर लगातार नजर रखें। इसके साथ ही युवाओं को संगठन से जोड़ने और घर-घर संपर्क अभियान को गति देने पर भी जोर दिया गया कार्यक्रम में छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने लोगों से स्ढ्ढक्रफॉर्म भरने की अपील की। जिलाध्यक्ष शिवम सिंह ने कहा कि स्ढ्ढक्र फॉर्म के माध्यम से संगठन लोगों की समस्याओं, शिकायतों और सुझावों को सीधे पार्टी तक पहुंचा पाएगा, जिससे बूथ स्तर पर मजबूत नेटवर्क तैयार होगा उन्होंने प्रहरियों से कहा कि वे गांव-गांव और मोहल्लों में जाकर लोगों को फॉर्म भरने के लिए प्रेरित करें और जागरूकता अभियान को तेज करें। सपा नेताओं का कहना है कि बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाना आगामी चुनावों की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है पीडीए प्रहरियों की तैनाती का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक बूथ पर पार्टी की मजबूत उपस्थिति रहे और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना को समय रहते रोका जा सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र सभा कार्यकर्ता और स्थानीय पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर बूथ सशक्तिकरण मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया!!

# इंसानियत गुम, व्यवस्था मौन– फिर हुआ एक कैदी फरार

**[ कैदी भागा नहीं, असंवेदनशीलता ने धक्का दिया ]**
**[ कैदी, पुलिस और सिस्टम — कहानी सवालों की, जवाबों की नहीं ]**



इंदौर मप्र के एमवाय अस्पताल से कैदी विशाल का फिल्मी अंदाज़ में फरार होना भले ही सनसनीखेज़ लगे, लेकिन इसकी परतें हमारे सिस्टम की गहरी टूट-फूट को साफ़ उजागर करती हैं। इंदौर जिला अदालत से फरार कैदी विशाल की ओर से आत्मसमर्पण के लिए आवेदन दिया गया जिसमें फरार कैदी विशाल की ओर से बताया – 'इलाज के दौरान मेरी पत्नी मिलने आई थी, लेकिन पुलिस ने मिलने नहीं दिया। उल्टा अपशब्द कहकर भगा दिया। उसी अपमान और आहत मन से 'पुलिस को सबक सिखाने' की ठानकर मैं भागा।' उसकी यह बात केवल एक कैदी की व्यथा नहीं, बल्कि उस संवेदनहीन व्यवस्था का प्रतिबिंब है जो इंसानी भावनाओं को अक्सर प्रक्रियाओं और कठोरता के नीचे दबा देती है। हालाँकि, सच्चाई कई परतों में दबी होती है–उसका कथन कितना सही है, यह तो जाँच के बाद ही स्पष्ट होगा अस्पताल में इलाज के दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा उसे पत्नी से मिलने से रोकना और उस पर अभद्र भाषा का प्रयोग करना–यह आरोप चौंकाने से ज़्यादा चिंतित करता है। हमारे समाज में अक्सर यह गलत धारणा देखी जाती है कि कैदी होने का मतलब सारे अधिकार खो देना है। जबकि कानून व्यक्ति की स्वतंत्रता सीमित करता है, उसकी इंसानियत या सम्मान नहीं। यदि पुलिस इस मूलभूत अंतर को समझने में ही असफल रहे, तो खोट कानून में नहीं, उसके रखवालों की सोच में है। ऐसी सोच न सिर्फ व्यवस्था को कलंकित करती है, बल्कि यह बताती है कि कहीं न कहीं वर्दी का कठोरपन मन की संवेदनाओं पर भारी पड़ चुका है। क्या हमारी पुलिस को यह बुनियादी मानवीय फर्क समझाने का, संवेदनशीलता सिखाने का, और अधिकारों की मर्यादा समझाने का पर्याप्त प्रशिक्षण मिलता है? कटु सत्य ये है–नहीं। और इसी 'नहीं' ने आज देशभर की पुलिस-व्यवस्था में एक ऐसी खाई बना दी है जहाँ नियम तो कड़े हैं, पर संवेदना नदारद है। वर्षों से विशेषज्ञ लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि पुलिस प्रशिक्षण का स्वरूप बदलना होगा–उसे बल आधारित नहीं, मन-व्यवहार आधारित, मानवाधिकार केंद्रित, और संवेदनशीलता पर टिके ढांचे में ढालना होगा। जब तक पुलिस केवल कठोरता और शक्ति सीखती रहेगी, पर संवेदनशीलता और संयम नहीं–ऐसे हादसे अपवाद नहीं, दोहराई जाने वाली त्रासदियाँ बनेंगे। चार दिन तक गायब रहने वाले कैदी ने अदालत में बताया कि पुलिसकर्मियों के व्यवहार ने उसे इतना आहत किया कि उसने सिस्टम को 'सबक' सिखाने का मन बना लिया। चिंताजनक यह है कि अस्पताल जैसी सुरक्षित मानी जाने वाली जगह से एक कैदी यूँ ही ओझल हो जाता है और पुलिस चार दिनों तक उसके निशान तक नहीं पा पाती। यह महज़ सुरक्षा में चूक नहीं–यह व्यवस्था की सुस्ती, लापरवाही और ढीली पड़ती जिम्मेदारी का सीधा सबूत है। और जब जिम्मेदारी सो जाए, तो अपराधी नहीं–तंत्र खुद कटघरे में खड़ा दिखाई देता है। एक आरोपी को इलाज के दौरान अपनी पत्नी से मिलने से रोक देना–आखि़र यह किस कानून में लिखा है? कानून सीमाएँ तय करता है, भावनाएँ नहीं कुचलता। लेकिन जब पुलिस का रवैया मनमानी और कठोरता की हदें पार करने लगे, तो अपराधी और पीड़ित के बीच की रेखा धीरे-धीरे धुंधली पड़ने लगती है। यहाँ भी वही हुआ–एक कैदी अस्पताल के बिस्तर पर बीमारी से कम, और पुलिस की असंवेदनशीलता से मिले अदृश्य घावों से ज़्यादा लड़ रहा था। यह घटना बताती है कि कभी-कभी सबसे गहरे घाव हथकड़ियाँ नहीं, व्यवहार दे जाते हैं। चार दिन बाद कैदी विशाल का खुद अजाक अदालत पहुँचकर आत्मसमर्पण कर देना यह बड़ा संदेश देता है कि सिस्टम चाहे जितना कठोर और असंवेदनशील क्यों न हो जाए, कानून पर भरोसे की लौ अब भी बुझी नहीं है। लेकिन क्या हर बार व्यवस्था इतनी किस्मतवाली होगी कि आरोपी स्वयं आकर अपने अपराधों का हिसाब सौंप दे? असली संकट तो तब खड़ा होता है जब पुलिस का व्यवहार ही अपराध को जन्म देने लगे–क्योंकि फिर सवाल उठता है, न्याय की मांग आखिर किस दरवाज़े पर की जाए? पुलिस ने जांच बिठाने की बात तो कही है–अस्पताल की सुरक्षा में कहाँ कमी रह गई? ड्यूटी पर मौजूद कर्मियों का व्यवहार कैसा था? क्या कैदी के साथ कोई अनुचित स्थिति बनी? सवाल कई हैं, पर हमारे यहाँ 'जांच' अक्सर सच को सामने लाने की बजाय उसे परतों में सहेज देने का माध्यम बन जाती है। असली चिंता यह है कि जब जांच का दायरा संदेहों को मिटाने की जगह उन्हें अनुत्तरित ही छोड़ दे, तो न्याय का रास्ता धुंधला पड़ने लगता है। क्योंकि व्यवस्था पर भरोसा तभी टिकता है, जब जांच केवल औपचारिकता न होकर, सच्चाई तक पहुँचने का साहस भी रखे। कैदी होना किसी मनुष्य के अधिकारों को समाप्त नहीं करता; यह केवल उसकी स्वतंत्रता को सीमित करता है। इसलिए पुलिस को सिर्फ कठोरता नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और मानवीय समझ का प्रशिक्षण चाहिए। अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था मज़ाक बनने के लिए नहीं, बल्कि मानक और जवाबदेही पर आधारित होने के लिए होती है। और जब तक जिम्मेदारी तय नहीं होगी, किसी भी सुधार की संभावना सिर्फ ख़याल भर रह जाएगी। कभी-कभी व्यवस्था की छोटी-सी ढिलाई ही इतना बड़ा रूप ले लेती है कि वह स्वयं अपराध से भी अधिक भयावह दिखाई देने लगती है। जब तक सिस्टम के भीतर मानवीयता की लौ फिर से नहीं जलेगी, ऐसे 'फरार' यूँ ही होते रहेंगे–और हम बस हैरानी में खड़े रह जाएंगे। यह उस तंत्र की दास्तान है जिसने शक्ति के घमंड में इंसानी पीड़ा सुनने की क्षमता खो दी है; उस पुलिस व्यवस्था की कहानी है जो यूनिफ़ॉर्म की कठोरता को संवेदनहीनता का कवच बनाकर हर व्यवहार को 'ड्यूटी' का नाम दे देती है; और उस समाज का चेहरा है जो हर घटना पर क्षणभर ठहरकर अगले ही दिन चुपचाप पन्ना पलट देता है। जब तक व्यवस्था में इंसानियत दोबारा जागेगी नहीं, तब तक 'फरार' सिर्फ कैदी नहीं–हमारी संवेदनाएँ, हमारी जवाबदेही और हमारा विवेक होंगे।

**प्रो. आरके जैन**

# जिद पर अड़े नक्सली अब नहीं बच पाएंगे मुख्यधारा से जुड़ने का समय निकल रहा है

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले एक बार फिर देश की सुरक्षा एजेंसियों की निर्णायक कार्रवाई के केंद्र में हैं। वेस्ट बस्तर डिवीजन के घने जंगलों में पिछले दो दिनों में हुई मुठभेड़ों ने नक्सलवाद के उस ढहते ढाँचे को उजागर कर दिया है, जो अभी भी हिंसा और विचारधारा की जिद पकड़े हुए है। सरकार वर्ष 2026 तक नक्सलवाद के अड्डों को पूरी तरह मुक्त करने के लक्ष्य के साथ अभियान को तेज कर चुकी है। इसी रणनीति का हिस्सा रहा गंगालूर थाना क्षेत्र में किया गया नवीनतम सर्च ऑपरेशन, जिसमें 12 कुख्यात माओवादी मारे गए और तीन बहादुर जवान शहीद हुए।यह मुठभेड़ मात्र एक और अभियान नहीं, बल्कि उन घटनाओं की श्रृंखला का हिस्सा है जो नक्सली नेतृत्व की लगातार कमजोर होती स्थिति की पुष्टि करती है। सुरक्षा बलों की ओर से बढ़ती घेराबंदी, नई तकनीक, बेहतर खुफिया तंत्र और स्थानीय सहयोग ने नक्सलियों की गतिविधियों को सीमित कर दिया है। यही वजह है कि 2026 का सरकारी अल्टीमेटम, जिस पर लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियां काम कर रही थीं, अब नक्सली संगठन के भीतर भय का कारण बन चुका है।हिड़मा के मारे जाने से नक्सलियों में हड़कंप मच गया है।इस अभियान में जिस एक नाम ने पूरे नक्सली ढांचे को झकझोर दिया, वह है कुख्यात माओवादी कमांडर हिड़मा। बस्तर का यह खूंखार चेहरा पिछले एक दशक में कई बड़े हमलों का मास्टरमाइंड रहा। उसकी पत्नी का भी मुठभेड़ में ढेर होना इस बात का संकेत है कि नक्सली अब पहले की तरह सुरक्षित ठिकानों में छिपे नहीं रह पा रहे हैं।हिड़मा एक प्रतीक था।नक्सली हिंसा, जिद और जंगल शासन का प्रतीक। उसका मारा जाना नक्सलवाद की रीढ़ पर गहरी चोट मानी जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, हिड़मा के खात्मे के बाद नक्सलियों का मनोबल टूटना स्वाभाविक है क्योंकि वह बस्तर में कई डिवीजनों को जोड़ने वाली केंद्रीय कड़ी था।गंगालूर और पश्चिम बस्तर में लगातार दबाव बढ़ रहा है।गंगालूर थाना क्षेत्र, जिसे कभी माओवादी कमांडर पापा राव का सुरक्षित इलाका माना जाता था, अब सुरक्षा बलों की घेराबंदी में है। डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा और सीआरपीएफ की संयुक्त टीमों द्वारा लगातार किए जा रहे सर्च ऑपरेशनों ने माओवादियों की आवाजाही को चुनौतीपूर्ण बना दिया है।इस मुठभेड़ में 303 रायफल, बड़ी मात्रा में गोलाबारूद, विस्फोटक और माओवादी साहित्य बरामद हुआ है, जो इस बात की पुष्टि करता है कि नक्सली अभी भी बड़े हमलों की योजना बना रहे थे। किंतु सुरक्षा बलों की मुस्तैदी ने उनकी हर योजना को विफल कर दिया।

इतना ही नही,2026 के लक्ष्य का दबाव बढ़ रहा है अभियान की गति।सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है।2026 तक नक्सल प्रभावित सभी कोर ज़ोन को पूरी तरह मुक्त करना। इसकी तैयारी पिछले कुछ वर्षों में व्यापक रूप से की गई है। सड़कें, दूरसंचार, कैंप, स्वास्थ्य सुविधाएँ, स्कूल और सुरक्षा पोस्ट इन सभी का विस्तार तेज किया गया है। जहाँ पहले सुरक्षा बलों को अंदर घुसने में जोखिम होता था, वहीं अब उनकी उपस्थिति स्थाई रूप से स्थापित हो रही है। यह विस्तार नक्सलियों की उस रणनीति को कमजोर कर रहा है, जिसमें वे ग्रामीण आबादी को काले कानूनों और दहशत के जरिए अपने प्रभाव में रखते थे। नक्सलियों का भीतरी ढांचा जानता है कि एक बार विकास की रोशनी किसी क्षेत्र में स्थाई रूप से पहुँच जाए, तो उनकी जनाधार पर आधारित रणनीति स्वतः ही ध्वस्त हो जाएगी। यही वजह है कि वे 2026 के लक्ष्य को लेकर भयभीत हैं और बचे-खुचे प्रभाव वाले इलाकों में हिंसा करके अपनी उपस्थिति साबित करने का प्रयास कर रहे हैं।मुख्यधारा से जुड़ने की इच्छा क्यों नहीं दिखा रहे नक्सली। एक बड़ा सवाल उठता है।जब अभियान इतना तेज है और सरकार सरेंडर नीति के तहत कई रियायतें देती है, तो नक्सली मुख्यधारा में क्यों नहीं आना चाहते? इसका उत्तर उनकी विचारधारा की कठोरता में छिपा है।नक्सलियों का शीर्ष नेतृत्व वर्षों से हिंसक संघर्ष को ही समाधान मानता रहा है। उनकी रचना और प्रशिक्षण का आधार यह मान्यता रही है कि सत्ता हथियारों से ही हासिल होगी। यही जिद उन्हें वास्तविक परिवर्तन और लोकतांत्रिक प्रक्रिया से दूर रखती है। इसके अलावा, उनका संगठनात्मक ढांचा बाहरी राज्यों से संचालित होता है, जहाँ ऊपरी नेतृत्व कभी मैदान में उतरता नहीं, लेकिन स्थानीय कैडर को मौत के मुंह में धकेलता रहता है। इस दोहरे मानदंड ने धीरे-धीरे युवा नक्सलियों के भीतर असंतोष को जन्म दिया है, मगर भय और दबाव उन्हें खुलकर सामने आने नहीं देता।सरेंडर करने वाले कई पूर्व नक्सलियों का कहना रहा है कि जंगल में रहकर वर्षों तक संघर्ष करने के बाद भी उनका जीवन बेहतर नहीं हो पाया, जबकि मुख्यधारा में आकर उन्हें न सिर्फ सुरक्षा मिली बल्कि सम्मानजनक आजीविका भी सुनिश्चित हुई। बार-बार की गोलीबारी और रुक-रुक कर जारी अभियान चिंताजनक है।पश्चिम बस्तर में पिछले कुछ हफ्तों से रुक-रुक कर गोलीबारी की घटनाएँ जारी हैं। सुरक्षा बलों का मानना है कि नक्सली अब छोटे-छोटे समूहों में बंटकर भाग रहे हैं। घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों में वे घात लगाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन तकनीक और रणनीतिक बढ़त के सामने उनकी योजनाएँ लगातार असफल हो रही हैं। ड्रोन, थर्मल इमेजर, हाई-टेक जीपीएस सिस्टम और स्थानीय मुखबिर तंत्र के कारण अब उनका छिपना लगभग असंभव हो गया है। यही वजह है कि वे बड़े हमले करने की क्षमता खो चुके हैं और केवल पलायनवादी रणनीतियों का सहारा ले रहे हैं। नक्सलवाद का भविष्य क्या है। विशेषज्ञों की राय है कि 2026 का लक्ष्य अब वास्तविकता के करीब है। पिछले कुछ वर्षों में बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और कांकेर जैसे जिलों में नक्सलियों के कई बड़े ठिकाने ध्वस्त हुए हैं। दर्जनों बड़े कमांडर मारे गए, सैकड़ों ने आत्मसमर्पण किया और हजारों की संख्या में समर्थक धीरे-धीरे मुख्यधारा का हिस्सा बने हैं।

विकास के बढ़ते दायरे, रोज़गार योजनाओं, आधुनिक शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता ने ग्रामीण क्षेत्रों में वह भरोसा पैदा किया है, जो लंबे समय से नक्सलियों के दहशतवाद के कारण दबा हुआ था।आज गांवों में लोग मोबाइल नेटवर्क, सड़क, अस्पताल और स्कूल को अपनी जिंदगी में असली बदलाव लाने वाली चीज़ों के रूप में देख रहे हैं। यह परिवर्तन नक्सलियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है, क्योंकि उनकी विचारधारा हिंसा और बाधा पर आधारित है, निर्माण और विकास पर नहीं।निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुका है बस्तर। दंतेवाड़ा और बीजापुर में चली नवीनतम मुठभेड़ केवल एक सुरक्षा कार्रवाई नहीं, बल्कि नक्सलवाद के पतन की गूंज है। हिड़मा जैसे खूंखार कमांडरों का अंत इस संघर्ष में निर्णायक मोड़ का संकेत है। सरकार और सुरक्षा बलों की संयुक्त रणनीति ने नक्सली नेटवर्क के हर स्तर पर दबाव बढ़ा दिया है। मुख्यधारा में लौटने के अवसर खोलने के बावजूद नक्सलियों का जिद पर टिके रहना यह दर्शाता है कि संगठन के भीतर हार स्वीकारने की क्षमता नहीं बची। लेकिन बस्तर अब बदल रहा है। गांवों की सोच बदल रही है। विकास की रोशनी अंधेरे जंगलों को चीरकर आगे बढ़ रही है। 2026 का लक्ष्य अब केवल एक सरकारी घोषणा नहीं, बल्कि एक वास्तविकता की ओर बढ़ता कदम है।एक ऐसा कदम जो आने वाले समय में बस्तर, बीजापुर और दंतेवाड़ा को हिंसा की परछाई से मुक्त करके उन्हें नए युग की ओर ले जाएगा।

**कांतिलाल मांडोत**

# मिट्टी में जहर से खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य पर मंडराता संकट



मृदा प्रदूषण तब होता है जब मनुष्य प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हानिकारक रसायन, भारी धातुएँ या प्रदूषक पदार्थ मिट्टी में मिला देते हैं, जिससे न केवल मिट्टी की उर्वरता नष्ट होती है, बल्कि पूरा पारिस्थितिकी तंत्र और मानव स्वास्थ्य खतरे में पड़ जाता है। भारत में मृदा प्रदूषण अब एक गंभीर राष्ट्रीय संकट बन चुका है। मिट्टी की बिगड़ती सेहत चुपचाप कृषि उत्पादन को खोखला कर रही है। जलवायु परिवर्तन इस समस्या को और भयावह बना रहा है। भारत आज अनाज में आत्मनिर्भर है, लेकिन अगर मिट्टी की गुणवत्ता इसी तरह घटती रही तो आने वाले दशकों में हमें फिर से अनाज आयात करना पड़ सकता है। यदि अभी मिट्टी की सेहत सुधारने के ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो खाद्य सुरक्षा पर संकट के साथ-साथ लाखों किसानों की आजीविका भी दाँव पर लग जाएगी। मिट्टी की खराब गुणवत्ता का असर सिर्फ फसल पर नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, खाद्य सुरक्षा और सबसे बड़ी बात कि मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। आज देश की अधिकांश कृषि योग्य भूमि किसी-न-किसी रूप में मृदा प्रदूषण की चपेट में है। और यह जहर अब हमारी थाली तक पहुँच चुका है। चावल में आर्सेनिक, गेहूँ में कैडमियम, सब्जियों में सीसा (लेड) और कीटनाशकों के अवशेष लगातार बढ़ रहे हैं। इन्हें खाकर लोग बीमार हो रहे हैं, बच्चे कुपोषित पैदा हो रहे हैं और कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। मृदा प्रदूषण केवल पर्यावरण की समस्या नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य पर सीधा हमला है। अगर यही स्थिति रही तो एक दिन हमारी खेती की जमीन इतनी जहरीली हो जाएगी कि उसमें कुछ भी उगाना असंभव हो जाएगा। पंजाब का मालवा क्षेत्र (बठिंडा, फरीदकोट, संगरूर, मुक्तसर आदि) इसका जीता-जागता उदाहरण है। इसे 'भारत की कैंसर बेल्ट' कहा जाता है। यहाँ कैंसर के मामले राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक हैं। हर दूसरे-तीसरे घर में कोई न कोई कैंसर से जूझ रहा है। इसका मुख्य कारण जहरीली मिट्टी में उगा अनाज और सब्जियाँ हैं, जो रोज लोगों की थाली में परोसे जा रहे हैं। सरकार जैविक खाद को बढ़ावा दे रही है, लेकिन आज भी लाखों किसान अधिक पैदावार के लालच में यूरिया और खतरनाक कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग कर रहे हैं। लंबे समय तक इनका इस्तेमाल मिट्टी को बंजर बना रहा है। फैक्ट्रियाँ रात के अंधेरे में जहरीला पानी नदियों-नालों में छोड़ रही हैं, जो सीधे खेतों में पहुँच जाता है। शहरों में प्लास्टिक कचरा जलाने से निकलने वाला डाइऑक्सिन हवा के रास्ते मिट्टी में समा रहा है। सरकार ने 'मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना' शुरू की है, जिसका उद्देश्य हर खेत की मिट्टी की जाँच कर किसानों को उसकी सही स्थिति और सुधार के उपाय बताना है। लेकिन दुखद सच्चाई यह है कि आज भी अधिकांश किसान इस योजना से अनजान हैं या इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं। सस्ता यूरिया उपलब्ध होने के कारण वे पुरानी आदत नहीं छोड़ पा रहे। नतीजा यह है कि मिट्टी में जहर घुलता जा रहा है और किसान को पता तक नहीं। हवा, पानी और मिट्टी तीनों मिलकर पृथ्वी पर जीवन का आधार हैं।

**मृदा प्रदूषण रोकने के लिए अब कड़े और त्वरित कदम उठाने होंगे:**

- रासायनिक उर्वरकों की जगह जैविक खाद और जैविक खेती को बड़े पैमाने पर अपनाएँ।
- पेड़-पौधे लगाकर मिट्टी का कटाव रोका जाए साथ ही हर किसान अपनी मिट्टी का नियमित परीक्षण करवाए और उर्वरकों का संतुलित प्रयोग करे।
- कचरे के सही निपटान और प्लास्टिक जलाने पर सख्ती हो।
- वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण के उपाय अपनाए जाएँ।
- घरेलू जैविक कचरे से कम्पोस्ट बनाकर खाद के रूप में इस्तेमाल करें।
- सरकार की मृदा संरक्षण योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ।
- सबसे जरूरी की जन-जागरूकता फैलाएँ और हर नागरिक को मिट्टी बचाने के लिए प्रेरित करें।

अगर हम आज मिट्टी को नहीं बचाएँगे, तो कल हमारी थाली में सिर्फ जहर ही होगा।

**अम्बिका कुशवाहा 'अम्बी'**

# संपादकीय

## वैदिक परंपरा के युवा संवाहक देवव्रत महेश रेखे



भारतीय संस्कृति का यह स्वभाव रहा है कि वह समय-समय पर अपने भीतर से ऐसे दीपक जलाती है, जो केवल परंपरा को रोशन नहीं करते, बल्कि नई पीढ़ी की दिशा भी तय करते हैं। आधुनिक भारत में, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स और तकनीक की चकाचौंध युवाओं को एक नए प्रकार की गति और प्रतिस्पर्धा में धकेलती है, वहीं 19 वर्षीय देवव्रत महेश रेखे का संकल्प भारतीय आत्मा की गहनतम परतों को स्पंदित करता है। वैज्ञानिक प्रगति और आध्यात्मिक साधना के इस कालखंड में उनकी उपलब्धि एक प्रश्न की तरह उभरती है क्या वास्तव में परंपरा पीछे छूट रही है, या वह चुपचाप नए साधकों की प्रतीक्षा कर रही है? देवव्रत ने शुक्ल यजुर्वेद की माध्यन्दिन शाखा के लगभग 2000 मंत्रों वाले 'दण्डकर्म पारायणम्' का अखंड 50 दिनों तक पाठ कर एक ऐसी साधना को पुनर्जीवित किया है, जिसे वैदिक पद्धति का मुकुट कहा जाता है। यह केवल एक आध्यात्मिक उपलब्धि नहीं, बल्कि स्मृति, स्वर-शुद्धि, उच्चारण, धैर्य और अनुशासन का संगम है वह तप जो प्राचीन गुरुकुल पद्धति की आत्मा में बसता था। दण्डकर्म पारायणम् की जटिलता इतनी अधिक है कि इसे वेदपाठ की सर्वोच्च विधि माना गया है, और इसकी कठिनाई का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि लगभग दो सदियों से यह सार्वजनिक रूप से किसी युवा साधक द्वारा संपन्न नहीं हुआ था। देवव्रत ने न केवल इसे पूरा किया, बल्कि सबसे कम समय में पूर्ण करने का कीर्तिमान स्थापित किया। भारतीय संस्कृति में वेद केवल धार्मिक अनुष्ठानों के सूत्र नहीं, बल्कि जीवन के सार को प्रकट करने वाले ध्वनि-बीज हैं। शुक्ल यजुर्वेद की माध्यन्दिन शाखा विशेष रूप से उत्तर भारत में विकसित हुई और अपनी शुद्धता के लिए प्रतिष्ठित है। इस शाखा के मंत्र न केवल यज्ञीय परंपरा को मार्गदर्शन देते हैं, बल्कि प्रकृति, समाज और मानव आत्मा के संतुलन का भी विधान प्रस्तुत करते हैं। इन मंत्रों को अखंड, त्रुटिरहित और पूर्ण स्वर-मात्रा के साथ 50 दिनों तक लगातार सुनाना केवल अभ्यास का प्रश्न नहीं, बल्कि आंतरिक अनुशासन का सर्वोच्च रूप है। यही वह साधना है जिसमें एकाग्रता को व्रत और ज्ञान को तप माना जाता है। देवव्रत की यात्रा एक दिन में निर्मित नहीं हुई। महाराष्ट्र के एक साधारण ब्राह्मण परिवार में जन्मे इस युवा के पहले गुरु उनके पिता महेश चंद्रकांत रेखे ही रहे, जिन्होंने बचपन से ही उन्हें वेदमंत्रों का अभ्यास सिखाया। सामान्यतः शुक्ल यजुर्वेद की माध्यन्दिन शाखा को कंठस्थ करने में 12 से 15 वर्ष लग जाते हैं, परंतु देवव्रत ने इसे लगभग आठ-नौ वर्षों में ही पूरा कर लिया। यह गति उनके जन्मजात स्मरण, अथक अभ्यास और सबसे बढ़कर उनके भीतर के श्रद्धाभाव का परिणाम है। वाराणसी के वल्लभराम शालिग्राम सांगवेद विद्यालय में वे प्रतिदिन चार घंटे के कठोर अभ्यास से अपने तप को पूर्णता की ओर ले जाते रहे। यह साधना केवल मंत्रों के क्रम को याद रखने भर की प्रक्रिया नहीं थी, बल्कि प्रत्येक ध्वनि की आत्मा को महसूस करने का प्रयास थी यही वह भाव है जिसे भारतीय परंपरा 'स्वाध्याय' कहती है। गुरु-शिष्य परंपरा हमेशा भारतीय शिक्षा-पद्धति की रीढ़ रही है। यहाँ ज्ञान केवल सूचना नहीं होता, बल्कि संस्कारों का वाहक माना जाता है। देवव्रत की सफलता उनके गुरुजनों की तपस्या और मार्गदर्शन का ही प्रतिफल है। गुरुकुलों में शिक्षा का अर्थ पेशेवर लक्ष्य नहीं, बल्कि चरित्र, अनुशासन और निष्ठा का विकास होता है। आज जब शिक्षा अक्सर केवल रोजगार की तैयारी बनकर रह गई है, तब देवव्रत जैसे युवा इस बात के प्रमाण हैं कि अध्ययन तभी सार्थक होता है जब वह जीवन के मूल्यों को मजबूत करे। उनकी इस साधना को राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान तब मिला जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं उनकी प्रशंसा की और इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बताया। यह स्वीकार्यता केवल एक साधक का सम्मान नहीं है यह भारतीय ज्ञान परंपरा की उस धारा की पहचान है, जिसे आधुनिकता की बाढ़ में अक्सर हाशिये पर धकेला जाता रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अनेक विद्वानों और संतों ने भी उनकी प्रशंसा की, जिससे यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत न रहकर सामाजिक और सांस्कृतिक मान्यता का विषय बन गई। आज का समय विरोधाभासों का समय है। एक ओर युवा तकनीक और वैश्विक अवसरों की ओर अग्रसर हैं, दूसरी ओर संस्कृति का आधार कमजोर होता प्रतीत होता है। किंतु ऐसे उदाहरण यह स्पष्ट करते हैं कि परंपरा को जीवित रखने के लिए सदियों पुरानी विधियों को अद्यतन करने की आवश्यकता नहीं उन्हें साधने वाले हाथ और हृदय चाहिए। देवव्रत का संकल्प इसी तथ्य का प्रमाण है कि भारतीयता किसी पुस्तकालय में बंद ग्रंथ नहीं है, बल्कि जीवंत साधना है, जिसे हर पीढ़ी अपने तरीके से आगे बढ़ाती रही है। उनकी उपलब्धि एक गहरा प्रश्न भी खड़ा करती है क्या आधुनिक भारत अपनी जड़ों को पहचानने के लिए तैयार है? क्या युवाओं में वह धैर्य, वह निष्ठा, वह सन्नद्धता अब भी मौजूद है जो एकाग्र होकर साधना कर सके? देवव्रत का उदाहरण इसका सकारात्मक उत्तर है। वह दिखाते हैं कि ज्ञान तभी जीवित रहता है जब वह नई पीढ़ी की धमनियों में बहता है। परंपरा में नई ऊर्जा तभी आती है जब कोई युवा उसे पुनः धारण करता है और अपने भीतर आत्मसात करता है। 50 दिनों का यह अखंड पाठ केवल एक अनुष्ठान नहीं था; यह समय, मन और शरीर तीनों पर विजय का वह रूप था जिसे भारतीय आध्यात्मिकता सदियों से 'तप' कहती आई है। आज महानगरों के शोर में वेदों की ध्वनि भले क्षीण हो गई हो, किंतु देवव्रत जैसे साधक यह आश्वासन देते हैं कि यह ध्वनि कभी मौन नहीं होगी। जब भी संस्कृति के पुनर्जागरण की बात होगी, जब भी वेद-रक्षा और गुरु-शिष्य परंपरा का उदाहरण दिया जाएगा, तब इस युवा साधक का नाम आदर से लिया जाएगा।

**महेन्द्र तिवारी**

# यूपी में अवैध घुसपैठ पर कड़ा प्रहार राज्य सरकार का व्यापक सत्यापन अभियान शुरू



उत्तर प्रदेश में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों की बढ़ती संख्या लंबे समय से आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने के लिए चुनौती रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस गंभीर समस्या को देखते हुए राज्य के 17 प्रमुख नगर निकायों को तुरंत प्रभाव से व्यापक सत्यापन और सूचीकरण अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। सरकार का मानना है कि अवैध रूप से भारत में घुसपैठ करने वाले लोगों की उपस्थिति न सिर्फ सुरक्षा जोखिम बढ़ाती है, बल्कि कई बार अपराध, जालसाजी, फर्जी पहचान और संसाधनों पर असमान दबाव जैसे खतरे भी उत्पन्न करती है। इसी वजह से प्रदेश स्तर पर चलाया जा रहा यह अभियान निर्णायक कदम माना जा रहा है।रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियां क्यों चिंता का विषय है?पिछले एक दशक में देश के कई राज्यों में अवैध प्रवासियों की संख्या तेज़ी से बढ़ी है। इनमें सबसे अधिक रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं। कई बार ये लोग फर्जी कागज़ात के सहारे नागरिक सुविधाएं प्राप्त कर लेते हैं और संवेदनशील क्षेत्रों में आश्रय भी बना लेते हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने पहले भी रिपोर्ट दी है कि विभिन्न मामलों में अवैध घुसपैठिए आपराधिक गतिविधियों, मानव तस्करी और फर्जी दस्तावेज़ बनवाने वाले नेटवर्क से जुड़े पाए गए हैं।यही कारण है कि उत्तर प्रदेश, खासकर पश्चिमी यूपी, काशी क्षेत्र और आगरा-मथुरा बेल्ट में उनका सत्यापन बेहद आवश्यक हो गया है। सरकार का निर्णय सुरक्षा सुदृढ़ीकरण के व्यापक उद्देश्य से जुड़ा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नगर आयुक्तों, डीएम, कमिश्नर और रेंज के आईजी को स्पष्ट आदेश दिया है कि अवैध रूप से रह रहे संदिग्ध व्यक्तियों की एक संगठित सूची तैयार की जाए और उसे तत्काल पुलिस तथा खुफिया एजेंसियों के साथ साझा किया जाए। यह सूची दो चरणों में तैयार की जानी है। प्राथमिक सत्यापन जहां व्यक्ति की पहचान, निवास स्थान और दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच की जाएगी। गहन जांच एवं कार्रवाई होगी।इसमें पुलिस व खुफिया विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि संबंधित व्यक्ति देश का वैध नागरिक नहीं है तो उसके विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई हो। सरकार के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य न केवल घुसपैठ पर रोक लगाना है, बल्कि प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा को नए स्तर पर मजबूत करना भी है।सफाईकर्मी के रूप में संदिग्ध पहचान एक महत्वपूर्ण कारण है।नगर निकायों के पास मौजूद रिकॉर्ड के अनुसार, बड़ी संख्या में सफाईकर्मियों की नियुक्ति पिछले वर्षों में ठेके के माध्यम से हुई है। कई बार ठेका एजेंसियां श्रमिकों के कागजात की गहराई से जांच नहीं करतीं, जिसके चलते कुछ संदिग्ध लोग भी सफाईकर्मी के रूप में नौकरी पा जाते हैं। क्योंकि सफाईकर्मी शहर के हर इलाके में आते-जाते हैं और कई महत्वपूर्ण स्थानों तक पहुंच रखते हैं, इसलिए सुरक्षा एजेंसियों ने इस श्रेणी पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई है। आगरा में अभियान की शुरुआत 5000 सफाईकर्मियों का सत्यापन किया जा रहा है। आगरा नगर निगम ने इस सरकारी निर्देश पर सबसे तेज़ कार्रवाई करते हुए 5000 से अधिक सफाईकर्मियों की पहचान और सत्यापन प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रत्येक सफाईकर्मी का पूरा डेटा, फोटो सहित, पुलिस को सौंपा गया है। स्थानीय थानों में विशेष टीमें बनाई गई हैं जो 15 दिनों में सत्यापन प्रक्रिया पूरी करेंगी।जिन लोगों के दस्तावेजों में असंगतियां पाई जाएंगी, उनके खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई होगी।नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, यह कदम न सिर्फ सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक है, बल्कि शहर की प्रशासनिक पारदर्शिता को भी मजबूत करेगा।17 नगर निकायों में एक साथ अभियान का विस्तारकिया गया है।सरकार ने जिन 17 निकायों को निर्देश भेजे हैं, उनमें लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, मेरठ, नोएडा, गाज़ियाबाद, आगरा, अलीगढ़, सहारनपुर समेत सभी बड़े शहर शामिल हैं। इन शहरों में प्रवासन दर अधिक है और कुछ स्थानों पर पहले भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली है।उम्मीद है कि इन नगर निकायों में अगले दो सप्ताह में सभी सफाईकर्मियों, अस्थायी मजदूरों और किराएदारों की पहचान प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।प्रक्रिया की पारदर्शिता और समयबद्धता पर विशेष जोरदिया गया है। मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट किया है कि यह अभियान किसी समुदाय विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि पूरी तरह सुरक्षा और कानून-व्यवस्था पर केंद्रित है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रक्रिया के दौरान किसी भी व्यक्ति के साथ अनावश्यक दुर्व्यवहार न हो।सभी जांच निष्पक्ष और दस्तावेज़ आधारित हों। जहां भी संदेह हो, पुलिस व स्थानीय निकाय संयुक्त रूप से निर्णय लें।सरकार ने प्रत्येक निकाय को 15 दिन की समयसीमा दी है ताकि कार्रवाई तेज़ी से और प्रभावी तरीके से पूरी हो सके।अभियान के माध्यम से मिलने वाले व्यापक लाभ को गौण नही समझा जा सकता है। आंतरिक सुरक्षा मजबूत होगी अवैध घुसपैठ पर नियंत्रण के बाद संवेदनशील क्षेत्रों में संभावित आपराधिक गतिविधियों का खतरा कम होगा।नगर निकायों की कार्यप्रणाली पारदर्शी बनेगी। सभी कर्मचारियों का प्रामाणिक डेटा तैयार होने से भविष्य में फर्जी नियुक्तियों और अनियमितताओं पर लगाम लगेगी।कानून-व्यवस्था में सुधार जिन शहरों में अवैध प्रवासी अधिक संख्या में रहते हैं, वहां अपराधों में अचानक वृद्धि देखी जाती है। सत्यापन से यह प्रभाव कम होगा।राष्ट्रीय हित और सुरक्षा को बढ़ावा देना पहली प्राथमिकता है।यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा नीतियों के अनुरूप है, जहां देश की सीमाओं के भीतर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान स्पष्ट और प्रमाणित होनी चाहिए।स्थानीय समाज में विश्वास बढ़ेगा।नागरिकों को यह भरोसा मिलेगा कि सरकार उनके हितों और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।चुनौतियां भी कम नहीं है।हालांकि सरकार के इस कदम की व्यापक सराहना हो रही है, लेकिन चुनौतीपूर्ण पहलू भी मौजूद हैं। कई अवैध घुसपैठिए फर्जी पहचान पत्र बना चुके हैं। कई लोग ठेका एजेंसियों के माध्यम से वर्षों से कार्यरत हैं, जिससे उनकी जांच और कठिन हो जाती है। सत्यापन के दौरान राजनीतिक और सामाजिक दबाव भी सामने आ सकते हैं। इन चुनौतियों के बावजूद सरकार का रुख साफ है।कानून व्यवस्था सर्वोपरि, सुरक्षा से कोई समझौता नहीं।उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संदिग्ध रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ शुरू किया गया यह तेज़ और व्यापक अभियान प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा को एक नए स्तर पर मजबूत करने वाला कदम है। अवैध घुसपैठ लंबे समय से देश की एक गंभीर समस्या रही है, जिसका समाधान तभी संभव है जब राज्य स्तर पर ठोस और नियमित सत्यापन की व्यवस्था हो।सफाईकर्मियों से लेकर अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों तक, हर व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित करना न केवल कानून व्यवस्था की मजबूती के लिए आवश्यक है, बल्कि यह राष्ट्रीय हित में भी है। आगरा में 5000 सफाईकर्मियों का सत्यापन इसका प्रारंभिक नमूना है, और उम्मीद है कि आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश में माहौल अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और व्यवस्थित होगा। सरकार का यह कदम स्पष्ट संदेश देता है कि उत्तर प्रदेश में अवैध घुसपैठ अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कानून का राज ही सर्वोच्च रहेगा।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## बैतालपुर चीनी मिल चालू कराने की मांग को लेकर चल रहा धरना 686 वें दिन जारी

**देवरिया।** चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति, संयुक्त पंचायत निकाय मोर्चा तथा संयुक्त महा मोर्चा के तत्वाधान में बैतालपुर चीनी मिल चालू कराने की मांग को लेकर देवरिया कलेक्ट्रेट परिसर में चल रहा धरना 686वें दिन जारी रहा। समिति के महासचिव बकरीदन अली ने कहा कि कृषि प्रधान देश के अन्नदाता किसान अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से शांतिपूर्ण तरीके से धरना दे रहे हैं, लेकिन सरकार के कानों पर जूँ तक नहीं रेंग रही है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2018 से चार बार चुनावी सभाओं में बैतालपुर चीनी मिल चलाने की घोषणा की गई, परंतु आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। महासचिव ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि बैतालपुर चीनी मिल को शीघ्र चालू नहीं किया गया, तो किसान सड़क से लेकर गांव-गांव तक व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए लंबा आंदोलन शुरू करेंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। धरने में बृजेंद्र मणि त्रिपाठी, पंडित वेद प्रकाश, विकास दुबे, उग्रसेन सिंह, अनूप कुमार सिंह, रामाधार, रामनाथ प्रसाद, शंभूनाथ तिवारी, विजय कुमार सिंह, अमेरिका चौरसिया, संतोष मद्धेशिया, रामकृपाल चौहान, डॉ. चंद्रिका यादव, श्रीकांत, गुझेश्वर प्रसाद शर्मा, जगदीश यादव आदि उपस्थित रहे।

## लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास ही सफलता का आधार : राजेश



**देवरिया।** सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर, देवरिया में वार्षिक निरीक्षण के दूसरे दिन आयोजित लक्ष्य बोध सत्र में मुख्य अतिथि राजेश सिंह प्रधानाचार्य, पक्की बाग ने कहा कि सफल व्यक्तित्व निर्माण में आत्म संयम, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का सबसे महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने छात्रों से कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास ही सफलता का आधार है। क्षेत्रीय सह मंत्री डा. रामनाथ गुप्त ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम के लिए छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्या भारती की श्रेष्ठ परंपरा को बनाए रखना छात्रों की जिम्मेदारी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिरुद्ध सिंह ने पिछले सत्र के परिणामों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से अपना सर्वश्रेष्ठ देने का आह्वान किया। सत्र को बलिराम अग्रवाल, डा. सुधा त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षकों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य अखिलेश दीक्षित, जितेन्द्र मिश्र, दिलीप श्रीवास्तव सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

## महिलाएं आत्मनिर्भर हों — राजकुमार दुबे



**रूपईडीह (गोंडा)**–रघु बाबा समाज सेवा संस्थान की ओर से आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष राजकुमार दुबे ने महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक उन्नति पर जोर देते हुए कहा कि 'एक आत्मनिर्भर महिला ही सशक्त समाज की आधारशिला है। श्री दुबे ने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षों से लगातार महिलाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर तथा अन्य रोजगारपरक गतिविधियों का प्रशिक्षण देकर संस्था अब तक सैकड़ों महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि इन प्रशिक्षणों से प्रभावित होकर अनेक महिलाएं न सिर्फ अपना घर संभाल रही हैं बल्कि परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में केंद्र और राज्य सरकारें महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही हैं। इन योजनाओं का लाभ आज बड़ी संख्या में महिलाओं तक पहुँच रहा है, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश की महिलाएं तेजी से आर्थिक रूप से मजबूत और सामाजिक रूप से सक्षम होती जा रही हैं। सभा में दिलीप शुक्ला, उदल तिवारी, राम सुरेश पासवान, रामविलास पासवान, बदलू पासवान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में संस्था के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को प्रशिक्षण से जुड़े प्रमाणपत्र तथा प्रेरणादायक सामग्री वितरित की गई। संस्था ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने की घोषणा की।

# मतदाता सूची फाड़ने वाले दो सगे भाइयों पर मुकदमा दर्ज, पुनरीक्षण कार्य में बाधा डालने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां** – गोरखपुर जनपद के हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कट्सहरा के बूथ संख्या 234 पर बुधवार को मतदाता गहन पुनरीक्षण के दौरान बड़ा हंगामा खड़ा हो गया। शराब के नशे में धुत दो सगे भाइयों ने न सिर्फ सरकारी कार्य में बाधा डाली, बल्कि मतदाता सूची फाड़कर पूरे माहौल को अराजकता में बदल दिया। ग्राम सचिव की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, बूथ संख्या 234 पर बुधवार दोपहर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य चल रहा था। बीएलओ और संबंधित कर्मचारी दस्तावेज़ों का सत्यापन कर रहे थे। तभी गांव के ही दो सगे भाई–विकास पुत्र धीरेन्द्र और उसका भाई–शराब के नशे में वहां पहुंच गए। आरोप है कि दोनों सीधे बीएलओ के पति




का नाम लेकर गाली-गलौज करने लगे और कार्य में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश की।

मौके पर मौजूद ग्राम सचिव अभय कुमार ने जब उन्हें रोकने और शांत रहने की समझाइश दी, तो दोनों युवक और उग्र हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों ने न सिर्फ ग्राम सचिव को भद्दी गालियां दीं, बल्कि ईंट उठाकर उन पर हमला करने के लिए दौड़ पड़े। वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर स्थिति को संभालने की कोशिश की, लेकिन आरोपी युवक मतदाता सूची की ओर बढ़े और उसे फाड़ डाला। सरकारी दस्तावेज़ नष्ट करने की यह हरकत पुनरीक्षण कार्य में गंभीर व्यवधान माना जा रहा है। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। ग्राम सचिव अभय कुमार की लिखित तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विकास और उसके भाई के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, धमकी देने, गाली-गलौज करने और सरकारी दस्तावेज़ को नुकसान पहुंचाने जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह घटना न सिर्फ सरकारी कार्य को प्रभावित करने वाली है, बल्कि निर्वाचन प्रक्रिया की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली भी है।थाना हरपुर बुदहट पुलिस ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं, प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा या अप्राकृतिक व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुनरीक्षण कार्य में लगे कर्मचारी फिलहाल सुरक्षा की निगरानी में अपना कार्य जारी रख रहे हैं।

# पंडित स्व. रविंद्रनाथ मिश्र की योगदान को किया गया स्मरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद् पडरौना के चौरिया स्थित रुमाली देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्वर्गीय पंडित रविन्द्र नाथ मिश्र जी की पुण्यतिथि के अवसर पर एक गरिमामय एवं भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित जनप्रतिनिधियों, विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं द्वारा स्व. पंडित रविन्द्र नाथ मिश्र जी के चित्र पर पुष्प व श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया तथा उनके समाज व शिक्षा क्षेत्र में किए गए अमूल्य योगदान को स्मरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित त्रिदिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का विधिवत समापन भी किया गया। समापन समारोह के दौरान विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं द्वारा लगाए गए विभिन्न रचनात्मक, शैक्षणिक एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े स्टालों का निरीक्षण नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मनीष बुलबुल जायसवाल द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं रचनात्मक सोच की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवा की भावना



को साकार करते हुए जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण भी किया गया, जिससे मानवीय संवेदनाओं एवं सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल ने कहा कि स्काउट-गाइड जैसे कार्यक्रम बच्चों में सेवा, समर्पण, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करते हैं।

उन्होंने कहा कि स्व. पंडित रविन्द्र नाथ मिश्र जी का शिक्षा एवं समाज उत्थान के प्रति योगदान प्रेरणास्रोत है, जिसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने यह भी कहा कि नगर पालिका परिषद् पडरौना शिक्षा, संस्कार और समाज सेवा से जुड़े हर सार्थक प्रयास में सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। विद्यालय परिवार द्वारा किए जा रहे ऐसे आयोजनों से न केवल विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी जाता है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ तथा सभी ने ऐसे प्रेरणादायी आयोजनों को निरंतर आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री धीरेंद्र पांडेय जी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्री भुनेश्वर त्रिपाठी जी, विद्यालय के सम्मानित अध्यापकगण, गिरिजाशंकर शुक्ला, संदीप थापा, राजेश्वर उपाध्याय, कृष्णकांत सिंह, वंदिता पाण्डेय, अनामिका तिवारी, काजल कुमारी, काजल कुशवाहा, नीलम चौहान, शिवानी विश्वकर्मा, लल्लन प्रसाद, बोध कुमार चौबे, धर्मेंद्र मद्धेशिया, बृजेश शर्मा, आकाश वर्मा सहित सैंकड़ों की संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय कॉल को सिमबॉक्स से लोकल कॉल में बदलकर फर्जी आर्थिक लाभ कमाने वाले गिरोह का खुलासा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जनपद की थाना साइबर पुलिस, एसओजी तथा बीएसएनएल देवरिया की संयुक्त टीम ने अंतरराष्ट्रीय कॉल को सिमबॉक्स के जरिए लोकल कॉल में बदलकर फर्जी आर्थिक लाभ कमाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में सिमबॉक्स, सिम कार्ड, एण्टीना, राउटर और लैपटॉप समेत कई उपकरण बरामद किए। गिरफ्तार अभियुक्त तेज नारायण सिंह, निवासी रामगुलाम टोला, कोतवाली देवरिया है, जिसका मूल पता ग्राम कुण्डौली, थाना मईल बताया गया है। पूछताछ में उसने बताया कि वह वर्ष 2015 से 2022 तक मॉरीशस में इलेक्ट्रीशियन का काम करता था, जहाँ उसकी मुलाकात दो बंगलादेशी नागरिक आदिल अहमद और समीर से हुई। इन्हीं



लोगों ने उसे भारत में सिमबॉक्स लगाकर अंतरराष्ट्रीय कॉल को लोकल कॉल में परिवर्तित कर अवैध रूप से कमाई करने की तकनीक सिखाई।

भारत लौटने के बाद तेज नारायण कोलकाता पहुँचा और वहीं से सिमबॉक्स व भारतीय सिम कार्ड उपलब्ध कराए गए। मॉरीशस में मिली तकनीक के अनुसार उसने सिमबॉक्स को इंटरनेट से कनेक्ट कर घर में सक्रिय कर दिया। समीर द्वारा भेजे गए लिंक और आईडी-पासवर्ड से वह एक वेबसाइट पर लॉगिन करता था, जिससे सिमबॉक्स में लगे सिम एक्टिव होकर वीओआईपी कॉल को सामान्य कॉल में बदलते थे और इस प्रक्रिया से अवैध कमाई होती थी। बरामदगी में 6 सिमबॉक्स, 6 वाई-फाई राउटर, नेट स्टार फास्ट ईथरनेट स्विच बॉक्स, जियो व एयरटेल वाई-फाई राउटर,43 बड़े एण्टीना, 169 छोटे एण्टीना, 219 बीएसएनएल सिम, 7 सिमबॉक्स एडॉप्टर, 8 वाई-फाई एडॉप्टर, विभिन्न रंगों की लैन केबल, 2 यूएसबी केबल,एम्प्लीफायर कवर बॉक्स,3 मोबाइल फोन, एचडीएफसी व एसबीआई की पासबुकें, चेकबुकें व 11 एटीएम कार्ड, अभियुक्त का आधार कार्ड, डेल व तोशिबा कंपनी के दो लैपटॉप शामिल रहे। इस मामले में थाना साइबर क्राइम, देवरिया में मु.अ.सं. 18/2025 विभिन्न धाराओं बीएनएस, भारतीय बेतार तार यांत्रिकी अधिनियम 1933, दूरसंचार अधिनियम तथा आईटी एक्ट में अभियोग दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# 81 लाख की नगदी के साथ बड़ी मात्रा में सोने चांदी के आभूषण बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जनपद की बरहज पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी की तीन घटनाओं का सफल पर्दाफाश किया है। टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 81,10,510 नगद तथा बड़ी मात्रा में सोने चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील सिंह तथा क्षेत्राधिकारी बरहज राजेश चतुर्वेदी के निर्देशन में गठित संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर करुअना के पास से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी शिवकुमार उर्फ शिवा पटेल, नन्दना वार्ड, राजेश उर्फ बेचू जायसवाल, तिवारीपुर, बंटी राजभर, जयनगर बरहज रहे।

शिवकुमार से 74 लाख नकद और भारी मात्रा में जेवरात, राजेश से 6.05 लाख तथा बंटी राजभर से 50 हजार बरामद हुए। बरामद जेवरों में कानफूल, रिंग, कंगन, चैन,



हार, मंगलसूत्र, झुमका, बाली, नथिया, टप्स, पायल, बिछिया सहित कई कीमती वस्तुएँ शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्त बरहज क्षेत्र में दर्ज तीन अलग-अलग चोरी की घटनाओं–मु.अ.सं. 308/2025, 283/2025 और 274/2025–में वांछित थे। इन घटनाओं में घरों और दुकानों से लाखों रुपये व आभूषण चोरी किए गए थे। पूछताछ में तीनों ने अपना जुर्म स्वीकार किया है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर सभी मामलों में आवश्यक धाराओं की बढ़ोत्तरी करते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस की इस बड़ी सफलता से क्षेत्र में अपराधियों के मनोबल पर बड़ा प्रभाव पड़ा है, जबकि स्थानीय लोगों ने टीम की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

## पीकअप वाहन से 7 गोवंशीय पशु बरामद, 2 गो-तस्कर गिरफ्तार

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के दौरान बरहज पुलिस ने विगत रात्रि बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन से 7 गोवंशीय पशुओं को बरामद कर दो गो-तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर बरेजी पुल से पहले पिकअप वाहन को रोका गया। वाहन से बिहार व बंगाल ले जाए जाने की तैयारी में रखे गए 4 गाय व 3 बछड़े बरामद हुए। वाहन पर लगी एक फर्जी नंबर प्लेट यूपी 50 डी टी 0762 भी पुलिस ने कब्जे में ली। गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान मुकेश चौहान निवासी सुरही बुजुर्ग, सरायमीर, आजमगढ़ तथा छोटे लाल चौहान निवासी कादीपुर उसरहिया, जलालपुर, जौनपुर के रूप में हुई। दोनों के खिलाफ थाना बरहज में मुकदमा संख्या 312/2025 धारा 341(2) बीएनएस, 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मुख्य अभियुक्त मुकेश चौहान पर पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें आयुद्ध अधिनियम सहित मारपीट व धमकी से जुड़े मामले शामिल हैं।

## फसल अवशेष प्रबंधन पर वैज्ञानिकों ने बच्चों को किया जागरूक

**सिद्धार्थनगर।** कृषि विज्ञान केन्द्र सोहना द्वारा बृहस्पतिवार को भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित इन सीटू फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत विमला इंटरनेशनल स्कूल, भवानीगंज में इन सीटू फसल अवशेष प्रबंधन पर छात्रों का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निबन्ध, कला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान युवराज पाण्डेय, द्वितीय स्थान कसिश देवी और तृतीय स्थान इकरा साजिद ने प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हिमांशु अग्रहरि, द्वितीय अनुराग यादव और तृतीय स्थान मोहम्मद जैनुलाअबदीन ने प्राप्त किया और पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रृष्टि अग्रहरि, द्वितीय श्रृष्टि श्रीवास्तव और तृतीय स्थान संस्कृति श्रीवास्तव ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को प्रमाणपत्र और ट्रॉफी से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शेष नारायण सिंह, वैज्ञानिक डॉ. प्रवेश कुमार देहाती , डॉ. प्रवीण कुमार मिश्र, दीप नारायण सिंह, विद्यालय के प्रबंधक डॉ. सावन श्रीवास्तव एवं प्रधानाचार्य शादान हसीन ने फसल अवशेष प्रबंधन पर बच्चों को जागरूक किया। कार्यक्रम में सूबा सिद्दीकी, प्रमिला कुमारी, श्रृष्टि श्रीवास्तव, प्रिया, अनुराग चौधरी, अहमद खान सहित 100 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया।

# तंबाकू न देने पर युवक को पीटा, चार घायल - छह नामजद आरोपियों पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर/गोला।** गोला थाना क्षेत्र के नगर पंचायत गोला वार्ड नं. 10 बर्राह में दबंगई की हद पार कर देने वाला मामला सामने आया है। तंबाकू मांगने पर इंकार करना एक युवक को इतना भारी पड़ा कि आरोपियों ने उस पर और उसके परिजनों पर लाठी-डंडों व ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक वार्ड नं. 10 बर्राह निवासी कृष पुत्र तुलसी प्रसाद अपने भतीजे के साथ निमंत्रण से घर लौट रहा था। रास्ते में गांव के ही अखिलेश पुत्र संजय, आयुष पुत्र धर्मेंद्र, सन्नी पुत्र भोला भारती, अभिषेक पुत्र धर्मेंद्र, ककरही निवासी टोनी पुत्र छोटेलाल और महुआपार (थाना बड़हलगंज) निवासी आदित्य पुत्र चंद्रपाल ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि दबंगों ने कृष से तंबाकू मांगा, और जब उसने मना किया तो सभी ने गाली-गलौज करते हुए उस पर टूट पड़े। लाठी-डंडे और ईंट-पत्थरों से हमला कर कृष और उसके भतीजे अंकित को बुरी तरह घायल कर




दिया। मारपीट देखकर बीच-बचाव के लिए पहुंचे कृष के भाई बिट्टू और उसके साथी सूरज को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा और उन्हें भी पीटकर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल कृष लहूलुहान हालत में थाने पहुंचा, जहां से पुलिस ने उसे इलाज के लिए सीएचसी गोला भेजा

### पुलिस ने छह अभियुक्तों पर दर्ज किया केस

थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल शुक्ला ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर सभी छह आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(2), 115(2), 352, 351(3), 324(4) व 126(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है और आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है।

## दुकानदार से दबंगों ने की मारपीट



**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी अफजल पठान पुत्र एफान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह सांसद कार्यालय के पास कबाड़े की दुकान खोले हुये है। बीते मंगलवार को अपराह्न करीब 3 बजे वह अपने दुकान पर था। तभी नई तहसील के पीछे रहने वाले जुनैद कुरैशी पुत्र रहीश कुरैशी, फैजान अली पुत्र फडयाद अली, फरान राईन अपने साथ कुछ अज्ञात लोगों को लेकर आया और उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे उसके सिर व शरीर में चोटें आयीं हैं। आरोप है कि उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# भारतीय भाषा उत्सव 2025 का पीएमश्री स्कूल सेमरी में शुभारम्भ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोला तहसील के गगहा ब्लॉक अंतर्गत समयथान भीटी संकुल स्थित पीएमश्री स्कूल सेमरी में गुरुवार को भारतीय भाषा उत्सव 2025 का भव्य शुभारम्भ किया गया। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार 'Many Languages, One Emotion' थीम पर आधारित यह साप्ताहिक उत्सव 04 से 11 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा विभिन्न भाषाओं में प्रस्तुति के साथ हुई, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर भारत की भाषाई विविधता को जीवंत कर दिया। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक मनोज कुमार मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि भाषा मनुष्य की सबसे बड़ी पहचान है। हम जो सोचते, बोलते और लिखते हैं, वह सब भाषा के माध्यम से ही संभव होता है। भाषा हमें जोड़ती है और हमारे विचारों को दिशा देती है।



उन्होंने कहा कि भारत की भाषाई विरासत बेहद समृद्ध है, जहाँ सैकड़ों भाषाएँ और हजारों बोलियाँ बोली जाती हैं। हर भाषा अपनी संस्कृति, साहित्य, लोककथाओं और इतिहास को संजोए हुए है। उन्होंने बच्चों से अपनी मातृभाषा के सम्मान और संरक्षण का आग्रह करते हुए कहा कि भाषा बचेगी तो संस्कृति बचेगी, और संस्कृति बचेगी तो हमारी पहचान भी सुरक्षित रहेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक अध्यापक राम सिंह, पंकज कुमार गुप्ता, गुलाब, अशोक कुमार चौहान एवं प्रिंस का महत्वपूर्ण योगदान रहा। भारतीय भाषा उत्सव का यह आयोजन छात्रों में भाषाई गौरव, सांस्कृतिक समझ और बहुभाषीय संवाद को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम बना।

# क्विज प्रतियोगिता में ई टीम के बच्चों ने किया टॉप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र बर्डपुर के पूर्व माध्यमिक एवं कंपोजिट विद्यालय के बच्चों का ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान क्विज प्रतियोगिता, ब्लॉक संसाधन केन्द्र बर्डपुर के सभागार में सम्पन्न हुआ, जिसमे ब्लॉक के कुल 84 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। लिखित परीक्षा के बाद प्रतियोगिता में टॉप 25 बच्चों को एबीसीडीई का पांच ग्रुप बनाकर मौखिक रूप से प्रत्येक ग्रुप से विज्ञान से संबंधित पांच चक्र में पांच-पांच प्रश्न पूछे गए, जिसमें ग्रुप ई के विकास काशीपुर, अंकिता शर्मा बूडा, अवनीश यादव रमजान नगर, साधना बर्डपुर, शबनम परसा बेलहरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तथा ग्रुप ए के दुर्गेश



प्रजापति, गरिमा राव चकइजोत, श्यामू मधुबेनिया, खुशी बर्डपुर, वतन जायसवाल मोहनजोत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी रामू प्रसाद एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त सभी छात्र छात्राओं को शील्ड, मेडल, शिक्षण सामग्री, प्रशस्ति पत्र, देकर सम्मानित किया। विज्ञान, गणित के प्रति अभिरुचि पैदा करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आविष्कार के अंतर्गत विज्ञान की यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। ब्लॉक स्तर पर टॉप करने वाले ई टीम को जिला स्तर पर होने वाले प्रतियोगिता में अपने प्रोजेक्ट के साथ प्रतिभाग करना होगा। परीक्षा के सफल आयोजन में ब्लॉक समन्यवयक गुणवत्ता आशीष सिंह, लेखाकार अभिनव श्रीवास्तव कक्ष निरीक्षक के रूप में लगे सभी एआरपी का विशेष योगदान रहा। परीक्षा के समय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्र, अब्दुल अजीज,लोकेंद्र कुमार, ओम प्रकाश त्रिपाठी, सुशील कुमार सिंह, सालिक राम चौधरी, विनोद बजाज, विजय चौधरी, राम सेवक आदि उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने प्रशासन से की अतिक्रमण हटाने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के मधुकरपुर चौबे गांव में प्राइमरी विद्यालय तक जाने वाले मुख्य मार्ग को लेकर विवाद गहराता जा रहा है।बृहस्पतिवार को गांव के दर्जनों की संख्या में इकठ्ठा हुए ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पश्चिम दिशा में स्थित इस मार्ग की चौड़ाई पहले इतनी थी कि चार पहिया वाहन आसानी से गुजर जाते थे। लेकिन गेहूं की बुवाई के दौरान बीते एक सप्ताह में बगल के खेत स्वामियों ने चकरोड काटकर खेत में मिला लिया, जिससे रास्ता बेहद संकरा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है



कि अब इस पतले मार्ग से ट्रैक्टर या बड़े वाहन का निकलना लगभग असंभव हो गया है। यदि गलती से किसी के खेत में पहिया चला जाए तो विवाद की नौबत आ जाती है। गांव के लोगों ने बताया कि यह रास्ता स्कूल, खेत और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, ऐसे में अतिक्रमण के कारण पूरे गांव को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान शिवचरण यादव सहित गांव के प्रभु विश्वकर्मा,माता प्रसाद विश्वकर्मा,कल्लू तिवारी,विजय मौर्य,गौरीशंकर यादव सहित दर्जनों ग्रामीणो ने प्रशासन से मांग की है कि राजस्व कर्मियों को भेजकर चकरोड की नपाई कराई जाए और अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटवाया जाए। वहीं इस संबंध में उप जिलाधिकारी डुमरियागंज राजेश कुमार ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही राजस्व टीम भेजकर जांच कराई जाएगी और समस्या का समाधान कराया जाएगा।

# खेत पर बनी टपरिया क्षतिग्रस्त करने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम उत्तमधाना निवासी कल्यान पुत्र द्वारका प्रसाद ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 2 दिसम्बर को अपने रिश्तेदार के यहां शादी में आया हुआ। इसी का फायदा उठाते हुये जगदीश पुत्र चन्दन पटेल व नीरज पुत्र जगदीश ने उसके खेत में बनी टपरिया को क्षतिग्रस्त कर दिया। अगले दिन 3 दिसम्बर को जब वह घर लौटा व खेत पर जाकर उलाहना दिया तो उक्त लोगों ने गालियां दी और मारपीट कर दी। बचाव करने आये उसके पुत्र गौरव के साथ भी मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। पीड़िता ने बताया कि वह पूर्व से पैरालायसिस है और दूसरा पैर से दिव्यांग है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# मंदिर से भगवान का छत्र चोरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गांधी नगर नई बस्ती निवासी रमाकान्त गोस्वामी पुत्र अशोक कुमार गोस्वामी ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि विगत कई वर्षों से वह रेलवे स्टेशन के सामने बने जूना अखाड़ा हनुमान मंदिर से आरती पूजा करते हैं। प्रतिदिन की भांति वह 2 दिसंबर की रात करीब 10 बजे मंदिर का ताला बंद करके अपने घर चला गया। अगले दिन सुबह 8 बजे जब वह मंदिर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि मंदिर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था, जब उसने अंदर जाकर देखा तो हनुमान जी महाराज का चांदी का छत्र व मुकुट 2/3 दिसम्बर को रात में किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बीएनएस की धारा 305 (डी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# संक्षिप्त खबरें

## फ़र्ज़ी मर्डर केस में 11 दिसम्बर को आ सकता है कोर्ट का जजमेंट,जीजा या साले में कौन जायेगा जेल?



वादी मुकदमा मुस्तफ़ा पुत्र गफूर ग्राम रमपुरवा मजरा दरियाबाद थाना भीरा जिला खीरी ने अपनी जिंदा पत्नी की फ़र्ज़ी हत्या दर्शाकर अपने सगे साले बरकत अली अंसारी व उनके दो पुत्रों पर दिनांक-27 जून 2023 को कोर्ट में किया था केस।मामले में वादी के बयान व तीन लोगों की गवाही पड़ते ही जनपद लखीमपुर खीरी की अवाम 11 दिसंबर 2025 के जजमेंट का कर रही बेसब्री से इंतजार। बरकत अली अंसारी का कहना है की किसी इंसान का क़त्ल करना गोया कि इंसानियत का कत्ल करने के समान है,इंसान के कातिल की जगह है जेल। कानून की नजर में कातिल की सजा है(फांसी)या उम्रकैद। बरकत अली अंसारी का यह भी कहना है कि (सत्य मेव जयते) सत्य की कभी मौत नहीं होती सत्य विचलित,परेशान हो सकता है अंतता विजय सत्य की होती है असत्य पराजित होकर सत्य के सामने हो जाता है ढेर।

## चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस तैनात किये जाने की मांग

**लखीमपुर खीरी।** महेवागंज चौकी क्षेत्र के अंतर्गत महेवागंज चौराहे पर मंगलवार की सुबह भीषण जाम लग गया, जिससे आने-जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जाम की स्थिति इतनी गंभीर रही कि करीब 8 किलोमीटर लंबी वाहनों की कतारें दोनों ओर बनी रहीं। लंबे समय तक फंसे रहने के कारण वाहन चालकों, स्कूली बच्चों, मरीजों और आम यात्रियों में रोष देखने को मिला।स्थानीय लोगों के अनुसार, चौराहे पर रोजाना भारी वाहनों के दबाव के चलते जाम की समस्या बढ़ रही है, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह अनियंत्रित हो गई। कई जगहों पर वाहन पूरी तरह ठप हो गए, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई। गर्मी और धूप में घंटों फंसे रहने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।ग्रामीणों ने बताया कि चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती नहीं होने से समस्या और भी बढ़ जाती है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि महेवागंज चौराहे पर नियमित रूप से ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त की जाए, ताकि ऐसे जाम से लोगों को राहत मिल सके।

## भगवान भजनाश्रम ट्रस्ट द्वारा कोल आदिवासियों को वितरित की गई खाद्य सामग्री



**- खाद्यान्न सामग्री प्रकार खिले गरीबों के चेहरे**

**चित्रकूट:** भगवान भजनाश्रम द्वारा सरैंया चौकी क्षेत्र के विनय नगर घाटी कोलान बस्ती के आदिवासी, गरीब, वृद्ध व दिव्यांग लोगों को मानिकपुर उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम की उपस्थिति में खाद्यान्न सामग्री वितरित की गई। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष बिहारी सर्राफ और अग्रवाल एसोसिएट दिल्ली द्वारा 151 जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री वितरित की गई। विनय नगर घाटी कोलान में महेश कोल के सहयोग से आयोजित खाद्यान्न वितरण कार्यक्रम में आदिवासी परिवारों को आटा, दाल, चावल, गुड़, मसाला, सरसों का तेल, चीनी, गर्म टोपा, मोजे और अन्य आवश्यक सामग्री भी वितरित की गई। इस दौरान समाजसेवी केशव प्रसाद यादव ने कहा कि गरीबों की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। इसी सोच के साथ आपसी सहयोग से कंबल और खाद्य सामग्री वितरित की जा रही है। बताया कि संस्था के कोषाध्यक्ष बिहारीलाल सर्राफ और अग्रवाल एसोसिएट नई दिल्ली के सहयोग से भगवान भजनाश्रम ट्रस्ट वृंदावन के व्यवस्थापक राम अवतार यादव और उनकी टीम द्वारा पाठा क्षेत्र के गरीब इलाके में जरूरतमंदों को अन्न सामग्री का वितरण किया गया है। कार्यक्रम में सभासद शंकर प्रसाद यादव, समाजसेवी आर.के. शर्मा, दिलीप अवस्थी, भाकपा जिला सचिव कामरेड अमित यादव, सुमित, जानकी, छोटेलाल, शिव प्रकाश आदि ने सहयोग दिया।

# बुलडोजर एक्शन पर 'सुप्रीम' ब्रेक! आजम खान के करीबी के बरातघर ध्वस्तीकरण पर SC का स्टे, 10 दिसंबर तक राहत

**● बरेली में आजम खान के करीबी सरफराज वली खान के अवैध बरातघर एवाने-ए-फरहत पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद रोक दी गई।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरेली।** शहर के सूफी टोला में आजम खान के करीबी सरफराज वली खान के अवैध बरातघर एवाने-ए-फ़रहत के विरुद्ध तीसरे दिन भी बुलडोजर कार्रवाई शुरू होने के कुछ देर बाद ही स्वजन अधिवक्ताओं संग सुप्रीम कोर्ट का स्टे लेकर पहुंच गए। बीडीए और प्रशासन के अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट का आदेश दिखाते हुए कार्रवाई रोकने की अपील की।

बीडीए के अधिकारियों ने स्टे आर्डर को संज्ञान में लेते हुए तुरंत ही बुलडोजर कार्रवाई रोक दी। बीडीए की कार्रवाई रुकने से पीड़ित ने राहत की सांस ली। उधर बीडीए ने कार्रवाई में बाधा नहीं आए इसके लिए पहले से ही हाइकोर्ट में कैविएट दायर करने का दावा किया है। शहर में अवैध निर्माण के विरुद्ध बीडीए ने अभियान चला रखा है।

इसी क्रम में शाहजहांपुर रोड स्थित सूफी टोला में सपा नेता आजम खान और मौलाना तौकीर के करीबियों के अवैध गुड मैरिज हाल और एवाने-ए- फरहत बरातघर के विरुद्ध अक्टूबर-2011 में पारित ध्वस्तीकरण आदेश का पालन कराने के लिए बुलडोजर कार्रवाई शुरू कर दी। सकरी गली और घनी बस्ती में बने दोनों अवैध बरातघरों के विरुद्ध मंगलवार से शुरू हुई ध्वस्तीकरण कार्रवाई गुरुवार को जारी रही।

गुरुवार सुबह 11 बजे कार्रवाई शुरू होती उसके कुछ देर बाद एवाने-ए-बरातघर के मालिक और आज़म के करीबी सरफराज अपने अधिवक्ता वैभव माथुर के साथ सुप्रीम कोर्ट का स्टे आर्डर लेकर मौके पर पहुंचे। अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट की ओर से कार्रवाई को तुरंत रोकने और दस दिसंबर तक यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिखाया। इस पर अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट का स्टे देखने के बाद कार्रवाई को तुरंत ही स्थगित कर दिया।

**दस दिसंबर तक हाइकोर्ट में बात रखने का दिया समय**

पीड़ित सरफराज के अधिवक्ता वैभव माथुर ने बताया कि प्रशासन की ओर से हो रही कार्रवाई को रोकने की अपील उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में की। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका स्वीकार कि लेकिन प्रकरण को हाइकोर्ट इलाहाबाद में रखने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए दस दिसंबर तक एवाने- ए- फरहत बरातघर के विरुद्ध कार्रवाई स्थगित करने का आदेश दिया है।

## शहर मे शव मिलने से हडकंप



**लखीमपुर खीरी।** खीरी में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। युवक का नाम टिंकू है और उसका शव नौरंगाबाद में महराज कोठी के पीछे जलकुम्भी युक्त तालाब में मिला है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है और पुलिस को पहले से ही गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह घटना लखीमपुर खीरी में अपराध की बढ़ती घटनाओं को दर्शाती है, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई है। पुलिस को जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने की मांग की जा रही है बताया जाता है कि मृतक 30नवम्वर से.लापता चल रहा था। मामले मे पुलिस जांच शुरू कर दी है।

## भीषण जल भराव होने के कारण ग्रामीण का निकलना हुआ मुश्किल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिंगाही खीरी।** विकास खण्ड निघासन की ग्राम पंचायत बरसोला कलां में सड़क के निर्माण न ही होने से विकास कार्यों की पोल खुल रही है। ग्राम में सड़कें जिर्णशिर्ण होकर भीषण जल भराव से दलदल बन गयी है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि से सड़क निर्माण की मांग की गई लेकिन उन्होंने महिलाओंसे अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर ग्रामीणों को अपनेदरवाजे से भगा दिया। आरोप है कि पंचायत में पिछले 10 वर्षों से सड़क निर्माण ग्राम प्रधान की लापरवाही से अधर में लटका हुआ है। ग्राम की महिलाओं शिवरानी चौहान, गुड्डी देवी और मीना देवी ने प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि लगातार मांग के बावजूद सड़क नहीं बनवाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जब भी वे प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद मियां से सड़क निर्माण की बात करते हैं, तो उन्हें यह कहकर टाल दिया जाता है कि 'इस मोहल्ले से हमें वोट नहीं मिले।' महिलाओं का कहना है कि बिना बरसात के ही सड़क पर पानी भरा रहता है। सड़क पर भीषण कीचड़ होने की वजह से सड़क दलदल बन गई। स्कूल जाने वाले बच्चे भी पानी देखकर रास्ता बदलने को मजबूर होते हैं। महिलाओं ने यह भी बताया कि बरसात में सड़क की हालत और खराब हो जाती है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों ने कहा कि शिकायतें करने के बावजूद किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। जब इस मुद्दे पर प्रधान प्रतिनिधि से बात करने की कोशिश की गई और उनसे इस सड़क की स्थिति के बारे में जानकारी मांगी गई, तो उन्होंने फोन बिजी कर दिया। अब बड़ा सवाल यह है कि लगातार 10 वर्षों से सड़क क्यों नहीं बनी? क्या केवल वोट न मिलने की वजह से मोहल्ले के लोगों को विकास से वंचित किया जा रहा है? ग्रामीण इसे भेदभावपूर्ण रवैया बता रहे हैं। एक ओर जहां योगी सरकार लगातार विकास कार्यों को गति देने का दावा कर रही है, वहीं बरसोला कलां जैसे गांव सरकारी योजनाओं से लाभान्वित नहीं दिखते। ग्रामीणों के अनुसार विकास का असर उनके गांव तक पहुंचता ही नहीं है। ग्राम वासियों ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि मामले की जांच कर गांव में जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया जाए, ताकि बरसोला कलां भी विकास की मुख्यधारा में शामिल हो सके। निघासन खण्ड विकास अधिकारी जयेश कुमार ने बताया की जनता के प्रतिनिधि अभद्र भाषा काप्रयोग नहीं कर सकते सड़क खराब है। ग्राम पंचायत को मौके परभेज कर सड़क का निर्माण कराया जाएगा।

# शासन के आदेश ताक पर प्राईवेट प्रेक्टिस कर रहे सरकारी डाक्टर

**● जिला अस्पताल मे तैनात कुछ डाक्टर चला रहे खुद के निजी अस्पताल तो कुछ नर्सिंग होमो मे आपरेशन करते देखे जा रहे सरकारी सर्जन**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखमपुर खीरी।** जनपद खीरी के जिल अस्पताल मोतीपुर मे तैनात दर्जनो डाक्टर सरकार से प्रा ईवेट प्रेक्टिस भत्ता लेने के बावजूद प्राईवेट प्रक्टिस करने मे मशगूल दिखाई पड रहे हैं। सरकार की लाख सख्ती के बावजूद सरकारी डाक्टरो द्वारा की जा रही प्राइवेट प्रैक्टिस पर रोक नहीं लग पा रही है। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल मे वरिष्ठ सर्जन के पद पर तैनात एक सर्जन शहर के कई मानक विपरीत संचालित अस्पतालो मे आपरेशन करते दिखाई पड रहे हैं वही फिजीशियन डा.वी.के यादव अपना निजी अस्पताल केयर हास्पिटल चलाते देखे जा सकते हैं।यह तो महज बानगी भर है ऐसे अन्य दर्जनो डाकाटर है जो या तो खुद के नर्सिंग होम चला रहे है या फिर शहर मे संचालित निजी अस्पतालो मे प्रा ईवेट प्रेक्टिस करते देखे जा सकते है। अंश हास्पिटल मीरपुर ,केयर हास्पिटल राजापुर मंडी के पास इसका पुख्ता प्रमाण हैं जो सरकारी डाक्टरो द्वारा संचालित किये जाने की चर्चा आम हो रही है।और जिम्मेदार अधिकारी इस पर रोक लगा पाने मे पूरी तरह से विफल दिखाई पड रहे हैं। सूत्रो का आरोप है कि कई डाक्टरो ने तो अपने कई लडके लगा रखे है जो जिला अस्पताल मे ईलाज कराने आने वाले मरीजो को बेहतर इलाज का सब्जबाग दिखाकर उनको डाक्टरसाहब के निजी अस्पताल मे भर्ती करा दिया जाता है जहां पर उनसे दो हजार रूपया प्रतिदिन के हिसाब से बेड चार्ज और मोनोपली कंपनी की दूनी एम.आर.पी. वाली दवाये देकर उनकी जेबे ढीली की जा रही है। ऐसा ही एक मामला केयर हास्पिटल की पार्टनरशिप मे अस्पताल चला रहे डा. वी.के.यादव का सामने आया है केयर हास्पिटल मे भर्ती मरीज मानसी के मरीजो ने डाक्टर पर उसको अस्पताल मे भर्ती करने की बजाय अपने निजी अस्पताल मे भर्ती कर चार दिन मे चालीस हजार रूपये वसूल किये जाने के गभीर आरोप लगायेहै मरीज मानसी के परिजनो का आरोप है कि वह अपने मरीज को इलाज के लिये जिला अस्पताल ले गया था जहां उसे डाक्टर वी.के.यादव ने बताया मरीज की हालत काफी खराब है जिला अस्पताल मे कोई व्यवस्था नही है आप अपने मरीज को केयर अस्पताल मे भर्ती कराओ मै वही आकर देखता हू ।परेशान हाल परिजनो ने राजापुर मंडीकेपास स्थित केयर हास्पिटल मे मरीज को भर्ती कराया जहां उससे चार दिनो मे दवा और बेड चार्ज केनाम पर लगभग 40000 रूपया वसूल किया गया है। पीडित पक्ष ने मामले की शिकायत कर जांच कराये जाने की मांग की है।




# सुरक्षा व्यवस्था पर खडे हो रहे सबाल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर/नीमगांव।** नीमगांव थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे आपराधिक घटनाक्रम ने पुलिस की कार्यशैली और सुरक्षा व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।ताजा मामला कस्ता गोला मार्ग टिकौला गांव का है जहां दिन दहाड़े कनौजिया हार्डवेयर मशीनरी स्टोर पर काउंटर में रखी 80 हजार नकदी चोरों ने चुरा ली।क्षेत्र में लूट, चोरी और छिनैती जैसी वारदातों ने आमजन में भय का माहौल पैदा कर दिया है। आए दिन होने वाली घटनाओं के चलते थाना नीमगांव चर्चा और विवादों के केंद्र में बना हुआ है। जिले के जिम्मेदार अधिकारियों ने अपराध पर लगाम लगाने के उद्देश्य से नीमगांव थाने के थानाध्यक्षों में लगातार बदलाव भी किए, लेकिन इसके बावजूद अपराध का ग्राफ नीचे आने का नाम नहीं ले रहा। जनता का सवाल है कि अगर थानेदार बदलना ही समाधान है तो अपराधी खुलेआम चुनौती कैसे दे रहे हैं?स्थानीय लोगों का कहना है कि सर्द रातों में गांव की पगडंडियों से लेकर हाइवे के चौक-चौराहों तक तैनात खाकी अब खुद सवालों के घेरे में है। कागजों पर गश्त और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत दिखाई देती है, लेकिन जमीनी हालात इसके विपरीत नज़र आ रहे हैं।सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि अपराधी पुलिस की मौजूदगी को नजरअंदाज करते हुए घटना को अंजाम दे रहे हैं, जिससे पुलिस की कार्यक्षमता और अपराधियों पर निगरानी को लेकर संदेह गहरा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि थाना क्षेत्र की सुरक्षा की बागडोर पूरी तरह पुलिस के हाथों में होते हुए भी अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और घटनाओं में कमी नहीं आ रही। लोगों की मांग है कि क्षेत्र में गश्त और पिकेटिंग को सख्ती से लागू किया जाए। संदिग्ध व्यक्तियों की कड़ी निगरानी हो। फिलहाल पूरे क्षेत्र की निगाहें इस पर टिकी हैं कि क्या नीमगांव पुलिस अपराध की इस चुनौती पर काबू पाने में सफल होगी या फिर अपराधियों की धमक इसी तरह जारी रहेगी?

## बांदा के शिवमंगल ने फतेहपुर के छुट्टन की दी पटखनी



**हमीरपुर :-** मुस्करा विकासखण्ड क्षेत्र के बांधुर बुजुर्ग संकटमोचन मंदिर परिसर में बृहस्पतिवार के दिन विशाल दंगल का आयोजन किया गया।दोपहर लगभग तीन बजे शुरू हुए दंगल में डेढ़ दर्जन कुश्तियां हुई।सबसे पहली कुश्ती बांदा के शिवमंगल और फतेहपुर जे छुट्टन के बीच हुई ,जिसमें बेहद रोमांचक मुकाबले के बाद शिवमंगल ने छुट्टन को पटखनी दी।उसके बाद भरत जालौन-अंकित झांसी ,दिलीप लखनऊ-विश्वजीत उन्नाव ,विजय गोरखपुर-संगम लोधामऊ ,शैलेन्द्र बांधुर-मिहित हाथरस समेत कुल 18 कुश्तियां हुई।सभी विजेता पहलवानों को तय पुरुष्कार व हारे हुए पहलवानों की भी सांत्वना पुरुष्कार दिया गया।कार्यक्रम का आयोजन ,संकटमोचन मन्दिर कमेटी व ग्रामप्रधान द्वारा करवाया गया।

## एस आई आर में महा मंत्री भाजपा ने दिया पूर्ण सहयोग



**बरेली/** भाजपा सुंदरी मंडल के महामंत्री वेदपाल कनौजिया ने सरकार द्वारा मतदाता पुनरीक्षण कार्य में अपना पूर्ण सहयोग देकर इस कार्य को करने में लगी टीम का पूर्ण सहयोग दिया जिसके तहत कार्य कर रही टीम को बड़ी राहत मिली जिसके तहत महामंत्री वेदपाल कनौजिया ने परसरामपुर सेक्टर के प्रवासी वूथो में फुलवैया पनवडिया चंद पुर ख्याली राम मैं जाकर मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य की जानकारी ली और बी एल ओ के साथ बूथ अध्यक्षो से सहयोग करके कार्य को पूर्व करवाने में सहयोग दिया किन के साथ शक्ति केंद्र संयुजा के विष्णु गंगवार बूथ अध्यक्ष अनिल सिंह मौजूद रहे इस कार्य में सहयोग करने के लिए टीम व ग्रामीणों ने बधाई दी।

# रोट्रैक्ट क्लब गोला छोटी काशी ने सड़क सुरक्षा के अंतर्गत वाहनों पर लगाई रेडियम पट्टी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** रोट्रैक्ट क्लब गोला छोटी काशी एवं रोटरी क्लब गोला सेंट्रल के संयुक्त तत्वाधान में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत गोला गोकर्णनाथ नगर के मिल यार्ड में आने वाले वाहनों यथा बैलगाड़ियों,ट्रैक्टर व ट्रालियों पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोला नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू एवं गोला कोतवाल अम्बर सिंह और उनकी टीम के साथ मिलकर रेडियम पट्टी लगाने का कार्य करते हुए कृषकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम के प्रभारी के रूप रोट. प्रशांत कुमार मिश्रा ने कार्य किया। मुख्य अतिथि विजय शुक्ल रिंकू ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि रोट्रैक्ट क्लब गोला छोटी काशी एवं रोटरी क्लब गोला सेंट्रल के संयुक्त तत्वाधान में नगर में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए रेडियम पट्टी लगाने का कार्य गत कई वर्षों से निरंतर किया जा रहा है।रेडियम पट्टी लगाने का कार्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है,ताकि रात में वाहन और सड़क की बाधाएं दूर से दिखाई दें और हादसों को रोका जा सके।यह पट्टी वाहनों (ट्रैक्टर, ट्रॉली,मोटरसाइकिल,बैलगाड़ी) पर,सड़क के साइनबोर्ड पर और अन्य जगहों जैसे कि खंभों,निर्माण स्थलों,और मवेशियों पर भी लगाई जाती है। संस्था के अध्यक्ष पवन गुप्ता एवं सुमित कुमार शाह ने बताया कि रात में,खासकर कोहरे या खराब रोशनी वाली सड़कों पर,रेडियम पट्टियां अन्य ड्राइवरों को आगे किसी वाहन या सड़क पर बाधा होने का संकेत देती हैं,जिससे टक्कर से बचाव होता है। इस मौके पर रोट.त्रिनयन राजपूत,गौरी शंकर यादव,पवन प्रजापति,गौरव गुप्ता,सौरभ गुप्ता,रवि प्रकाश वरुन अग्रवाल जी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



# विधायक ने ब्लॉक प्रमुख के साथ किया मानसिक कैंप का फीता काटकर उद्घाटन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरेली/** क्यों लड़िया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगे मानसिक कैंप का उद्घाटन नवाबगंज विधायक डॉ एमपी आर्य ने भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार के साथ कैंप का उद्घाटन फीता काट कर किया इस मौके पर टीवी रोग से पीड़ित रोगियों को पौष्टिक आहार के रूप में मिनी किटे वितरित की गई इस मौके पर भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने संबोधित करते हुए कहा। इन कैंपों के माध्यम से रोगियों को उपचार दिया जा रहा है यह देश और प्रदेश की सरकार की सोच का परिणाम है जिसके चलते मानसिक रोग से पीड़ित लोगों को उपचार देकर साधारण जीवन जीने का अवसर प्रदान करने का कार्य सरकार कर रही है यह सराहनीय कदम है जिसके तहत टीवी जैसी भयंकर बीमारी को जड़ से मिटाने के लिए भी सरकार प्रयास कर रही है। इसी अवसर पर विधायक दो आर्य ने भी संबोधित करते हुए कहा चिकित्सा अब पहले की तरह नहीं है अब किसी भी मानसिक रोग से पीड़ित व्यक्ति को भड़काने की आवश्यकता नहीं है ना ही निराश होने की उपचार के बाद उसे ठीक किया जा सकता है सरकार ने उपचार एवं टीकाकरण से कई बीमारियों का सफाया कर दिया जैसे पोलियो मुक्त भारत हो गया। यह बड़ी उपलब्धि है यहीं पर डॉक्टर मानसिक रोग विशेषज्ञ आशीष कुमार ने भी लोगों को जागरुक करते हुए कहा अब डरने की आवश्यकता नहीं है साथ ही बीड़ी सिगरेट शराब जैसे नशा के आदि व्यक्तियों का भी उपचार कर उन्हें नशे की लत से बचाया जा सकता है यहां पर उपस्थित क्यों लड़िया के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद मुगीश नेक कैंप में आए जनप्रतिनिधियों एवं रोगियों का आभार व्यक्त किया। यहां पर उपस्थित विधायक डॉक्टर एमपी आर्य भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार क्यों लड़िया प्रधान पुष्पा देवी पति रविंद्र कुमार गंगवार भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमकरण गंगवार पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि कपूर ओमप्रकाश गंगवार हरपाल फौजी मुकेश कुमार महेश चंद के साथ ही स्वास्थ्य विभाग से प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद मुगीश डॉ अंशुमान पटेल डॉक्टर नीतिका डॉक्टर गुंजन समेत अन्य स्टाफ मौजूद था।






## एक हफ्ते से खराब हैंड पंप पर जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर/बेहजम।** विकासखंड बेहजम की ग्राम पंचायत पैला में पानी संकट गहराता जा रहा है। गांव के ओमप्रकाश भार्गव के घर के पास स्थित हैंडपंप पिछले एक सप्ताह से खराब पड़ा है, लेकिन ग्राम प्रधान श्रीपाल मिश्रा और ग्राम सचिव संदीप चौधरी को दी गई सूचना के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। जलापूर्ति की अनदेखी अब ग्रामीणों के लिए भारी समस्या बन चुकी है। यह हैंडपंप मार्शल समाज (पासी समाज) के लिए जीवनरेखा के समान था। लगभग 40 से अधिक सदस्य इसी हैंडपंप से प्रतिदिन पानी की जरूरत पूरी करते थे। जबकि पासी समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है—जो कभी किसी के आगे झुका नहीं—लेकिन आज वही समाज एक-एक बूंद पानी के लिए तरसने को मजबूर है।ग्रामीणों के अनुसार यह हैंडपंप 25 वर्ष से अधिक पुराना है, और आज तक न तो रिबोर कराया गया और न ही पाइपिंग बदली गई। कई बार ग्रामीणों ने निजी खर्च पर मिस्त्री बुलवाकर मरम्मत करवाई, जबकि हैंडपंप के रिबोर और मरम्मत के लिए शासन से अलग बजट उपलब्ध होता है। पशुपालन करने वाले परिवारों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि अब पानी के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी और ग्राम प्रधान से शीघ्र हैंडपंप रिबोर कराने व पानी की समस्या का स्थायी समाधान की मांग की है।



## गोला पुलिस 26 दिन बाद भी नही लगा सकी ट्राली चोरी का सुराग

**गोला पुलिस की रात्रिकालीन गस्त पर लग रहे सवालिया निशान।**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला थाना क्षेत्र के गांव खम्हौल से 26 दिन पहले गांव के बाहर खड़ी दोपहिया जुड्डा ट्राली चोरी का गोला पुलिस अबतक कोई सुराग नहीं लगा सकी है। गोला थाना प्रभारी ने ट्राली चोरी का मुकदमा दर्ज कर इति श्री करली है। इस चोरी से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है, वहीं गोला पुलिस की गस्त पर भी लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं।लोगों में पुलिस की कार्यप्रणाली पर असन्तोष उपज रहा है। ज्ञात हो कि खम्हौल निवासी सद्दाम हुसैन की दोपहिया नीले रंग की जुड्डा ट्राली गांव के बाहर अन्य ट्रालियों के साथ खड़ी थी, जिसे 8 नवम्बर रात को अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा चोरी कर ली गई थी। रविवार जब ट्राली का कोई पता नही चला तो गोला पुलिस को लिखित तहरीर दी थी कई दिनों बाद गोला थाने में ट्राली चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था।

# आखिर बिजुआ की जांच से क्यो बचते नजर आ रहे डी.पी.आर.ओ.व डी.सी मनरेगा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

विकासखंड बिजुआ की बहुचर्चित ग्राम पंचायत मूडा बुर्जुग में सड़क और शोकपिट और खाद के गडढे के नाम पर फर्जी तरीके से किए गए लाखों के सरकारी धन गबन की जांच किया जाना ग्रामीणों की प्रमुख मार्ग बनी है इसके बावजूद भी अधिकारियों के कान पर जून तक नहीं रेंग रहा है सूत्र बताते हैं मामले की दर्जनों शिकायतें की गई है लेकिन ऊपर तक चल रही साठगांठ के चलते सभी शिकायतों में ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा बगैर जांच के मनमाने तरीके से फर्जी जांच आख्या लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह किया जा रहा है और जिम्मेदार अधिकारी मामले की जांच करने से बचते नजर आ रहे हैं आखिर क्यों अहम सवाल बना हुआ है।

**यदि केवल नल रिबोर और मरम्मत सहित साफ सफाई दबा छिडकाव की करा ली जाय निष्पक्ष जांच तो कई ईमानदार चेहरे होंगे बेनकाब-**

ग्राम पंचायत मूडा बुर्जुग में अधूरे कार्यो पर काम दिखाकर पैसे का बंदरबाट कर लिए जाने का मामला भले ही अखबारी सुर्खियां बना है और इसकी निगरानी को नियुक्त किए गए जिम्मेदार अधिकारी अपनी कुंभकर्णी नींद में सोए दिखाई पड़ रहे हैं ।सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड बिजुआकी ग्राम पंचायत मूडा बुर्जुग में हैंडपंप मरम्मत और रिबोर के नाम पर लाखों रुपए का भुगतान निकाल कर बंदरबांट कर लिया गया ।हर घरनल जल योजना के अंतर्गत हर साल लाखों का भुगतान तो निकल गया पर गांव के काफी लोग आज भी पीने के पानी को दूर-दूर से पानी भरकर लाने को विवश दिखाई पड़ रहे हैं।

इतना ही नहीं कई नलों से गंदा और दूषित पानी निकल रहा है जो नल रिबोर और मरम्मत की पोल खोलने को काफी है। ग्राम पंचायत मूडा बुर्जुग में कई नल खराब पड़े बताए जाते हैं अधिकारियों की मिली भगत से बगैर कार्य कराए महज कागजों पर काम दिखाकर पैसा निकल जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है प्रधान और पंचायत सचिव पर विकास के नाम पर धन निकालकर आपस में बंदरबाट किए जाने के ग्रामीणों द्वारा आरोप लगाए गए हैं देखा जाए तो कई योजनाओं में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है चाहे वह स्ट्रीट लाइट खरीद का मामला हो या फिर हयूम पाइप खरीद तथा दवा छिड़काव और साफ सफाई अथवा ठेलिया खरीद का मामला हो। ग्रामीणों में राधेश्याम सहित तमाम ग्रामीणों के बताएं अनुसार ग्राम पंचायत में क ई का कागजो पर करवाकर पैसा निकालकर हजम कर लिया गया हौ। ऐसा ग्रामीणों का आरोप है ग्रामीणों का कहना है यदि जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल करायें मामले की निष्पक्ष जांच तो लाखों का घोटाला आएगा सामने और कई लोगों पर आएगी कार्रवाई की आंच ।अब देखना यह है कि जिले की ईमानदार जानी जाने वाली जिला अधिकारी द्वारा उपरोक्त मामले पर क्या कार्रवाई की जाती है?

# दुधवा टा इगर रिर्जव मे वाघ आंकलन अभ्यास का दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** दुधवा टाइगर रिज़र्व में बाघ आंकलन अभ्यास एवं पालतू हाथियों के प्रबंधन विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यशाला में वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, वन्यजीव विशेषज्ञों, डॉक्टरों, महावतों और चाराकटरों ने प्रतिभाग कर बाघ संरक्षण और हाथियों के व्यवहारिक प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने बाघों के मूवमेंट, टाइगर ट्रैकिंग तकनीक, कैमरा ट्रैपिंग, मानवीय गतिविधियों से दूरी बनाए रखने के उपायों और जंगल में सुरक्षा मानकों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इसके साथ ही दुधवा में तैनात पालतू हाथियों की दिनचर्या, आहार, प्रशिक्षण प्रणाली और जंगल में उनकी सक्रिय भूमिका पर विशेष रूप से बातचीत हुई। इसी क्रम में हाथियों के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु 06 दिसंबर तक विशेष स्वास्थ्य कैंप भी चलाया जाएगा, जिसमें हाथियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, पोषण जांच और चिकित्सीय उपचार किया जाएगा। विशेषज्ञों ने महावतों और चाराकटरों को हाथियों की देखभाल, संकेत समझने, व्यवहारिक बदलावों की पहचान, पोषण प्रबंधन तथा आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार से जुड़ी विशेष ट्रेनिंग दी। अधिकारियों ने बताया कि इस कार्यशाला से बाघ संरक्षण अभियान को तो मजबूती मिलेगी ही, साथ ही दुधवा के हाथियों के बेहतर स्वास्थ्य और मानवीय प्रबंधन के प्रयासों को भी नई दिशा मिलेगी।वन विभाग ने आने वाले समय में ऐसे प्रशिक्षण शिविर निरंतर आयोजित करने की घोषणा की।



## संक्षिप्त खबरें

### फैमिली प्लानिंग के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावाएर बंध्याकरण शिविर का आयोजन 26 लोगों का किया गया बंध्याकरण



**भदोही** सुरियावां दिनांक 4 दिसंबर2025 गुरुवार को नसबंदी पखवाड़ाव जनसंख्या नियंत्रण एवं परिवार नियोजन के अंतर्गत चलाए जा रहे नसबंदी पखवाड़ा के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावा शिविर में24महिला एवं 2 पुरुष का सफलतापूर्वक बंध्याकरण डॉक्टर द्वाराकिया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक सुरियावा डॉक्टर अभिषेक नाग द्वारा बताया गया कि सभी पेशेंट को दवाइयां उपलब्ध कराई गई तथा एंबुलेंस से घर तक पहुंचवाया जाएगा।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 50 जोड़े की होगी शादी



**भदोही/सुरियावां** आज शुक्रवार 5 दिसंबर 2025 को भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पात्र शहरीएवं ग्रामीण क्षेत्र के कन्याओं के शादी हेतु शासन द्वारा प्रदान किया जाता है जो की अनुदान राशि वर एवं कन्या के खाते में भेजा जाता है जिसके अंतर्गत आज खंड विकास कार्यालय सुरियावा के परिसर में 50 जोड़े एक साथ जीवन जीने की कसमें खाएंगे जिसकी सूचना खंड विकास अधिकारी सुरियावा बृजेश कुमार तिवारी द्वारा दिया गया।

### सेंटथामस स्कूल मे (प्रतिभा) वार्षिक मेला 11 दिसंबर को

**गोपीगंज।** नगर स्थित सेंट थामस स्कूल मे 11 दिसंबर गुरुवार को प्रतिभा 2025 का आयोजन किया गया है। यह जानकारी प्रधानाचार्य बृंदा सैम ने दी बताया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी गुरुवार 11 दिसंबर को आयोजित मेले मे बच्चे स्टाल व माडल के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह आज, 301 जोड़ों के बंधन में बंधने की तैयारियाँ पूर्ण

**भदोही।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आज जनपद भदोही में भव्य सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिले के सभी छह विकास खंडों सहित नगर पंचायत नई बाजार में कुल 301 जोड़ों का विवाह विधि-विधान के साथ संपन्न कराया जाएगा। प्रशासन ने सभी स्थानों पर तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है और कार्यक्रम को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु अधिकारी व कर्मचारी तैनात कर दिए गए हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार विवाह कार्यक्रम में विकास खंड औराई में 54, भदोही में 25, ज्ञानपुर में 46, सुरियावां में 33, डीघ में 39, अभोली में 14 तथा नगर पंचायत नई बाजार में 1 जोड़े का विवाह कराया जाएगा। सभी स्थलों पर पंडितों की व्यवस्था, मंडप सज्जा, भोजन, पेयजल, सुरक्षा, स्वच्छता और चिकित्सा सुविधाएँ सुनिश्चित की गई हैं। कार्यक्रम के दौरान नवविवाहित जोड़ों को सरकार की ओर से निर्धारित सभी आवश्यक सामग्री, उपहार और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। सामूहिक विवाह योजना गरीब, निराश्रित एवं वंचित परिवारों की बेटियों के सम्मानजनक विवाह को प्रोत्साहित करने वाली राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल है।

### रोजगार मेला में 37 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार



**हमीरपुर:-** के0पी0 निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुमेरपुर, हमीरपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम एजुकेशन फाउण्डेशन, कानपुर, पीपुल मंत्रा, अहमदाबाद, एस0 बी0आई0 लाइफ इंश्योरेंस, हमीरपुर एवं के0 जी0बी0एस0 इंडिया प्रा0लि0, गुड़गांव, द्वारा प्रतिभाग किया गया। आज आयोजित मेले में कुल 62 अभ्यर्थी सम्मिलित हुये जिसमें से कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों हेतु कुल 37 अभ्यर्थियों का साक्षात्कारोपरान्त चयन किया गया। प्रतिभागी प्रथम एजुकेशन फाउण्डेशन, कानपुर में 05, पीपुल मंत्रा, अहमदाबाद, में 13, एस0 बी0 आई0 लाइफ इंश्योरेंस, हमीरपुर, में 08 एवं के0जी0बी0एस0 इंडिया प्रा0लि0, गुड़गांव, में 11 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों पर चयन किया गया।

# जिलाधिकारी ने राजकीय धान क्रय केन्द्र जंगीगंज एवं जंगीगंज प्रथम का किया औचक निरीक्षण

- कृषक भाई अपना धान केवल सरकारी धान क्रय केन्द्रो पर विक्रय करे एवं समर्थन मूल्य रु2369 प्रति कुंतल का लाभ प्राप्त करे-डीएम

**धान क्रय केंद्र प्रभारी,राजकीय बरदाना/ बोरा सभी केदो पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें-डीएम**

**क्रय केदो पर कृषकों के सुविधाओं का पर्याप्त ध्यान रखा जाए**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही** 04 दिसंबर 2025/ जिलाधिकारी शैलेष कुमार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत जनपद में प्रगतिमान धान खरीद की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने हेतु खाद्य विभाग द्वारा संचालित राजकीय धान कय केन्द जंगीगंज एवं जंगीगंज प्रथम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी /विपणन अधिकारी उपस्थित मिले। निरीक्षण के समय कृषकों के धान की तौल की जा रही थी। कृषकों से पृच्छा करने पर अवगत कराया कि धान विक्रय हेतु लाया गया है एवं केन्द्र पर कोई समस्या नहीं है।

केन्द्र प्रभारी ने अवगत कराया कि कय केन्द्र जंगीगंज एव कय केन्द्र जंगीगंज प्रथम का खरीद लक्ष्य के अनुरूप धान की खरीद जारी है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार द्वारा निर्देशित किया गया कि गतवर्ष क्रय केन्द्र पर धान विक्रय करने वाले कृषकों से सम्पर्क कर उन्हें धान विक्रय करने के लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही कृषक पंजीकरण सत्यापन में वृद्धि लाने के लिए भी स्वयं रुचि लेकर प्रयास करें। उन्होंने धान में नमी का परीक्षण भी किया। डीएम ने सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि राजकीय बरदाना/ बोरा सभी केदो पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। धान कय लक्ष्य प्राप्त करने के लिए भी निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कृषकों से अपील की कि कृषक भाई अपना धान केवल सरकारी धान कय केन्द्रों पर विक्रय करें एवं समर्थन मूल्य रु0 2369 प्रति कुन्तल का लाभ प्राप्त करें।

### निर्वाचन आयोग ने विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियाँ बदलीं, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

**भदोही।** जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों में संशोधन किया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार गणना अवधि 11 दिसंबर 2025, निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 16 दिसंबर 2025, दावे एवं आपत्तियाँ 16 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026, वहीं नोटिस चरण, सुनवाई, सत्यापन एवं निस्तारण 07 फरवरी 2026 तक निर्धारित किया गया है। अंतिम रूप से संशोधित निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी 2026 को किया जाएगा। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि गणना प्रपत्रों का एकत्रीकरण, डिजिटाइजेशन तथा अनमैप्ड मतदाताओं की बीएलओ ऐप के माध्यम से मैपिंग का कार्य 11 दिसंबर 2025 तक हर हाल में शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए, ताकि पुनरीक्षण कार्य सुचारू रूप से निर्धारित समयसीमा के भीतर संपन्न हो सके।

### अंतर्राष्ट्रीय धावक एवं बीएसएफ के सेवानिवृत्त डिप्टी कमांडेंट मुरलीधर जी के निधन पर डीएम, एसपी ने दी श्रद्धांजलि

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही/** जनपद भदोही के गौरव,अंतर्राष्ट्रीय धावक एवं बीएसएफ में डिप्टी कमांडेंट पद से सेवानिवृत्त मुरलीधर जी का स्वास्थ्यगत कारणों से 04 दिसंबर की भोर में दुखद निधन हो गया। उनके निधन से पूरे जनपद में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। निधन की सूचना पर जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक स्वयं उनके पैतृक गांव मदनपुर, गोपीगंज पहुंचे। वहां दोनों अधिकारियों ने दिवंगत मुरलीधर जी के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। उपस्थित अभोली ब्लाक प्रमुख प्रियंका बिंद ने भी श्रद्धांजलि दी।

जिलाधिकारी ने कहा कि 'मुरलीधर जी का देहावसान जनपद के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने देश की सीमा सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जनपद का नाम रोशन किया। सेवानिवृत्ति के बाद भी मुरलीधर जी खेलों के प्रति अत्यंत समर्पित रहे। वे अपने मिशन के माध्यम से खेलों में नई क्रांति लाने तथा ओलंपिक खेलों में अधिकाधिक पदक दिलाने की दिशा में निरंतर सक्रिय प्रयास कर रहे थे। वे हमेशा युवाओं को खेल, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करते थे। सेना व अर्धसैनिक बलों में भर्ती की तैयारी करने वाले युवा उन्हें अपना आदर्श और मार्गदर्शक मानते थे।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि 'मुरलीधर जी का जीवन संघर्ष, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का उत्कृष्ट उदाहरण रहा है। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। 'जनपद प्रशासन, खेल जगत, बीएसएफ परिवार तथा क्षेत्रवासियों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

## ऑटो में ब्लेड मारकर विवाहिता के बैग से सोने का झुमका चोरी, चालक पर संदेह गहराया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोपीगंज।** गोपीगंज कस्बे में एक विवाहिता के साथ हुई चोरी की सनसनीखेज वारदात ने लोगों को हैरान कर दिया। मायके आ रही पीड़िता के बैग को ब्लेड से काटकर सोने का कीमती झुमका चोरी कर लिया गया, जिसमें ऑटो चालक की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक कालिका बारा कपसेठी निवासी सुनील विश्वकर्मा की पत्नी गीता देवी बुधवार को अपने मायके गोपीगंज में शादी समारोह में शामिल होने के लिए निकली थीं। कछवां से गोपीगंज आने के दौरान उन्होंने एक ऑटो पकड़ा। रास्ते में चालक ने सीएनजी भरवाने के बहाने गीता देवी को ऑटो से नीचे उतरने को कहा।

गोपीगंज बस स्टैंड पहुंचने पर जब गीता देवी ने अपना बैग उठाया तो उसका चैन खुला मिला। बैग के अंदर ब्लेड से काटे जाने के निशान स्पष्ट दिख रहे थे, जबकि सोने का झुमका गायब था। चौंकाने वाली बात यह रही कि झुमके का खाली डब्बा बैग के अंदर ही छोड़ दिया गया था, जिससे चोरी की पुष्टि हो गई। इसी दौरान ऑटो चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घटना से स्तब्ध गीता देवी ने परिजनों को सूचना दी और बाद में महिला थाना पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर चालक की खोजबीन शुरू कर दी है। पुलिस ऑटो चालक की भूमिका को लेकर गंभीरता से जांच कर रही है और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की भी पड़ताल की जा रही है।

### प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस ने किया फ्लेग मार्च



**चुनार मिर्जापुर।** आगामी 6 दिसंबर के मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टिगत गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस फोर्स द्वारा नगर में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लेग मार्च कस्बा के लाल दरवाजा,चौक,गगेश्वर नाथ, बेलवीर, सद्दूपुर मोहाना होते हुए चौक बाजार में समाप्त हुआ।इस दौरान उपनिरीक्षक सरोज चौबे, शिवानंद यादव, हेड कांस्टेबल विमलेश सिंह विनय राय, कांस्टेबल भानु प्रताप सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

## मटियारी में कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**औराई:-** भदोही जनपद के सीमावर्ती गांव मटियारी में स्थित प्राचीन बाबा वनखण्डी शिव मंदिर पर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ बुधवार को बड़े ही भक्ति भाव श्रद्धा और कलश यात्रा के साथ सम्पन्न हुआ। यहां पर मुख्य कथा वाचक त्यागी जी महराज के साथ गांव और क्षेत्र के लोगों ने बड़े ही विधि विधान से पूजन के बाद सैकड़ों की संख्या में पहुंची महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर भव्य कलश यात्रा में शामिल हुई। कलश यात्रा ग्राम देवी मंदिर से होते हुए पूरे क्षेत्र दिनाथपुर, पचेवरा, गेगराव आदि गांवों में भ्रमण के बाद प्राचीन बाबा वनखण्डी शिव मंदिर मटियारी पर समाप्त हुई। कलश यात्रा में शामिल लोगों के जयकारे और गूंज से पुरा क्षेत्र राम मय हो गया था। कलश यात्रा रथ डिजे गांजे बाजे के साथ बड़े ही धूमधाम से निकाला गया।कलश यात्रा में शामिल महिलाएं डिजे गांजे बाजे की धुन पर नाचते झुमते भक्ति भाव में विभोर हो गई। कथा सुरु होने से पहले भव्य कलश यात्रा निकाली गई कथा



का शुभारंभ 3 दिसंबर से शुरू होकर 9 दिसंबर को समापन होगा समापन के बाद भव्य भंडारे और प्रसाद का आयोजन किया गया है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों का बालविकास अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, दिया आवश्यक निर्देश

- एक केंद्र बंद पाए जाने पर कारण बताओं नोटिस किया जारी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हलिया, मिर्जापुर।** स्थानीय विकासखंड स्थित बाल विकास परियोजना अधिकारी दिलीप शर्मा ने गुरुवार को विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया वहीं एक केंद्र बंद पाए जाने पर बेमौरी केंद्र संचालिका आंगनबाड़ी रेखा देवी को कारण बताओं नोटिस जारी की है। सीडीपीओ ने निरीक्षण के दौरान पूरवा औसान सिंह, चकोटार, मवई, वीरपुर, बेमौरी आदि सहित आधा दर्जन केंद्रो का औचक निरीक्षण किया वहीं बेमौरी केंद्र बंद पाए जाने पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेखा देवी को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। सीडीपीओ ने बताया कि केंद्रों के निरीक्षण के दौरान बच्चों की



उपस्थिति व पोषाहार वितरण देखा गया एक केंद्र को छोड़ कर सभी केंद्र संचालित पाए गए है आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों की उपस्थिति बढ़ाए जाने, खेल कूद के माध्यम से बच्चों को पढ़ने तथा पोषण ट्रैक्टर की फिटिंग समय से करने के लिए निर्देशित किया गया है। कार्य में लापरवाही पाए जाने पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी। लाभार्थियों का समय से केवासी करने का निर्देश दिया जिसका अपूर्ण पाया गया उसके विरुद्ध कार्रवाई की बात कहा है। सीडीपीओ के औचक निरीक्षण से कार्यकर्ताओं में हड़कंप मचा रहा है।

### पीआरवी पुलिस ने गुमशुदा व्यक्ति को सकुशल किया परिजनों के हवाले

**भदोही।** जनपद के औराई थाना क्षेत्र के महाराजगंज में गुरुवार देर रात लगभग एक बजे मानसिक रूप से अस्वस्थ अवस्था में एक गुमशुदा व्यक्ति भटकते हुए मिला। सूचना मिलते ही पीआरवी 6744 और थाना औराई पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और व्यक्ति को सुरक्षित थाना लाकर उसकी पहचान सुनिश्चित की। पुलिस द्वारा सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से खोजबीन करने पर पता चला कि वह व्यक्ति मुहम्मद हसिबुल पुत्र मुहम्मद नौशाद, निवासी लोदीपुर छोटी मस्जिद, पूरब टोला, थाना लोदीपुर, जिला दरभंगा बिहार का रहने वाला है। सूचना मिलने पर परिजन भदोही पहुंचे और पुलिस द्वारा गुमशुदा व्यक्ति को सकुशल उनके हवाले किया गया। अपने लापता परिजन को सुरक्षित पाकर परिवार ने पुलिस की तत्परतापूर्ण और मानवतापूर्ण कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा की। पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक ने उपनिरीक्षक सुनील मिश्रा, कांस्टेबल कैलाश प्रजापति, कांस्टेबल योगेश चहल एवं पीआरवी 6744 की टीम की सराहना की।

## एआरओ विनोद मौर्या ने किया बूथों का निरीक्षण, एसआईआर कार्य में तेजी लाने की अपील

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत एआरओ विनोद मौर्या ने गुरुवार को नगर क्षेत्र के सभी बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वे मोहल्ला पचभैया स्थित पूर्व सभासद व सपा नेता के आवास पर पहुंचे, जहां कैंप लगाकर लोगों के गणना प्रपत्र भरे जा रहे थे। एआरओ ने कैंप में मौजूद लोगों की समस्याएं सुनते हुए आश्वस्त किया कि जिन लोगों या उनके परिवारजनों के नाम 2003 की मतदाता सूची में किसी कारण दर्ज नहीं हो सके हैं, उनके लिए 15 दिसंबर के बाद बीएलओ द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा। इसमें निवास प्रमाण के तौर पर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 11 दस्तावेजों में से किसी एक को संलग्न कर नाम जुड़वाया जा सकेगा।

कैंप में मौजूद लोगों ने शिकायत की कि नए मतदाताओं के लिए फार्म-6 उपलब्ध न होने से असुविधा हो रही है। इस पर एआरओ ने बताया कि फार्म-6 बीएलओ को उपलब्ध है, लेकिन वर्तमान में स्ट्रक कार्य मात्र 65% पूरा हुआ है। यदि अभी नए नाम जोड़ने का कार्य शुरू हो गया, तो एसआईआर का कार्य पिछड़ जाएगा। इसलिए उन्होंने नागरिकों से अपील की कि 11 दिसंबर से पहले शेष लोगों के प्रपत्र अवश्य जमा करा दें, ताकि इसके बाद नए मतदाताओं को जोड़ने की प्रक्रिया सुचारू रूप से शुरू हो सके।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी धर्मराज सिंह ने बताया कि जनजागरूकता के लिए प्रतिदिन माइक द्वारा प्रचार करवाया जा रहा है। नागरिक अपने गणना प्रपत्र नगर पालिका में भी जमा कर सकते हैं और यदि किसी के ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि है तो उसे भी तुरंत ठीक कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पालिका कर्मचारी सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक लोगों की मदद के लिए उपलब्ध हैं।

एआरओ विनोद मौर्या ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर कोई भी नागरिक उन्हें सीधे फोन कर सकता है, हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने राजनीतिक दलों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनभागीदारी से ही स्ट्रक कार्य समय से पूरा हो पाएगा। विशेष रूप से पचभैया और मलिकाना के बीएलओ की सराहना करते हुए उन्होंने बताया कि भाग संख्या 254 व 255 में 99% कार्य पूरा हो चुका है, जो प्रशंसनीय है।

## धान क्रय केन्द्र पर टोकन नम्बर से हो रही है, किसानों से खरीद धान क्रय केंद्र प्रभारी विकास तिवारी



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हलिया मिर्जापुर।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के गलरा खुटहा सहकारी समिति पर किसानों की धान की खरीद टोकन नम्बर से किया जा रहा है क्रय केंद्र प्रभारी विकास तिवारी ने बताया कि लगभग 49 किसानों से जिसमें शशांक पांडे पुत्र कृष्ण पांडे जीत बहादुर पुत्र हरी प्रसाद योगेंद्र प्रताप जिवेन्द्र प्रताप माधव पुत्र गयन राधा पांडे कृष्णा पांडे। सहित तमाम किसानों के धान का तौल कराया जा रहा है क्रय केंद्र पर दो काटा चल रहा है साथ ही साथ क्रय केंद्र प्रभारी विकास तिवारी ने बताया कि बिना नंबर का कोई भी तौल नहीं कराया जाएगा।

मौके पर क्रय केंद्र प्रभारी विकास तिवारी के मौजूदगी में धान का तौल कराया जा रहा है क्रय केन्द्र पर किसी भी प्रकार की किसानों को समस्या नहीं है। किसानों की धान का पहला वरियता दिया जा रहा है जिसमें किसानों का धान समय पर नंबर से तौल करा कर धान की नमी चेक करके धान को साफ कर के ही केंद्र पर लिया जाएगा। इस संबंध में क्रय केंद्र प्रभारी विकास तिवारी ने बताया कि किसी भी किसान को क्रय केंद्र पर दिक्कत नहीं होगा।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने पर एक व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया, मिर्जापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गुरुवार को गांव के ही एक व्यक्ति के विरुद्ध शादी का झासा दे कर शारीरिक संबंध बनाने का मुकदमा दर्ज कराया है पीडिता ने दी गयी तहरीर में कहा है कि 14 अगस्त 2025 को बहला फुसलाकर घर से मुंबई ले गया जहां शारीरिक संबंध बनाया रहा शादी करने से इंकार कर रहा है तथा मारपीट रहा है पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध बहला फुसला कर भगा ले जाने व शारीरिक संबंध बनाने का मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि महिला की तहरीर पर एक व्यक्ति के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांचपडताल की जा रही है।

# दो दिवसीय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**चुनार मिर्जापुर।** स्वतंत्रता संग्राम विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में गुरुवार को सांस्कृतिक परिषद् एवं भातखंडे उमंग कल्चरल क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विविध सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली, पोस्टर और भाषण प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ।जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो ( डॉ ) माधवी शुक्ला के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर मल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्राचार्य ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों की रचनात्मकता, अभिव्यक्ति कौशल तथा आत्मविश्वास को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रभारी डॉ कुसुम लता ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों को अपनी कला, विचार और रचनात्मकता को अभिव्यक्त करने का सुनहरा अवसर देती हैं। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी कला,सृजनशीलता और वाणी-कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।रंगोली प्रतियोगिता के स्नातकोत्तर वर्ग के संकठा प्रसाद सोनकर, स्नातक वर्ग की डॉ शेफालिका रॉय,भाषण प्रतियोगिता के स्नातकोत्तर वर्ग के डॉ दीपनारायण, स्नातक वर्ग के डॉ अरुणेश कुमार, एवं पोस्टर प्रतियोगिता के स्नातकोत्तर वर्ग के डॉ अरविंद कुमार,स्नातक वर्ग की डॉ शिखा तिवारी संयोजक रही।रंगोली प्रतियोगिता में डॉ अवधेश सिंह यादव,डॉ विद्या सिंह,डॉ अदिति सिंह,भाषण प्रतियोगिता में डॉ दीपक कुमार सिंह,डॉ संकठा प्रसाद सोनकर, डॉ चंदन द्विवेदी, पोस्टर प्रतियोगिता में डॉ नलिनी सिंह, डॉ चंदन साहू, डॉ दीप नारायण ने निर्णायक मंडल के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रंगोली प्रतियोगिता में स्नातकोत्तर वर्ग में राधिका, अंशु पटेल, पूजा प्रजापति ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्नातक वर्ग में वर्तिका उपाध्याय, सिम्मी कुशवाहा, खुशी यादव ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, और, तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में स्नातकोत्तर वर्ग में नीधि सिंह, प्रिया सिंह,पूजा प्रजापति ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त



किया। स्नातक वर्ग में रोशनी विश्वकर्मा, बृजेश कुमार, मनीष कुमार ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।पोस्टर प्रतियोगिता में स्नातकोत्तर वर्ग में पूजा प्रजापति,आस्मीन,पूनम यादव ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्नातक वर्ग में पायल गुप्ता,शिवांगी सिंह,प्राची सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।मूल्यांकन के बाद श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति के रूप में डॉ शिखा तिवारी,डॉ मंजुला शुक्ला, डॉ विद्या सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय आई0 क्यू0 ए0 सी0 प्रभारी डॉ चंदन साहू, सहित समस्त प्राध्यापक/प्राध्यापकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## धान की थ्रेसर के दौरान लगी आग, ढाई बीघे का पुआल जलकर हुआ राख

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हलिया, मिर्जापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव में धान की थ्रेसरिंग के दौरान गुरुवार को सायंकाल आग लग गई जिससे ढाई बीघे का पुआल जलकर नष्ट हो गया ग्रामीणों ने बाल्टी घड़े से कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जिससे डॉक्टर अवधेश सिंह की खलिहान के पास खडी गाड़ी व धान बच गया। थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव निवासी किसान चिंतामणि मिश्र के खलिहान में धान की थ्रेसरिंग हो रही थी कि अचानक थ्रेसरिंग के बाद अंतिम मे



पिरोसे के साथ आग की चिंगारी निकलने लगी यह देख ट्रैक्टर लेकर मौके से चालक भाग खड़ा हुआ। अगल-बगल के ग्रामीण बाल्टी व घड़े से आग को काबू किया नहीं तो बगल में खड़ी डॉक्टर अवधेश सिंह की कार व मकान, खलिहान में रखा अन्य लोगों की धान जल जाती जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।

## मीरजापुर में अचानक कार में उठा धुंआ और धू-धू कर जल गई, चालक की जान बाल-बाल बची

**लालगंज ( मीरजापुर )।** क्षेत्र के लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत कोठी गांव निवासी प्रभु नारायण मिश्र मीरजापुर से घर आ रहे थे, कार में अचानक ही पहले धुआं उठने लगा जबतक प्रभु नारायण कार से बाहर निकलकर कुछ समझ पाते तबतक कार में आग लग गई। कार से निकल रही लपटों से वह हल्का झुलस भी गए। माजरा देख रहे आस-पास के लोग अभी पहुंचते तबतक कार धू-धूकर कर जल उठी थी। फायर ब्रिगेड को सूचना दिया गया लेकिन फायर ब्रिगेड के पहुंचने के पहले ही कार पूरी तरह से जल चुकी थी।

प्रभु नारायण के छोटे भाई अजय नारायण मिश्र ने बताया कि बड़े भाई प्रभु नारायण मिश्र मीरजापुर से कोठी स्थित अपने घर आ रहे थे। जैसे ही वह कार लेकर घर से पहले बाणसागर नहर के समीप पहुंचे ही थे, कि तभी अचानक कार की बोनट से धुंआ निकलता देख उन्होंने गाड़ी रोक दी। कार रोकते रोकते आग की लपटें तेज होती गई और गाड़ी का गेट खोलकर नीचे उतरते समय प्रभु नारायण मिश्र हल्का झुलस गए। गनीमत था की कार का गेट



खुल गया, अगर गेट न खुलता तो बड़ी घटना घट सकती थी। कार चला रहे प्रभु नारायण मिश्र ने बताया कि डेढ़ वर्ष पहले मारुति कार लिए थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुजारी की बेटी को धमकाकर ले गया आशीष यादव, 7 से ज़्यादा केस वाला हिस्ट्रीशीटर है




**ब्यूरो प्रयागराज।** नैनी थाना क्षेत्र में आशीष यादव ने युवती का न्यूड वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो में आशीष नशे में दिख रहा है और युवती को अपनी पत्नी बताकर अश्लील हरकतें करते हुए नजर आ रहा है। वीडियो सामने आने पर पीड़िता के पिता ने 28 नवंबर को नैनी थाने में मुकदमा दर्ज कराया। युवती एक मंदिर के पुजारी की बेटी है और वीडियो वायरल होते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पीड़िता के पिता ने बताया कि वह परिवार सहित मंदिर परिसर में रहता है। 19 नवंबर को आशीष मंदिर आया और मेरी बेटी को धमकाते हुए उठा ले गया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। बेटी घर से अपने गहने, 2 लाख रुपये कैश, आधार कार्ड और मार्कशीट भी लेकर चली गई। आशीष ने धमकी दी कि शिकायत की तो पूरे परिवार को जिंदा नहीं छोड़ेगा। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी आशीष यादव के खिलाफ मारपीट, चोरी, लूट और रंगदारी समेत 7 से अधिक गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। वह पहले जेल भी जा चुका है। घटना के बाद से आरोपी फरार है और उसकी तलाश तेज हो गई है। नैनी थाने के इंस्पेक्टर के अनुसार दोनों वीडियो की जांच कराई जा रही है। युवती और आरोपी की तलाश में टीमें लगी हैं। युवती मिलने के बाद कई तथ्य स्पष्ट होंगे। आरोपी आशीष यादव नैनी थाना क्षेत्र के अरैल चौकी क्षेत्र का रहने वाला है। पिता राम गरीब डेयरी चलाते हैं। आशीष लग्जरी गाड़ियों में घूमता है और लोगों को धमकाने का काम करता है। अपने इंस्टाग्राम पर वह मनोज तिवारी, सांसद धनंजय सिंह, राकेश टिकैत, अजय राय, उज्जवल रमण जैसे नेताओं के साथ वीडियो डालकर खुद को दबंग दिखाता है। उसका इंस्टाग्राम अकाउंट aashish_yadav_arail नाम से है, जिस पर 258व्य फॉलोवर, 804 फॉलोइंग और 571 पोस्ट हैं। पुलिस इस रीलबाज़ अपराधी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। नैनी क्षेत्र की जनता ने ऐसे हिस्ट्री सीटर अय्याश और समाज विरोधी को गैंगस्टर के अंतर्गत ऑपरेशन लंगड़ा करने की मांग मुख्य मंत्री से की है।जिससे दूसरे ऐसे किसी गुंडे और ब्लैकमेलर की ऐसी वारदात दुबारा करने की हिम्मत न कर सके।

### जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 13 दिसंबर, को

**ब्यूरो प्रयागराज।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में विकसित भारत यंग लीडर डायलाग (VBYLD) 2026 के अन्तर्गत जनपद स्तरीय युवा उत्सव के आयोजन कराये जाने के निर्देश के क्रम में जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन दिनाँक 13 दिसंबर, 2025 को कराया जाना प्रस्तावित है। इस आयोजन के अन्तर्गत निम्न विधाओं का आयोजन कराया जायेगा- 1. डिक्लमेशन 2. कहानी लेखन 3. पेंटिंग 4. लोक नृत्य समूह 5. लोक गीत समूह 6. कविता लेखन 7. इनोवेशन (साइंस मेला प्रदर्शनी)। लोक नृत्य/लोक गीत समूह में अधिकत में दस प्रतिभागी, साइंस मेला प्रदर्शनी में एक टीम में अधिकतम पांच प्रतिभागी, प्रतिभाग कर सकेंगे। साइंस मेला प्रदर्शनी के अन्तर्गत युवाओं एवं विद्यार्थियों को मंच प्रदान किये जाने हेतु उनके नवीनतम विज्ञान तथा तकनीकि प्रोजेक्ट के प्रस्तुतीकरण के माध्यम से साइंस मेले की प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा, जिसमें युवाओं के माध्यम से विज्ञान एवं तकनीकि के प्रति जिज्ञासा एवं रूचि का विकास हो तथा समाज के विकास हेतु युवा वैज्ञानिक विकसित हो सकें। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों की सीमा 01 सितंबर, 2025 को 15 से 29 वर्ष के माध्यम होना अनिवार्य है। कार्यक्रम एवं उत्सव में प्रतिभाग करने वाले प्रत्येक प्रतिभागी युवा द्वारा स्वयं को माय भारत पोर्टल पर रजिस्टर किया जाना अनिवार्य है। जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के उपरान्त दिनांक 14 दिसंबर, 2025 को मण्डल स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन कराया जाना प्रस्तावित है। प्रतियोगिता के रजिस्ट्रेशन एवं इस संबंध में अधिकतम जानकारी हेतु कृपया मो. न. 9161838423/ 9140296125 पर सम्पर्क किया जा सकता है, इसके साथ प्रतिभागी जनपद कार्यालय युवा कल्याण विभाग, विकास भवन, तृतीय तल, प्रयागराज में भी सम्पर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### 06 दिसंबर को मनाया जाएगा नागरिक सुरक्षा का स्थापना दिवस

**ब्यूरो प्रयागराज।** नागरिक सुरक्षा का स्थापना दिवस दिनांक 06.12.2025 को हर्षोल्लास के साथ कार्यालय नागरिक सुरक्षा नियंत्रण केन्द्र, कटरा, प्रयागराज पर मनाया जा रहा है, उक्त अवसर पर जिलाधिकारी / नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा, की उपस्थिति में प्रातः 10.30 बजे ध्वजातोलन, शपथ ग्रहण, संदेशवाचन, संबोधन आदि कार्यक्रम तथा उपरोक्त कार्यक्रम स्थल से ध्वजोतोलन कार्यक्रम के उपरान्त निकलने वाले रूटमार्च / जनजागरूकता रैली का रूट कलेक्ट्रेट के सामने से होते हुये लक्ष्मी टाकीज चौराहे से कटरा बाजार में प्रवेश करते हुये नेतराम चौराहे से पुनः रैली के आरम्भस्थल पर वापस आयेगी।

## एसिड अटैक केस में 16 साल की देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा- सिस्टम पर धब्बा, पेंडिंग ट्रायल्स पर हाईकोर्ट्स से डेटा मांगा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सभी हाई कोर्ट्स से एसिड अटैक केसों में पेंडिंग ट्रायल्स के बारे में डेटा मांगा। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने सभी हाई कोर्ट्स के रजिस्ट्रार जनरल्स को पेंडिंग एसिड अटैक केसों के बारे में डेटा जमा करने का निर्देश दिया। बेंच एसिड अटैक सर्वाइवर्स की हालत से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। लाइव लॉ के अनुसार याचिकाकर्ता एक एसिड अटैक सर्वाइवर है और खुद बेंच के सामने पेश हुई। उन्होंने कहा कि 2009 में उस पर अटैक हुआ था, फिर भी ट्रायल अभी तक खत्म नहीं हुआ। उसने हिंदी में कहा, 'मेरे साथ 2009 में अटैक हुआ था, अभी तक ट्रायल चल रहा है।' उसने आगे कहा कि 2013 तक केस में कुछ नहीं हुआ और ट्रायल, जो अब दिल्ली के रोहिणी में चल रहा है, अब आखिरी हियरिंग स्टेज में है। बेंच ने 16 साल से ज़्यादा की इस लंबी देरी पर हैरानी जताई। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, 'यह जुर्म 2009 का है और ट्रायल पूरा नहीं हुआ! अगर नेशनल कैपिटल इन चुनौतियों का जवाब नहीं दे सकता तो इससे कौन निपटेगा? यह सिस्टम के लिए शर्म की बात है! ' याचिकाकर्ता ने कहा कि जब तक डॉ. परमिंदर कौर नाम की जज ने मामला फिर से शुरू नहीं किया, तब तक उन्होंने सिस्टम से सारी उम्मीद खो दी थी। उन्होंने आगे कहा कि अपना केस लड़ने के साथ-साथ वह दूसरे एसिड अटैक सर्वाइवर्स की राहत के लिए भी काम कर रही हैं। यह कहते हुए कि मामले का ट्रायल रोज़ाना होना चाहिए, सीजेआई ने याचिकाकर्ता से ट्रायल में तेज़ी लाने के लिए एक एप्लीकेशन फाइल करने को कहा। उन्होंने उन मामलों की ओर भी ध्यान दिलाया, जहां विक्टिम पर एसिड फेंकने के बजाय उसे ज़बरदस्ती पिलाया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे विक्टिम लंबे समय तक गंभीर डिसेबिलिटी का सामना करते हैं, जिनमें से कई चलने में असमर्थ होते हैं और ज़िंदा रहने के लिए आर्टिफिशियल फूड पाइप पर निर्भर होते हैं। यह पिटीशन ऐसे सर्वाइवर्स के संबंध में फाइल की गई एक PIL है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जवाब दिया कि ऐसे मामलों को राइट्स ऑफ़ पर्सन्स विद डिसेबिलिटीज़ एक्ट, 2016 के अनुसार डिसेबिलिटी माना जाना चाहिए। सीजेआई ने स्त्र को सुझाव दिया कि एसिड अटैक सर्वाइवर्स को खास तौर पर कवर करने के लिए एक्ट में बदलाव का प्रस्ताव देने पर विचार करें। स्त्र मेहता ने सुझाव पर पॉज़िटिव जवाब दिया। सीजेआई ने आगे कहा कि इन अपराधों की गंभीरता और सर्वाइवर्स पर पड़ने वाले असर को देखते हुए, इनकी सुनवाई स्पेशल कोर्ट में होनी चाहिए। सीजेआई ने कहा, 'यह सिस्टम का मज़ाक है... ऐसे लोगों (आरोपियों) के लिए कोई हमदर्दी नहीं होनी



चाहिए।' स्त्र ने सहमत होते हुए कहा कि आरोपियों के साथ 'उसी बेरहमी' से पेश आना चाहिए। इसके बाद बेंच ने इस तरह आदेश लिखवाया, 'नोटिस जारी करें। कोर्ट में मौजूद सॉलिसिटर जनरल ने नोटिस स्वीकार कर लिया है। उन्होंने इस पिटीशन में उठाए गए कारणों पर भी चिंता जताई। हम सभी हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को भी निर्देश देते हैं कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में एसिड अटैक पीड़ितों के मामलों में पेंडिंग ट्रायल की डिटेल्स दें। ' सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट को बताया कि कोर्ट में मौजूद सर्वाइवर से जुड़ी घटना हरियाणा में हुई, और राज्य को भी इसमें शामिल करने का सुझाव दिया। बेंच ने साफ किया कि मामला दिल्ली (रोहिणी) ट्रांसफर कर दिया गया और सर्वाइवर से भी अपने ट्रायल को जल्दी पूरा करने के लिए एक एप्लीकेशन फाइल करने को कहा। सीजेआई ने भरोसा दिलायाः 'जनहित याचिका में एक एप्लीकेशन फाइल करें। हम निर्देश देंगे कि ट्रायल हर दिन हो।'

## सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के अधिकारियों द्वारा आरोपी को 55 तारीखों पर कोर्ट में पेश न करने पर हैरानी जताई, जांच के आदेश दिए

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र जेल अधिकारियों की आलोचना की कि वे ज़्यादातर सुनवाई की तारीखों पर अंडरट्रायल आरोपी को ट्रायल कोर्ट में बार-बार पेश करने में नाकाम रहे। कोर्ट एक ऐसे मामले पर विचार कर रहा था, जिसमें चार साल से ज़्यादा समय से कस्टडी में बंद आरोपी को कुल 85 ट्रायल तारीखों में से 55 पर ट्रायल कोर्ट में पेश नहीं किया गया। आरोपी को ज़मानत देते हुए जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने जेल अधिकारियों द्वारा याचिकाकर्ता को कोर्ट में पेश न कर पाने पर हैरानी जताई और इसे बुनियादी सुरक्षा उपायों का गंभीर उल्लंघन बताया। बेंच ने महाराष्ट्र राज्य के जेल डिपार्टमेंट के नामित हेड को जांच करने और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। लाइव लॉ के अनुसार कोर्ट ने आदेश दिया, 'हम महाराष्ट्र राज्य के जेल डायरेक्टर जनरल या जो भी जेल डिपार्टमेंट का हेड है, उसे इस मामले की पर्सनल जांच करने और ज़िम्मेदारी तय करने और संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश देते हैं। यह साफ़ किया जाता है कि अगर किसी व्यक्ति को बचाने या बचाने की कोई कोशिश की जाती है तो जेल डायरेक्टर जनरल/जेल डिपार्टमेंट का हेड, जिसे हम जांच सौंप रहे हैं, इसके लिए पर्सनली ज़िम्मेदार होगा। 'कोर्ट ने कहा कि सुनवाई की तारीखों पर अंडरट्रायल कैदी को पेश न करने से उसके अधिकारों, खासकर जेल के अंदर होने वाले गलत कामों की रिपोर्ट करने के उसके अधिकार पर बहुत बुरा असर पड़ा है। कोर्ट ने कहा, 'हम राज्य अधिकारियों के व्यवहार से हैरान हैं। किसी आरोपी को कोर्ट के सामने पेश करना न सिर्फ़ तेज़ी से ट्रायल पक्का करने के लिए है, बल्कि इससे भी ज़्यादा ज़रूरी है कि यह एक सुरक्षा के तौर पर हो ताकि कैदी के साथ कोई और बुरा बर्ताव न हो, और वह सीधे कोर्ट के संपर्क में आए ताकि अधिकारियों के ख़िलाफ़ अपनी कोई शिकायत बता सके। हमें लगता है कि



इस तरह के बुनियादी सुरक्षा उपायों का गंभीर उल्लंघन हुआ है, जो बहुत बुरा और चौंकाने वाला है। हम इसकी निंदा करते हैं। ' इसके अलावा, कोर्ट ने अथॉरिटी को दो महीने के अंदर ऊपर बताए गए अधिकारी द्वारा खुद कन्फर्म किया गया एफिडेविट फाइल करके इस बारे में कम्प्लायंस की रिपोर्ट करने का आदेश दिया। साथ ही मामले को 03.02.2026 को डायरेक्टर जनरल ऑफ़ प्रिज़न्स/हेड ऑफ़ डिपार्टमेंट ऑफ़ प्रिज़न्स की पर्सनल रिपोर्ट पर विचार करने के लिए लिस्ट करने का निर्देश दिया।

## प्रेग्नेंट सोनाली खातून को सरकार बांग्लादेश से वापस लाएगी, सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट के सक्रिय दखल के बाद केंद्र सरकार ने जबरन बांग्लादेश निर्वासित की गई प्रेग्नेंट महिला सोनाली खातून और उनके आठ वर्षीय पुत्र को वापस भारत लाने पर सहमति जताई है। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट में दायर विशेष अनुमति याचिका पर बुधवार को सुनवाई के दौरान लिया गया, जिसमें केंद्र सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के सितंबर के आदेश के खिलाफ अपील की थी। सोनाली खातून की कहानी दर्दभरी है। दिल्ली एनसीआर में पुलिस ने बंगाली बोलने वाले मुस्लिमों को पिछले दिनों जबरन बांग्लादेशी बताकर बांग्लादेश भेज दिया गया। पुलिस ऐसे लोगों से बहुत बुरी तरह पेश आई थी। सोनाली खातून का भी यही कसूर था कि वो बंगाली बोलने वाली मुस्लिम महिला हैं। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बुधवार को सुप्रीम अदालत को आश्वासन दिया कि मां और बच्चे को आधिकारिक चैनलों के माध्यम से वापस लाया जाएगा। लेकिन यह कदम केवल मानवीय आधार पर उठाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह निर्णय निर्वासन आदेश के मूल मामले को प्रभावित नहीं करेगा और सरकार खराब मिसाल कायम नहीं करना चाहती। सुप्रीम कोर्ट ने भी निर्देश दिया कि



महिला को मुफ्त इलाज की सुविधाएं प्रदान की जाएं, साथ ही बच्चे की दैनिक देखभाल का भी इंतजाम किया जाए। मामला अगली सुनवाई के लिए 10 दिसंबर को तय किया गया है। सोनाली खातून के पिता भोदू शेख ने जून 2024 में गृह मंत्रालय की 2 मई की अधिसूचना के तहत शुरू हुई पहचान सत्यापन प्रक्रिया के दौरान अपने परिवार पर अतिक्रमण का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि उनकी बेटी, दामाद और पोते को बिना किसी उचित जांच के हिरासत में लिया गया और 26 जून को बांग्लादेश निर्वासित कर दिया गया। शेख ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें उन्होंने बताया कि उनका परिवार पश्चिम बंगाल का मूल निवासी है और दिल्ली में बेहतर जीवन की तलाश में गया था। उन्होंने स्वयं को पश्चिम बंगाल का स्थायी निवासी बताते हुए दावा किया कि उनकी बेटी और दामाद जन्म से भारतीय नागरिक हैं।

### गैंगेस्टर के तहत वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**ब्यूरो प्रयागराज!** थाना मुठ्ठीगंज पुलिस द्वारा थाना करैली के पंजीकृत मु0अ0सं0 225/2025 धारा 2/3(1) उत्तर प्रदेश गिरोह बन्द और समाज विरोधी क्रिया कलाप (निवारण) अधि0 1986 से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त सलीम उर्फ राजा पुत्र मो0 शफीक निवासी मुन्ना मस्जिद जिकरा माडल स्कूल के सामने गली जफीर की पुलिया,गौस नगर थाना करैली जनपद प्रयागराज मूल पता ग्राम असरावल कला थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज को मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 04.12.2025 को उसके घर गौस नगर थाना क्षेत्र करैली से गिरफ्तार किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

### आए दिन अरैल चौराहे पर लगा रहता है लम्बा जाम

**नैनी, प्रयागराज।** अरैल चौराहे पर आए दिन भीषण जाम लग जाता है इसका कारण चौराहे के बीचों बीच गाडिया लग जाती है जिसके कारण जाम की स्थिति बन जाती हैं। वही दूसरा कारण अतिक्रमण की वजह से जाम लग जाता है।वही जाम मे कभी कभी एंबुलेंस भी फंसी रहती है। जिसमें मरीज तड़पता रहाता है। चौराहे पर पुलिस का कोई भी जवान मौजूद नही रहता है जिसके चलते जाम की समस्या बनी रहती है।वही दो अस्पतालों के सामने गाडीया खड़ी हो जाने के कारण भी जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है।जिसकी वजह से अरैल चौराहा प्रभावित होता है।

## सिविल लाइंस के पॉश इलाके में बवाल

● पूर्व सपा विधायक के रेस्टोरेंट के बाहर बस खड़ी करने को लेकर जमकर मारपीट।

सईद अहमद के बेटे पर मारपीट और फायरिंग का आरोप, बस मालिक ने लगाया गंभीर इल्ज़ाम।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** सिविल लाइंस के पॉश इलाके में स्थित खानसामा रेस्टोरेंट के बाहर बुधवार देर रात हाई-प्रोफाइल बवाल हो गया। बस खड़ी करने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। पूरा घटनाक्रम रेस्टोरेंट के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में साफ-साफ कैद हो गया है। खानसामा रेस्टोरेंट पूर्व सपा विधायक सईद अहमद का बताया जाता है। आरोप है कि उनके बेटे कवि अहमद का बस मालिक रवि सोनकर से विवाद हो गया। रवि अपनी बस रेस्टोरेंट के सामने खड़ी कर रहा था, तभी कवि ने इसका विरोध किया। कुछ ही देर में दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। पूर्व विधायक सईद अहमद ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बस खड़ी करने से मना किया गया तो रवि सोनकर और उसके लोगों ने पहले मारपीट की और फिर उनके बेटे कवि पर



गोली चलाने की भी कोशिश की।घटनास्थल पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर रही है। मामला हाई-प्रोफाइल होने के चलते पूरे शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### नशीले पदार्थों की बिक्री जोरों पर,युवा वर्ग हो रहे बर्बाद

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर नशीले पदार्थों की बिक्री बेरोकटोक जारी है। इस धंधे से जहां एक तरफ पुलिस एवं ठीकेदार दिनों रात मालामाल हो रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ नशीले पदार्थों की बिक्री से युवा वर्ग पर इसका बुरा असर देखने को मिल रहा है। बताया जाता है कि नैनी क्षेत्र के शंकर ढाल ,कॉटन मिल तिराहा ,मलहरा फाटक, एडीए मोड,सरगम तिराहा, चकभटाई, पीएसी कॉलोनी,एडीए कॉलोनी ,काशीराम कॉलोनी ,रामनगर चौराहा ,चक लाल मोहम्मद, मुंडीचक, दाउदनगर ,हरिजन बस्ती ,सब्जी मंडी ,एफसीआई रोड टीसीआई तिराहा, आदि जगहों पर इन दिनों नशीले पदार्थों गांजा,भांग, अफीम,चरस आदि की बिक्री जोरों पर जारी है । इन जगहों पर नशे के धूत में लोग एक दूसरे को गाली गलौज करते रहते हैं । जिसके चलते इन जगहों का माहौल काफी खराब हो गया है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में नशीले पदार्थों की बिक्री हो रही है। इन जगहों पर नशीले पदार्थों की बिक्री होने से संबंधित ठीकेदार दिनों रात मालामाल हो रहे हैं ,वहीं पर दूसरी तरफ नशीले पदार्थों के सेवन करने से न जाने कितने परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच चुके हैं। उनके बच्चे दाने दाने को तरस रहे हैं।लेकीन नैनी पुलिस इनपर ध्यान नहीं दे रही है। उक्त जगहों पर हो रहे नशीले पदार्थों की बिक्री पर तत्काल अंकुश लगाने की जरुरत है।

## संचार साथी ऐप' पहले से किसी मोबाइल में नहीं होगा, कड़े विरोध और आलोचना के बाद सरकार ने लिया यू-टर्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** सरकार ने स्मार्टफोन में साइबर सुरक्षा ऐप 'संचार साथी' को पहले से अनिवार्य रूप से इंस्टॉल करने के आदेश को वापस ले लिया है।दूरसंचार विभाग ने बुधवार को कहा कि वह संचार साथी ऐप को 'इंस्टॉल' करने के अनिवार्य आदेश को हटा रहा है। इसका कारण यह है कि सिर्फ एक दिन में स्वैच्छिक रूप से इस ऐप के डाउनलोड में 10 गुना वृद्धि हुई है। विभाग ने एक बयान में कहा, ''उपयोगकर्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है और ऐप इंस्टॉल करने का आदेश इस प्रक्रिया को तेज करने और कम जागरूक नागरिकों तक ऐप को आसानी से पहुंचाने के लिए दिया गया था।'' बयान के अनुसार, ''सिर्फ पिछले एक दिन में, छह लाख नागरिकों ने ऐप डाउनलोड करने के लिए पंजीकरण कराया है। यह इसके उपयोग में 10 गुना वृद्धि है। संचार साथी की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए, सरकार ने मोबाइल विनिर्माताओं के लिए इसे पहले से 'इंस्टॉल' करना अनिवार्य नहीं करने का फैसला किया है।'' दूरसंचार विभाग ने 28 नवंबर के आदेश में, स्मार्टफोन मैन्युफैक्चरर को सभी नए मोबाइल फोन में ऐप को पहले से लगाने और पुराने मोबाइल फोन में इसे इंस्टॉल करने का निर्देश दिया था। इस आदेश को लेकर विवाद खड़ा हो गया। विपक्षी नेताओं ने इससे जासूसी




की चिंता जताई। उनका कहना है कि यह ऐप कॉल सुन सकता है और संदेशों की निगरानी कर सकता है। राज्यसभा में कांग्रेस के सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला ने बुधवार को संचार साथी मोबाइल एप्लिकेशन को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि यह हर व्यक्ति के निजता अधिकार को पूरी तरह नकार देता है। शून्यकाल के दौरान उच्च सदन में यह मुद्दा उठाते हुए सुरजेवाला ने कहा कि ऐप की कई विशेषताओं को लेकर आशंका है कि इससे हर उपयोगकर्ता की वास्तविक समय की लोकेशन, सर्च हिस्ट्री, वित्तीय लेनदेन और एसएमएस व व्हाट्सऐप के जरिए होने वाली बातचीत की निगरानी हो सकती है। कांग्रेस सदस्य ने कहा, ''भारत सरकार, संचार मंत्रालय ने कथित तौर पर एक आदेश जारी किया है, जिसके तहत सभी मोबाइल फोन निर्माता और आयातक कंपनियों को संचार साथी ऐप अनिवार्य रूप से अपलोड करना होगा। यह भी कहा गया है कि इस ऐप को हर मोबाइल फोन और स्मार्टफोन में अनिवार्य रूप से डालना है।''

## डॉलर के मुकाबले पहली बार 90 के पार रुपया, कांग्रेस ने मोदी को पुराना बयान याद दिलाते हुए कहा- कारण बताएं पीएम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** रेंसी रुपया ने बुधवार को लगातार तीसरे दिन रिकॉर्ड लो लेवल हिट किया है। इस बार तो रुपया कमजोर होकर डॉलर के मुकाबले 90 पार हो गया है। आज के कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया पहली बार 90 के लेवल को पार कर गया। बुधवार को रुपया 90.13 पर पहुंच गया। इससे पहले मंगलवार को भी यह 89.9475 के अपने रिकॉर्ड लो लेवल पर बंद हुआ था। हालांकि, सुबह के कारोबार में रुपया 89.91 पर खुला था, लेकिन जल्द ही बिकवाली के दबाव ने इसे 90 के पार पहुंचा दिया। रुपये के रिकॉर्ड कमजोर होने पर कांग्रेस ने मोदी सरकार को घेरते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुराना बयान फिर से याद दिलाया है। कांग्रेस ने वह वीडियो साझा किया है जिसमें मोदी, विपक्ष के नेता रहते हुए, केंद्र सरकार से सवाल करते दिखाई देते हैं: 'वीडियो में पीएम कह रहे हैं कि नेपाल की करेंसी नहीं गिरती, श्रीलंका की करेंसी नहीं गिरती, पाकिस्तान की करेंसी नहीं गिरती, बांग्लादेश की करेंसी नहीं गिरती, लेकिन भारत की करेंसी गिरती जा रही है... आखिर इसका कारण क्या है? इसका जवाब देना पड़ेगा। 'कांग्रेस ने इसी वीडियो के साथ तंज करते हुए पूछा है कि 'आज आखिर क्या वजह है कि भारतीय रुपया ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गया है? देश वही जवाब मांग रहा है, जो कभी नरेंद्र मोदी मांगते थे। ' पार्टी का कहना है कि जिस तीखे सवाल के साथ मोदी ने पिछली सरकार पर निशाना साधा था, आज वही सवाल उनकी अपनी सरकार के सामने खड़ा है। कांग्रेस ने लिखा ये नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री से सवाल है। जानकारों के अनुसार रुपये की तेज गिरावट किसी एक वजह का परिणाम नहीं, बल्कि कई कारकों के संयुक्त प्रभाव का नतीजा है। विशेषज्ञ मानते हैं कि सबसे बड़ा दबाव भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर बनी अनिश्चितता से पैदा हुआ है। डील पर लगातार सस्पेंस और स्पष्ट संकेतों की कमी ने बाजार की धारणा को कमजोर किया है।डील में देर ने निवेशकों का भरोसा हिला दिया है, और अब बाजार को केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस प्रगति के संकेत चाहिए। दूसरा बड़ा कारण है विदेशी पूंजी का तेज बाहर निकलना। दिसंबर के केवल दो कारोबारी दिनों में ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPI) ने 4,335 करोड़ रुपये के शेयर बेच दिए। इस साल की शुरुआत से अब तक का



कुल आउटफ्लो बढ़कर 1,48,010 करोड़ रुपये पहुंच चुका है।जब विदेशी निवेशक बड़े पैमाने पर रुपये को डॉलर में बदलकर पैसा निकालते हैं, तो स्वाभाविक रूप से रुपये पर बिकवाली का दबाव बढ़ जाता है। तीसरा अहम कारण है तेजी से बढ़ता व्यापार घाटा। अक्टूबर 2025 में यह उछलकर 41.7 बिलियन डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इसकी सबसे बड़ी वजह सोने का आयात रहा, जो लगभग तीन गुना बढ़कर 14.7 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। सोना-चांदी की अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊँची कीमतों ने भारत के इंपोर्ट बिल को और भारी कर दिया है। इसके अलावा, अमेरिकी टैरिफ के असर से अमेरिका को होने वाले भारतीय निर्यात में 28% की गिरावट दर्ज की गई, जिसने व्यापार संतुलन को और नुकसान पहुँचाया है।

## हाईकोर्ट की कड़ी टिप्पणीः आपराधिक बैकग्राउंड वाले वकील न्याय व्यवस्था के लिए खतरा

● डीजीपी को राज्यभर के वकीलों की आपराधिक हिस्ट्री का पूरा ब्योरा देने का आदेश।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वकालत की आड़ में आपराधिक इतिहास छिपाकर प्रभावशाली पदों पर काबिज वकीलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए यूपी के डीजीपी और डीजीपी अभियोजन से राज्यभर के अधिवक्ताओं के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों का विस्तृत ब्यौरा तत्काल पेश करने को कहा है। अदालत ने साफ कहा– 'कानून और न्याय व्यवस्था का नैतिक आधार तभी सुरक्षित रह सकता है जब उसे संचालित करने वाले व्यक्ति संदेह से परे हों। आपराधिक पृष्ठभूमि वाले वकील यदि बार एसोसिएशनों के प्रभावशाली पदों पर बैठे हों, तो यह स्वयं कानून के शासन के लिए गंभीर खतरा है। 'यह तीखी टिप्पणी न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की पीठ ने अधिवक्ता मोहम्मद कफील की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। कफील ने पुलिस अधिकारियों के खिलाफ परिवाद खारिज करने के आदेश को चुनौती दी थी। लेकिन सुनवाई के दौरान कोर्ट को पता चला कि याची स्वयं गैंगस्टर एक्ट समेत कई आपराधिक मामलों में आरोपी है, जबकि उसके सभी पांच भाई कुख्यात अपराधी हैं।कोर्ट ने कहा कि अधिवक्ता, बार प्रतिनिधि और न्यायिक प्रक्रिया के 'ऑफिसर ऑफ द कोर्ट' होने के नाते अत्यधिक सम्मानित और संस्थागत रूप से प्रभावशाली स्थिति में होते हैं। ऐसे में जब कोई व्यक्ति गंभीर अपराधों का आरोपी होते हुए भी इन पदों पर बना रहता है, तो उसके द्वारा पेशेवर वैधता और प्रभाव का गलत इस्तेमाल कर पुलिस व न्यायिक प्रक्रिया पर अनुचित दबाव डालने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। अदालत ने सभी कमिश्नर/एसएसपी/एसपी एवं संयुक्त निदेशक अभियोजन को निर्देशित किया कि यूपी बार काउंसिल में पंजीकृत प्रत्येक वकील के खिलाफ लंबित आपराधिक मुकदमों की पूरी रिपोर्ट तिथि, अपराध संख्या, धाराएं, थाना, विवेचना की स्थिति, चार्जशीट व ट्रायल की प्रगति के साथ प्रस्तुत करें। साथ ही डीजीपी को पुलिस संबंधी और डीजीपी अभियोजन को अभियोजन से जुड़ी सभी जानकारियां व्यक्तिगत रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अदालत ने चेतावनी दी कि



इस आदेश में किसी भी स्तर पर शिथिलता को गंभीर अवमानना माना जाएगा। राज्य सरकार द्वारा दाखिल हलफनामे में खुलासा हुआ कि याची कफील के खिलाफ तीन गंभीर मामले दर्ज हैं, जबकि उसके भाई शकील, नौशाद, अकील, फैजान उर्फ गुड्डन और दिलशाद हत्या का प्रयास, गोहत्या, जुआ अधिनियम, पॉक्सो और गैंगस्टर एक्ट जैसे मामलों में नामजद हैं। हालांकि याची ने आरोप लगाया कि पुलिस उसे प्रताड़ित कर रही है, लेकिन पुलिस के हलफनामे से यह स्पष्ट हो गया कि वह कई मामलों में आरोपी है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट कहा– 'कानूनी व्यवस्था अपराधियों के प्रभाव से मुक्त रहे, यह राज्य का दायित्व है। यदि वकालत के पेशे में अपराधी तत्व सक्रिय हो जाएं तो न्याय व्यवस्था की रीढ़ ही टूट जाएगी।'

## संगम तट पर उमड़ी अद्भुत आस्था पवित्र स्नान पर्व पर दिखा भक्ति का अलौकिक समंदर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** गुरुवार को संगम नगरी प्रयागराज आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर दिखाई दी। मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम पर श्रद्धालुओं की आस्था का अलौकिक समंदर उमड़ पड़ा। सुबह होते ही घाटों की रेत और जल की लहरों पर भक्तों की कदमबूटी ऐसी पड़ी कि मानो तीनों देवियों के चरण स्वयं धरा पर उतर आए हों। संगम की धारा में स्नान करते हुए श्रद्धालु मां गंगा की निर्मलता, मां यमुना की शीतलता और मां सरस्वती की ज्ञानधारा का स्मरण करते नज़र आए। 'हर हर गंगे' और 'जय मां यमुना' के जयकारों ने वातावरण में ऐसी पवित्र लय भर दी कि पूरे क्षेत्र में दिव्यता का एक अद्भुत कंपन महसूस होता रहा। भोर की पहली किरण संगम पर पड़ी तो जल मानो सोना बन चमक उठा। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने इस दिव्य क्षण को अपनी आंखों और मन में संजोते हुए स्नान, पूजा, अर्चना और दान का संकल्प लिया। कई श्रद्धालु परिवार सहित



संगम की रेत पर बैठकर कथा-प्रवचन सुनते रहे, तो कई ने आस्था की धारा में अपनी मनोकामनाएं प्रवाहित कर दीं। घाटों पर तैनात पुलिसकर्मी लगातार लोगों को सुरक्षित मार्ग दिखाते रहे। जल पुलिस, एसडीआरएफ के जवान और गोताखोर लगातार संगम की धारा पर नजर बनाए रहे, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना न हो। महिला सुरक्षा और बच्चों के लिए भी प्रशासन ने अलग से विशेष टीमें लगा रखी थीं। घाटों पर लंबी कतारों के बावजूद भक्तों के चेहरे पर किसी प्रकार की थकान नहीं, बल्कि दिव्यता और संतोष का उजाला दिखता रहा। गुरुवार का यह दिन प्रयागराज के आध्यात्मिक इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ गया–जब तीनों पवित्र नदियों के मिलन स्थल पर मानवता, भक्ति और अनुशासन का ऐसा अनूठा संगम देखने को मिला, जिसे शब्दों में पूरी तरह पिरो पाना कठिन है।

# संक्षिप्त खबरें

## बरही चौक पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जेपी पटेल का भव्य स्वागत, दिल्ली रवाना होने से पहले चाय पर जनमुद्दों पर गहन चर्चा



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** दिल्ली रवाना होने के क्रम में हज़ारीबाग़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री जेपी पटेल का बरही चौक पर बरही प्रखंड अध्यक्ष मनान वारसी के अगुआई में कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। फूल-मालाओं और जोरदार नारों के बीच कार्यकर्ताओं ने उनका भावपूर्ण अभिनंदन किया। चाय की चुस्कियों के साथ हुई अनौपचारिक बैठक में क्षेत्र की जनसमस्याओं, संगठनात्मक मजबूती, आगामी वोट चोर-गद्दी छोड़ रैली तथा वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने सड़क निर्माण में भारी अनियमितता व ठेकेदारों की लापरवाही, रियाडा औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्रियों द्वारा मनमानी, बिजली-पानी की समस्याएं सहित कई जनहित के मुद्दे श्री पटेल के सामने रखे। पूर्व मंत्री ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और शीघ्र समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता तोखन रविदास, बरही विधानसभा नेता दीपक गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष डॉ. निजामुद्दीन अंसारी, ओबीसी जिला महासचिव सुनील साव, जिला सचिव विकास गुप्ता, एससी सेल अध्यक्ष कार्तिक पासवान, मंडल अध्यक्ष बबलू साव, बीरबल साहू, महेन्द्र साहू, मीडिया प्रभारी तौकीर रज़ा, राजेश कुमार साव, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष रिजवान अंसारी, मातीन खान, गुलजार अंसारी, प्रमोद सिंह, नरेश साव, सुधीर कुमार रजक, शहंशाह खान, प्रकाश रविदास, हरीश कुमार साव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दिल्ली में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने जा रहे जेपी पटेल ने कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखते हुए कहा कि आपका यही जोश और एकजुटता कांग्रेस को पुनः सत्ता के शिखर पर पहुंचाएगा।

## साइबर ब्रांच के आरक्षी धीरज तिवारी ने किया शानदार कार्य, 72 गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी से बढ़ा विभाग का मान



**बलरामपुर/**महराजगंज तराई थाना महाराजगंज तराई, जनपद बलरामपुर में तैनात साइबर ब्रांच के आरक्षी धीरज तिवारी ने तकनीकी दक्षता और लगन का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए इस वर्ष गुमशुदा मोबाइल फोन बरामदगी के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उनकी मेहनत और त्वरित कार्रवाई के परिणामस्वरूप कुल 72 मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनमें 54 मोबाइल थाना क्षेत्र में गुमशुदा थे जिन्हें उन्होंने मोबाइल मालिकों को सकुशल वापस कराया। खास बात यह रही कि आरक्षी धीरज तिवारी ने न केवल जनपद बलरामपुर में ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र राज्य से भी गायब हुए 18 गुमशुदा मोबाइल फोन महाराष्ट्र पुलिस का सहयोग करते हुए थाना महराजगंज तराई क्षेत्र से बरामद कराया लंबी तकनीकी ट्रैकिंग, लोकेशन एनालिसिस और निरंतर संवाद के माध्यम से यह संभव हो सका। उनकी इस कार्यशैली ने साइबर सेल की क्षमता और सक्रियता को एक नई पहचान दिलाई है। धीरज तिवारी की इस उपलब्धि से जहां मोबाइल खो चुके लोगों के चेहरे पर खुशी लौटी है, वहीं पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर जनता का भरोसा भी मजबूत हुआ है। उनके प्रयासों को थाना महाराजगंज तराई तथा जनपद स्तर पर सराहा जा रहा है। उनकी लगन, तकनीकी समझ और सतत प्रयासों ने उन्हें साइबर शाखा का विशेष योगदानकर्ता बना दिया है।

# डूमारो में दामोदर नदी से अवैध बालू खनन जोरों पर, मुखिया ने पुलिस-प्रशासन पर मिलीभगत का लगाया गंभीर आरोप

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**चंदवा, झारखंड:-** चंदवा थाना क्षेत्र के डूमारो पंचायत स्थित दामोदर नदी में अवैध बालू खनन और परिवहन का धंधा इन दिनों चरम पर है। बताया जाता है कि बालू माफिया बिना किसी भय के पूरे दिन नदी से धड़ल्ले से बालू निकालते हैं और पंचायत सचिवालय डूमारो से महज 50-75 मीटर की दूरी पर बड़े पैमाने पर स्टॉक कर देते हैं। देर रात इन्हीं स्टॉक से भारी वाहनों में लोड कर मैक्लुस्कीगंज, खलारी, बिजुपाड़ा और रांची तक महंगे दामों पर बालू की आपूर्ति की जाती है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस लगातार हो रहे बालू उठाव से गांव की सड़कों पर दिनभर धूल का गुबार छाया रहता है, जिससे आवागमन और स्वास्थ्य–दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि वे इस धंधे का विरोध करने से डरते हैं क्योंकि बालू माफियाओं को पुलिस और उग्रवादी अपराधी तत्वों का संरक्षण प्राप्त होने की बात आम चर्चा में रहती है। विरोध करने पर किसी अनहोनी की आशंका से ग्रामीण चुप्पी साधने को मजबूर हैं। डूमारो पंचायत की मुखिया ने इस अवैध गतिविधि पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि– 'धंधेबाज पंचायत के चेतावनी या निर्देशों को नहीं मानते। वे पंचायत से जारी चालान नहीं लेते और मैक्लुस्कीगंज थाना की मिलीभगत से अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रहे हैं। इस मामले की जानकारी मैं 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में अंचलाधिकारी चंदवा को दे चुकी हूं तथा पूर्व के सीओ को लिखित रूप से भी अवगत करा चुकी हूं, परंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।' इस बीच, डीएमओ लातेहार ने डूमारो से हो रहे अवैध उठाव की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्हें मामले की जानकारी है तथा 'एक-दो दिनों में उचित कार्रवाई की जाएगी।' उधर, डूमारो मुखिया द्वारा लगाए गए आरोपों के संदर्भ में संवाददाता ने मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी से पक्ष लेने का प्रयास किया। अवैध बालू कारोबार की बात सुनते ही प्रभारी भड़क उठे और कहा– 'यह चंदवा थाना क्षेत्र का मामला है। कोई कुछ कहेगा और आप सुन लेंगे? जाइए, मुड़ी काट दीजिए, हमसे क्यों पक्ष ले रहे हैं?' प्रभारी के इस तीखे व्यवहार ने पुलिस की भूमिका पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। डूमारो के निवासियों को अब भी प्रशासनिक हस्तक्षेप का इंतजार है, ताकि इस अवैध धंधे पर रोक लगे और ग्रामीणों को राहत मिल सके।

# प्रदूषण, रुपये की गिरावट, पान मसाला उपकर: संसद के चौथे दिन गरमागरम बहस



संसद के शीतकालीन सत्र का आज चौथा दिन था। आज चौथे दिन दोनों ही सदनों में सामान्य कामकाज देखने को मिला। हालांकि प्रदूषण को लेकर दोनों सदनों में विपक्ष की ओर से शोर जरूर किया गया। वहीं, विपक्ष के सांसदों ने वायु प्रदूषण को लेकर प्रदर्शन भी किया। दूसरी ओर विपक्ष रुपए की कीमत में लगातार गिरावट को भी मुद्दा बनाने की कोशिश करता रहा। कई विपक्षी सांसदों ने वक्फ पंजीकरण की समयसीमा बढ़ाने की लोकसभा में मांग की। राज्यसभा में डॉक्टरों की सुरक्षा का मुद्दा उठा और इसको लेकर राष्ट्रीय कानून बनाने की मांग की गई। वहीं, सरकार ने कहा कि देश में न्यायाधीशों की पद पर बने रहने की आयु सीमा बढ़ाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

# एनएच-31 पर भीषण टक्कर: नवविवाहित राहुल राम की मौत, धर्मेंद्र गंभीर—हेलमेट न होने से बढ़ी हादसे की गंभीरता

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**बलिया।** नरहीं थाना क्षेत्र के एनएच-31 पर सोवन्था पेट्रोल पंप के पास बृहस्पतिवार दोपहर स्कूटी और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और दोनों परिवारों में कोहराम छा गया।

जानकारी के अनुसार कठार सिकन्दरपुर निवासी धर्मेंद्र गुप्ता (32) स्कूटी से बक्सर से घर लौट रहे थे। इसी दौरान उजियार गांव निवासी राहुल राम (24) अपनी पत्नी लक्की कुमारी को बाइक से भरौली की ओर ले जा रहे थे। सोवन्था पेट्रोल पंप के पास दोनों वाहनों की जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने तत्काल दोनों को सीएचसी नरहीं पहुँचाया, जहां से उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान राहुल राम की मौत हो गई, जबकि धर्मेंद्र गुप्ता की स्थिति गंभीर बनी हुई है। राहुल की मौत की खबर घर पहुंचते ही मातम फैल गया। परिजनों के अनुसार, राहुल की शादी केवल एक महीने पहले ही हुई थी। पत्नी लक्की का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर दोनों युवक हेलमेट पहने होते तो हादसे की गंभीरता कम हो सकती थी। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# चकबंदी कार्यालय में फैली गंदगी पर डीएम का एक्शन: लापरवाही पर फटकार, अनुपयोगी सामान की नीलामी का आदेश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बलिया।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने गुरुवार को बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी (अतिरिक्त) कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें कार्यालय परिसर में गंदगी, अव्यवस्था और साफ-सफाई की लचर व्यवस्था मिली, जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। डीएम ने जिम्मेदार अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने देखा कि कार्यालय में लंबे समय से खराब और अनुपयोगी सामान इकट्ठा कर रखा गया है। इस पर उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट कहा कि ऐसे सामानों की तत्काल नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जाए, ताकि कार्यालय परिसर व्यवस्थित हो सके। उन्होंने कार्यालय के सामने लगी दुकानों को हटाने और पूरे परिसर की बाउंड्री बनाकर गेट लगाने के निर्देश भी दिए, ताकि सुरक्षा और सुव्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। इसके बाद जिलाधिकारी जल निगम की टंकी क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां भी हालात बेहद खराब मिले। परिसर में गंदगी थी और आवास में कुछ लोग रहते पाए गए। इस पर डीएम ने अधिकारियों से पूछा कि इन लोगों से किराया किसे और कितना लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर तत्काल उपलब्ध कराई जाए। साथ ही टंकी की बाउंड्री की सीलिंग से जुड़े पूरे विवरण की भी मांग की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि सरकारी संपत्तियों के दुरुपयोग, अनियमितता और कार्यालयों में लापरवाही किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विभाग साफ-सफाई, सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार सुनिश्चित करें।

# विधायक ने सीमेंट दुकान का किया उद्घाटन



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड:-** चौपारण प्रखंड के चतरा रोड पर छड़ सीमेंट दुकान का बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने उदघाटन किया। संचालक ने अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। विधायक ने संचालक से कहा कि आपका व्यापार खूब फले - फुले और नई ऊंचाइयों को छुए। उन्होंने सुबोध को उज्ज्वल भविष्य और सफल व्यापार के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी। मौके पर पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चनद्रवंशी, भाजपा नेता मुकुंद साव, भरत सिंह, सुमन सिंह, पूर्व मुखिया पहलवान उर्फ भुनेश्वर यादव, संजय यादव, कामदेव प्रजापति, रामचन्द्र सिंह, अशोक केशरी, सियाराम सिंह, दया सिंह, मनोज सिंह, बिनोद सिंह, कारू यादव, विश्वनाथ साव, देवकुमार दांगी, रंजीत यादव, पवन प्रजापति, राजेश यादव कई लोग उपस्थित थे।

# छोटे रुपये की किल्लत से बढ़ी आम जनता की परेशानी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड:-** पाकुड़िया में विगत कई महीनों से सौ रुपये से नीचे के नोट–50, 20, 10 और 5 रुपये–की भारी कमी के कारण स्थानीय लोगों, विशेषकर व्यापारियों और ग्राहकों के बीच लेन-देन में लगातार तकरार की स्थिति बनती रही है। छोटे नोटों की किल्लत ने सामान्य वर्ग से लेकर छोटे व्यवसायियों तक की परेशानियों को बढ़ा दिया है। जानकारी के मुताबिक, सब्जी, जलपान या दैनिक उपयोग की छोटी-मोटी वस्तुएँ खरीदते समय यदि ग्राहक सौ रुपये का नोट देता है, तो दुकानदार छुट्टा न होने की बात कहकर 30 रुपये देने को कहता है। दूसरी ओर, कई ग्राहकों की मजबूरी यह कि उनके पास अतिरिक्त छोटे नोट होते ही नहीं हैं। ऐसे में या तो उन्हें सामान वापस रखना पड़ता है या सौ रुपये का अधिक मूल्य खरीदना पड़ता है, जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए और भी कठिन परिस्थिति बन गई है। हालाँकि पाँच सौ रुपये के नोटों का चलन बाजार में सामान्य रूप से बना हुआ है, परंतु उसके नीचे के नोटों की उपलब्धता में भारी कमी देखी जा रही है। इस कारण फुटकर दुकानदारों, छोटे व्यवसायियों और गरीब एवं जरूरतमंद वर्ग के लोगों को लगातार समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कई मौकों पर विक्रेताओं और क्रेताओं के बीच विवाद की स्थिति भी उत्पन्न होती रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि बीते दिनों में सरकारी योजनाओं, सहयोग राशि, व्यापारिक गतिविधियों और रोजगार से लोगों की आय में वृद्धि हुई है, जिससे बाजार में पाँच सौ रुपये के नोटों का प्रवाह बढ़ गया है। किंतु छोटे नोटों की कमी क्यों और कैसे उत्पन्न हुई, यह आमजन के लिए समझ पाना कठिन होता दिख रहा है। ऐसे में जनहित को ध्यान में रखते हुए प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि वह छोटे नोटों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक और प्रशंसनीय पहल करे, ताकि आम जनता को इस जटिल समस्या से राहत मिल सके।

# भविष्य की सुरक्षा पर भारत-रूस की अहम बैठक, विशेष साझेदारी से बढ़ेगी वैश्विक शक्ति

सैन्य एवं सैन्य तकनीकी सहयोग पर भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग की 22वीं मंत्रिस्तरीय बैठक आज नई दिल्ली में आयोजित हुई, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके रूसी समकक्ष आंद्रेई बेलौसोव ने सहयोग के विविध पहलुओं पर चर्चा की। बैठक के दौरान बोलते हुए, राजनाथ सिंह ने कहा कि रूस भारत का एक समय-परीक्षित मित्र है। राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं हमारे देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर चर्चा करने और उसे बढ़ावा देने के लिए भारत आने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ। रूस भारत का समय-परीक्षित, विशेषाधिकार प्राप्त और रणनीतिक साझेदार है, और 2000 में भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी की घोषणा पर हस्ताक्षर करने के बाद से हमारा द्विपक्षीय रक्षा सहयोग काफी बढ़ा है।

# बनहरदी कोल ब्लॉक की एनओसी पर सवाल, ग्राम सभा ने सर्वसम्मति से बताया अमान्य

● **ग्राम बारी के तनहाजा टाड़ बुध बाजार छातासेमर में आयोजित ग्राम सभा में कई महत्वपूर्ण निर्णय**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लातेहार, झारखंड:-** बीते बुधवार को ग्राम बारी के तनहाजा टाड़ , बुध बाजार छातासेमर में एक महत्वपूर्ण विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम बारी के प्रधान रोबेन उरांव ने की। ग्राम सभा में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे, जहाँ भूमि से संबंधित त्रुटियों के निवारण और बनहरदी कोल ब्लॉक से जुड़े दस्तावेजों की वैधता को लेकर व्यापक चर्चा हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्राम क्षेत्र में चल रहे भूमि संबंधी विवादों, त्रुटियों और सुधार की संभावनाओं की समीक्षा करना था। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से कहा कि बनहरदी कोल ब्लॉक से जिस कंपनी ने एनओसी प्राप्त करने का दावा किया है, वह फर्जी प्रतीत होती है और इसे अमान्य माना जाए। ग्रामीणों का कहना था कि ग्राम सभा की जानकारी और सहमति के बिना किसी भी प्रकार की अनुमति या एनओसी जारी नहीं की गई है, इसलिए इसे मान्य नहीं माना जा सकता। बैठक में यह भी स्पष्ट निर्णय लिया गया कि ग्राम सभा की सहमति के बिना गांव में किसी प्रकार का कार्य, परियोजना या निर्माण नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने जोर देते हुए कहा कि ग्राम सभा सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है और ग्रामीण क्षेत्र में किसी भी योजना के क्रियान्वयन के लिए ग्राम सभा की अनुमति अनिवार्य होगी।

भूमि त्रुटि सुधार के मुद्दे पर भी विस्तृत चर्चा हुई। कई ग्रामीणों ने शिकायत करते हुए कहा कि बीते वर्षों में किये गए सर्वेक्षणों में कई प्रकार की गलतियाँ दर्ज हुई हैं, जिसका सीधा प्रभाव ग्रामीणों की जमीन, खाता, और रकबा पर पड़ा है। इसी को ध्यान में रखते हुए ग्राम सभा ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि भूमि संबंधी त्रुटियों के सुधार के लिए मिनी सर्वे करवाना आवश्यक है, ताकि सभी रिकार्ड दोबारा सही तरीके से सत्यापित और अद्यतन किए जा सकें। बैठक के अंत में उपस्थित ग्रामीणों ने हस्ताक्षर के माध्यम से अपने निर्णय की पुष्टि की। ग्राम सभा में प्रमुख रूप से उपस्थित ग्रामीणों में ब्रमसहाय उरांव, उद्देय उरांव, शिवमंगल भगत, जीतन उरांव, उदित राम, बासुदेव मोची, लालेंद्र उरांव, सुमित उरांव, धनेसर राम, कुलेसर टाना भगत, हिरालाल उरांव, संजय कुमार, उपेन्द्र राम, सुकरा टाना भगत, शमीम अंसारी, लालदेव उरांव, बनारसी भुइयां, उर्मिला उरांव, सोमरी उरांव, सितामनी उरांव, लीला देवी, संगीता उरांव, जीरवा उरांव, झमनी देवी, मुनिया उरांव, जितनी देवी, कार्तिक उरांव, कृष्णा भुइयां तथा ननकू भुइयां समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि गांव और समाज के हित में लिए गए इन सर्वसम्मत निर्णयों का पालन करना सभी के लिए अनिवार्य होगा। ग्राम सभा के यह निर्णय आगे आने वाले दिनों में गांव की भूमि सुरक्षा, पारदर्शिता और अधिकार सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# चंदवा: लघुप पंचायत के आरा टोला-लोहरसी हेंजला रोड का पुल छह माह से ध्वस्त, सात से आठ गांवों की जिन्दगी पर संकट

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**चंदवा, झारखंड:-** चंदवा प्रखंड के लघुप पंचायत के आरा टोला से गुजरने वाले लोहरसी-हेंजला मुख्य सड़क पर बना पुल पिछले छह महीनों से जर्जर अवस्था में पड़ा है। बरसात के दौरान पुल का एक बड़ा हिस्सा बह गया था, जिसके बाद से आज तक इसकी मरम्मत नहीं हो पाई है। इससे आसपास के सात से आठ गांवों के हजारों लोगों के सामने आवाजाही का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार पुल टूटने से उनकी रोजमर्रा की ज़िंदगी मानो ठहर सी गई है। बच्चों को स्कूल जाने में भारी दिक्कत होती है। कई बच्चों को कीचड़ और खतरनाक रास्तों को पार कर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। वहीं राशन और आवश्यक सामान लाने में भी ग्रामीणों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। बीमार व्यक्तियों को अस्पताल ले जाना सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। ग्रामीणों ने बताया कि रास्ता खराब होने और पुल टूट जाने के कारण मरीजों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाना बेहद जोखिम भरा काम हो गया है। गर्भवती महिलाओं के लिए तो स्थिति और भी गंभीर है। प्रसव पीड़ा शुरू होने पर अस्पताल तक पहुंचाना समय के खिलाफ जंग जैसा हो जाता है। कई बार ग्रामीणों को बारिश और अंधेरे में कंधे पर उठाकर महिलाओं को सड़क तक पहुंचाने की मजबूरी आती है। बावजूद इसके, कोई जनप्रतिनिधि या प्रशासनिक अधिकारी समस्या का संज्ञान लेने नहीं पहुंचा है। ग्रामीणों ने बताया कि न मुखिया, न पंचायत प्रतिनिधि, न विधायक प्रतिनिधि, और न ही जिला प्रशासन ने अब तक इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम उठाया है। ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि इतनी बड़ी परेशानी के बावजूदक् उनकी आवाज़ अनसुनी की जा रही है। लोगों ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द पुल का पुनर्निर्माण कराने की मांग की है, ताकि गांवों की टूटी जीवनरेखा फिर से जुड़ सके और आम जनजीवन सामान्य हो सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के बाद JSSC संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा परिणाम व नियुक्ति प्रक्रिया पर लगी रोक हटते ही अभ्यर्थियों में खुशी की लहर

● **सैकड़ों युवा पहुंचे मुख्यमंत्री आवास**

**मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन के प्रति व्यक्त किया आभार**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा छ्वस्स्ष्ट संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा के परिणाम और नियुक्ति प्रक्रिया पर लगी रोक हटाए जाने के आदेश के बाद राज्यभर के सैकड़ों अभ्यर्थी आज ढोल-नगाड़ों के साथ मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची पहुंचे। अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन और विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया।

**निष्पक्ष जांच और न्याय की जीत : मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि छ्वस्स्ष्ट ष्टत्रु परीक्षा से जुड़े सभी पहलुओं की पूरी निष्पक्षता के साथ जांच कराई गई है। परीक्षा की पारदर्शिता को दागदार करने की साजिश करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि अदालत ने न केवल सरकार की निष्पक्ष जांच पर भरोसा जताया, बल्कि अभ्यर्थियों के ईमानदार प्रयासों और भावनाओं का सम्मान भी किया, जिसका परिणाम आज सबके सामने है।

**18 वर्षों की तुलना में हमारी सरकार ने 5 वर्षों में अधिक परीक्षाएं ली**

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड लोक सेवा आयोग ने पिछले 18 वर्षों में जितनी भी सिविल सेवा परीक्षाएं आयोजित कीं, उतनी परीक्षाएं राज्य सरकार ने मात्र पिछले 5 वर्षों में ही पूरी करा लीं। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले वर्षों की कई परीक्षाओं में धांधली की शिकायतें सामने आती रहीं, लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा ली गई सभी परीक्षाएं बेदाग और पारदर्शी रही हैं।

**अगर इरादे नेक हों, तो हर चीज बेहतर होती है**

मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा कि अगर इरादे नेक हों तो हर चीजें बेहतर होती है। थोड़ी देर से सही, पर अब सारी अड़चनें दूर हो चुकी हैं। आज आप सभी को लंबे संघर्ष के बाद सफलता मिली है इस खुशी में हम सब शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को मजबूत बनाने के लिए हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। जब युवा खुश होंगे तभी राज्य खुशहाल होगा।

**सरकार के समर्थन ने दिलाया विश्वास : अभ्यर्थी**

अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छ्वस्स्ष्ट ष्टत्रुपरीक्षा से जुड़े पूरे मामले में मुख्यमंत्री के अथक प्रयास, राज्य सरकार की निष्पक्ष जांच, तथा दोषियों पर हुई कार्रवाई के कारण उन्हें न्याय मिल पाया है। उन्होंने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद मिली जीत में सरकार का सहयोग महत्वपूर्ण रहा है।

# सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

● **सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार ने घायल को अस्पताल पहुंचाकर दिया मानवता का परिचय**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही प्रखंड के पंचमाधव में बुधवार की देर रात एक सड़क हादसे में चन्दवारा के कोटवारडीह निवासी 28 वर्षीय मुकेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में उनके बाएं पैर में गहरी चोटें आई। रात्रि के समय मौके पर कोई सहायता न मिलने पर ग्रामीणों ने तुरंत सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिकंदर कुमार बिना देर किए घटनास्थल पहुंचे और अपनी बाइक से घायल युवक को अनुमंडलीय अस्पताल बरही पहुंचाया। समय रहते उपचार शुरू होने से घायल युवक की स्थिति नियंत्रण में आ सकी। इस मानवीय पहल के लिए लोगों ने सिकंदर कुमार की सराहना की। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने प्राथमिक उपचार के बाद मुकेश कुमार को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया। सिकंदर कुमार ने कहा कि आए दिन सड़क हादसे बढ़ रहे हैं, ऐसे में समय पर घायल को अस्पताल पहुंचाना सबसे महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना मानवता का कर्तव्य है। गौरतलब है कि पंचमाधव निवासी सिकंदर कुमार लगातार सामाजिक कार्यों से जुड़े रहते हैं और जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। मौके पर नंदकिशोर दास, संतोष राणा, विकास कुमार, रतनलाल प्रजापति सहित कई ग्रामीणों ने सहयोग किया।

# नौ से शुरू होगा मेला




**चित्रकूट:** जिला विकास अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन एवं उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम योजनांतर्गत दो दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव/मेला एवं मिलेट्स रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आगामी नौ दिसंबर को ऑडिटोरियम हाल में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में किया जाएगा। जनपद स्तरीय दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव/मेला एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम में मिलेट्स, मोटा अनाज एवं रबी फसलों से संबंधित जानकारी देकर किसानों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाकर तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

# अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर समावेशी शिक्षा विद्यालय में हर्षोल्लास

**बलरामपुर।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर गिफ्टेबल फाउंडेशन द्वारा संचालित समावेशी शिक्षा विद्यालय, धुसाह (तहसील बलरामपुर) में गुरुवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला तथा जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने प्रतिभाग किया। दोनों अतिथियों ने विद्यालय पहुंचकर दिव्यांग विद्यार्थियों से परिचय प्राप्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के दिव्यांग बच्चों ने नृत्य, समूहगान, नाट्य रूपांतरण तथा प्रेरक गतिविधियों सहित कई मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और ऊर्जा से परिपूर्ण प्रस्तुतियों ने समूचे कार्यक्रम का वातावरण भावनाओं और प्रेरणा से सराबोर कर दिया। अतिथियों सहित उपस्थित अभिभावक, शिक्षक व जनमानस बच्चों के कौशल को देखकर अभिभूत हो उठे। इस अवसर पर जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने कहा कि दिव्यांग बच्चे किसी भी दृष्टि से कम नहीं हैं। उचित संसाधन, सहयोग और संवेदनशील वातावरण मिलने पर वे समाज की मुख्यधारा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। जिला प्रशासन दिव्यांगजनों के अधिकारों, सुविधाओं एवं शिक्षा-स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को सुनिश्चित करने हेतु लगातार प्रयासरत है। विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास का संचार करते हैं और समाज को संवेदनशीलता का संदेश देते हैं। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सफल प्रस्तुति देने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उनका मनोबल बढ़ाया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## मारपीट कर धमकाने के आरोप

**चिकित्सीय परीक्षण के बाद भी नहीं लिखी रिपोर्ट**

**कोर्ट के आदेश पर मामला हुआ दर्ज**

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम नयागांव निवासी 52 वर्षीय मंजू पत्नी मन्से रजक ने अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एस.सी.एस.टी. एक्ट के समक्ष दावा प्रस्तुत किया है। बताया कि बीती 4 अक्टूबर को सुबह 8 बजे उसका नाती अंशु कन्या भोज के लिए माता मंदिर जा रहा था। रास्ते में उसके नाति के आशिव से छू जाने के कारण आशिव पुत्र इस्राइल खां ने उसके नाती से मारपीट कर दी, जिससे वह रोता हुआ घर आ रहा था, तभी आशिव पे पीछे से आकर घर के सामने जब उससे कहा कि क्यों मारापीटा तो इस पर उसने गालियां देते हुये ईट मारना शुरू कर दिया। बचाव करने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित किया और जान से मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत उसी दिन जाखलौन थाने में की, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। 8 अक्टूबर को एसपी के समक्ष की, जिस पर अगले दिन 9 अक्टूबर को उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया गया, 10 अक्टूबर को उसका एक्सरे कराया गया। लेकिन मामला दर्ज नहीं किया गया। अब न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने उक्त के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) व एस.सी.एस.टी. एक्ट की धारा 3 (1)(द), 3 (1)(घ) व 3 (2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने चलाया गृह सम्पर्क अभियान



**हिंदुत्व को जोड़ने की भावना से किया जा रहा लोगो से सम्पर्क**

**ललितपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष के रूप में घर-घर जाकर गृह संपर्क अभियान किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक हिंदू घरों पर संपर्क करके उन्हें हिंदुत्व की भावना को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है वहीं भारत मां का चित्र व पत्रक देकर लोगों में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ तालाबपुरा द्वारा शिवाजी बस्ती के स्वयं सेवकों ने घर-घर जाकर जनसपंर्क किया वहीं लोगो को जानकारी दी गई की वह विरोधी मानसिकताओं को छोड़कर भारत माता व देश भक्ति की भावनाओं को जागृत किया जाए व पंच परिवर्तन के बारे में बताया गया स्वयंसेवक नियमित रूप से समाज परिवर्तन और समस्याओं का समाधान करने के लिये सतत् सक्रिय रहते हैं, लेकिन शताब्दी वर्ष के पश्चात् पाँच विषयों पर सज्जन शक्ति के सहयोग से जन-जागरण के लिए विशेष प्रयत्न करेंगे। जिन्हें पंच परिवर्तन कहा गया है। इस मौके पर छककीलाल साहू,भरत पुरोहित, आशीष तिवारी, रामकुमार नामदेव, हर्ष नामदेव, विक्रम सेन, रामसेवक पाठक, पुरुषोत्तम नारयण चौबे, नीरज जैन, चन्द्रमा सिंह, रमेश सिंह विकास गुप्ता ऋषि साहू हरनाम सिंह पीतम सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## खेत पर जा रहे व्यक्ति की कार में ट्रैक्टर से टक्कर मारी

**अवैध रुपयों की मांग करते हुये किया कुल्हाड़ी से हमला**

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला चौबयाना निवासी दिलीप चौबे पुत्र स्व.संतोष चौबे ने थाना जाखलौन पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 2 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे वह अपने साथी मनीष राय पुत्र टीकाराम व गोविन्दी सेन पुत्र रतनलाल के साथ अल्काजार कार संख्या यू.पी.94 ए.ए. 9494 से अपने खेत पिपरिया वंशा आ रहा था, तभी पिपरिया वंशा में ही पेट्रोल पम्प के सामने नहर के पीछे से महिन्द्रा ट्रैक्टर सवार प्रेमसिह यादव पुत्र जुझार सिंह, राजाबाबू, चाली यादव पुत्रगण प्रेम सिंह, जीतू यादव पुत्र स्व.लाखन सिंह, दीवानजी पुत्र बृजलाल यादव आये और उसे रोकते हुये अवैध रुपयों की मांग करने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे वह कार से भागने लगे, लेकिन उन्होंने कार में टक्कर मार दी और जानबूझकर टक्कर मारते रहे, जिससे गाड़ी के अंदर बैठे लोगों को चोट लगी और कार भी क्षतिग्रस्त हो गयी। उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 126 (2), 191 (2), 191 (3), 119 (1), 131, 352, 351 (3), 324 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# असहाय, निराश्रित व यात्रियों के लिए शीतलहर के लिए पहले ही रैन बसेरों की व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने भ्रमण पर निकले जिलाधिकारी सत्य प्रकाश

**●ठण्ड में कोई भी राहगीर बाहर न सोने पाए, अधिकारी रात्रि भ्रमण कर रैन बसेरों में पहुंचाये: डीएम**

**शहर के 100 बेडेड रैन बसेरा व कोतवाली के सामने स्थित रैन बसेरे का औचक निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं, प्रचार-प्रसार कराने के दिये निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** सर्दी के मौसम के दृष्टिगत राहगीरों, यात्रियों व असहाय, निराश्रितों एवं जरूरतमंदों के लिए नगर पालिका द्वारा संचालित रैन बसेरों की व्यवस्थाओं का गुरुवार को जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त कराकर क्रियाशील कराने के अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम शहर कोतवाली के सामने नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित रैन बसेरा का निरीक्षण किया। यहां पर पुरुष एवं महिला के लिए अलग-अलग रुकने की व्यवस्था है, जहां आधार कार्ड जमा करके 24 घण्टे रुका जा सकता है। पुरुष रैनबसेरा में 25 व महिला रैनबसेरा में 10 बेड की व्यवस्था है, प्रकाश, पेयजल व शौचालय व्यवस्था के साथ ही अलाव भी जलाया जाता है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि शर्दी के मौसम में रात्रि भ्रमण करके यह सुनिश्चित करें कि कोई भी असहाय व्यक्ति ठण्ड में बाहर न सोने पाए, अगर ऐसा कोई भी व्यक्ति सड़क या अन्य स्थान पर पाया जाता है तो उसकी पहचान सुनिश्चित करके उसे रैनबसेरा में ठहराया जाए। इसके अलावा आज से ही रैन बसेरों में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं।

उन्होंने डाइट के सामने डूडा विभाग द्वारा बनाए गए 100 बेडेड रैन बसेरा को भी देखा, जहां की व्यवस्थाएं ठीक पायी गई, महिला व पुरुष के लिए अलग-अलग कमरे, शौचालय, किचिन की व्यवस्था थी। बताया गया कि यहां पर यात्रियों व राहगीरों से आधार कार्ड जमा कराकर 24 घण्टे रुकने की व्यवस्था दी जाती है, अभी सर्दी कम होने के कारण प्रतिदिन लगभग 10 राहगीर रुकते हैं। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि शहर में इन व्यवस्थाओं का प्रचार-प्रसार कराया जाए, सार्वजनिक स्थानों पर बैनर, पोस्टर आदि के माध्यम से लोगों को जानकारी दी जाए, ताकि जरुरतमंद लोग इनका लाभ ले सकें। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज में मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों को भी यहां ठहराने की व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी ने मीडिया से वार्ता करते हुए बताया कि शीतलहर के पूर्व ही असहायों, निराश्रितों व राहगीरों के लिए रैन बसेरों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए आज निरीक्षण किया गया है, अधिकांश स्थानों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त हैं, कहीं कहीं कार्य करने की आवश्यकता है, वहां व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जाएंगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि/रा अंकुर श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, मिशन मैनेजर सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी के कुशल निर्देशन में जनपद ने हासिल की 94.61 प्रतिशत प्रगति, 1063 में से 632 बूथों पर एसआईआर का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण

**●डीएम ने बूथों पर जाकर बीएलओ को प्रोत्साहित किया और पूरी निष्ठा से कार्य करने के लिए प्रेरित किया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के कुशन निर्देशन व मार्गदर्शन में जनपद में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान ने गुरुवार को दोपहर 2 बजे तक 94.61 प्रतिशत प्रगति हासिल कर ली है, जिसमें ईएफ डिजिटाईजेशन के 87.09 एवं एएसडी (अनट्रेसेवल, परमानेंट शिफ्टिड, ऑलरेडी एन्रोल्ड व अन्य) के 7.52 प्रतिशत मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा जनपद के कुल 1063 बूथों में से 632 बूथों पर एसआईआर का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। इस सम्बंध में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में एसआईआर का प्रथम चरण समाप्ति की ओर है, जिसके अंतर्गत हमने 94.61 प्रतिशत प्रगति हासिल कर ली है, एक से दो दिन में फीडिंग की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी, इसके उपरान्त दूसरे चरण का कार्य शुरु होगा।

जिलाधिकारी ने अभियान को और गति देने व बीएलओ को प्रोत्साहित करने के लिए गुरुवार को नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज जाकर बीएलओ के कार्यो की समीक्षा की। यहां पर बूथ सं0-387, 388 व 389 की बीएलओ कार्य करती हुई पायी गई, जिलाधिकारी के पूछने पर बताया गया कि बूथ सं0-387 पर 1141 के सापेक्ष 850 फार्म, बूथ सं0-388 पर 1194 के सापेक्ष 992 फार्म व बूथ सं0-389 पर 1249 के सापेक्ष शत-प्रतिशत फार्म फीड करा दिये गए हैं। अवशेष फार्म भी जल्द फीड हो जायेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि पूरी निष्ठा से कार्य करते रहिए, एक से दो दिनों में हम शत-प्रतिशत उपलब्धी हासिल कर लेंगे। विद्यालय में ही स्थित प्राचीन बावड़ी को जिलाधिकारी ने देखा, मौके पर बावड़ी से पेयजल की आपूर्ति हेतु पाइपलाइन डाले जाने का कार्य प्रगति पर था, अधिशासी अधिकारी नपा ने बताया कि पूर्व में इस बावड़ी का जीर्णोद्धार कार्य कराया गया है, ताकि प्राचीन जलस्त्रोतों से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके, यहां का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि निर्माणाधीन कार्यों को तय समयसीमा में पूर्ण कराया जाए। जिलाधिकारी ने विद्यालय के जीर्णशीर्ण कक्षों को देखकर प्रधानाचार्या से उनके जीर्णोद्धार की जानकारी ली, जिस पर बताया गया कि कक्षों के जीर्णोद्धार के लिए शासन को पत्र भेजा गया है, धनराशि उपलब्ध होते ही कार्य कराया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि/रा अंकुर श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, मिशन मैनेजर, प्रधानाचार्या सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 150(जोडी) बैसाखी, 70 एम0आर0 किट, 30 ब्रेल किट, 30 स्मार्ट केन, 20 कान की मशीन, 72 ट्राइसाइकिल, एवं 10 मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का किया गया वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजनान्तर्गत सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन विकास भवन परिसर में किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ (मंनू कोरी) एवं विशिष्ट अतिथि सदर विधायक के प्रतिनिधि श्रीकांत कुशवाहा, सांसद के प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी, सदस्य विधान परिषद के प्रतिनिधि केदार तिवारी एवं जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी आशुतोष सिंह एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शुभांशु सोनकर अदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती का पुष्पार्जन, दीप प्रज्वलन के उपरांत राष्ट्रगान के साथ किया गया। अतिथियों के स्वागत के उपरान्त राष्ट्रगान के साथ किया गया। अतिथियों के स्वागत के उपरान्त जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शुभांशु सोनकर द्वारा अवगत कराया गया कि कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजनान्तर्गत 04.12.2025 को आयोजित इस शिविर मे 150(जोडी) बैसाखी, 70 एम0आर0 किट, 30 ब्रेल किट, 30 स्मार्ट केन, 20 कान की मशीन, 72 ट्राइसाइकिल, एवं 10 मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का वितरण किया जा रहा है। उन्होने दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों से दिव्यांग बच्चों की शिक्षा को लेकर परिचर्चा की एवं विभाग द्वारा संचालित समेकित माध्यमिक विद्यालयों आदि में बच्चों के प्रवेश पर बल दिया। मुख्य अतिथि मनोहर लाल पंथ द्वारा दिव्यांगजनों को सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं एवं योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु दिव्यांगजनों को अभिप्रेरित किया। साथ ही दिव्यांगजनों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। माननीय सांसद प्रतिनिधि श्री दिनेश गोस्वामी जी द्वारा विभाग द्वारा की जा रही सार्थक पहलों की सराहना करते हुये सांसद जी द्वारा दिव्यांगों के लिये किये जा रहे प्रयासों की चर्चा की। श्री केदारनाथ तिवारी जी द्वारा दिव्यांगजनों को संबोधित करते हुये कहा गया कि दिव्यांग जागरूक व शिक्षित होकर सशक्त व स्वावलंबी बनें। अतिथियों द्वारा ससम्मान लाभार्थियों को उपकरण वितरित करते हुये कार्यक्रम का समापन किया गया।

# अमर शहीद राजेंद्र शुक्ल की नवीन प्रतिमा का अनावरण, राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा महरौनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**महरौनी।** नगर पंचायत महरौनी के तत्वावधान में गुरुवार दोपहर नगर के मंडी रोड स्थित श्री राजेंद्र शुक्ल पार्क में भारत माता के अमर सपूत शहीद राजेंद्र शुक्ल जी की नवीन प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। अनावरण समारोह नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीलम दुष्यंत बड़ोनिया एवं स्व. रविन्द्रानंद बड़ोनिया फेयरवेल सोसायटी के प्रबंधक दुष्यंत बड़ोनिया द्वारा विधिवत पूजन के पश्चात सम्पन्न हुआ।

इसके उपरांत अध्यक्ष नीलम दुष्यंत बड़ोनिया, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह, तथा नगर पंचायत के समस्त पार्षदगणों ने प्रतिमा स्तंभ का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान वातावरण देशभक्ति से गुंजायमान हो उठा।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने शहीद राजेंद्र शुक्ल जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने उनके वीरता, पराक्रम और बलिदान से जुड़ी स्मृतियों को भावपूर्ण स्वर में याद किया तथा कहा कि शहीद शुक्ल जी की शौर्यगाथा सदैव युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनी रहेगी।

समारोह के समापन पर सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन क्या गया, इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दुष्यंत बडौनियाग रवि अहिरवारग अनूप कुमारग नीलेश श्रीवास्तव लालाग जाकिर अलीग प्रेमनारायण साहूग पवन जैनग मुकेश श्रीवास्तव पार्षदगण अनिल शर्माग उदयभानु सिंहग सौरभ लखपतिग सुरेश कुमारग मूलचंद सेन पार्षद प्रतिनिधिग कोमल चंद सिघई अध्यक्ष दिगम्बर जैन समाजग संजय पाण्डेय भारतग पीयूष शुक्लाग्राजेश श्रीवास्तवग महेंद्र सिंह राजावतग लखनलाल शिक्षकग विजय दुबेग रवि खरेग शमशेर खां उस्तादग इरफान अली एड0 दुष्यंत नायकग हरिहर तिवारीग राहुल शुक्लाग पत्रकारगण शैलेन्द्र नायकग सूर्यकान्त त्रिपाठीग राजीव सिघई मोनूग रिसी तिवारीग एवं रामदास कुशवाहाग राज अहमदग वेद प्रकाश ग शादिक खाग अरहन्त जैनग कयूम अलीग अभिषेक सहित समस्त नगर पंचायत कर्मचारीगण सहित सद्भावना स्मृति समारोह के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, स्कूली बच्चे तथा शिक्षक-शिक्षिकाएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सूर्यकांत त्रिपाठी ने तो भी समस्त आगंतुकों का आभार उदय भान सिंह (पार्षद प्रतिनिधि) ने जताया!

# सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को स्थानीय रोजगार और आत्मनिर्भरता के नए अवसर मिल रहे- डॉ. प्रवीण सिंह जादौन

**●सहकारिता ग्रामीण विकास का मूल आधार – रमेश लोधी**

**अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत ललितपुर में 'सहकारी संवाद' का आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर आज सहकार भारती, ललितपुर के तत्वावधान में जिला सहकारी बैंक सभागार, ललितपुर में एक दिवसीय 'सहकारी संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद की विभिन्न सहकारी समितियों, कृषि क्षेत्र के प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों, महिला उद्यमियों तथा युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहकार भारती उत्तर प्रदेश के निवर्तमान प्रदेश महामंत्री एवं उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत जिला सहकारी बैंक ललितपुर के सभापति रमेश लोधी सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहकारिता आंदोलन की भावना और उसके सामाजिक-आर्थिक महत्व पर चर्चा के साथ हुआ।

अपने संबोधन में डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि सहकारिता मॉडल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का प्रभावी माध्यम है। भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार किसानों, युवाओं और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु सहकारिता के माध्यम से अनेक योजनाएँ संचालित कर रही हैं। उन्होंने बताया कि सहकारी समितियाँ कृषि उत्पादन के साथ-साथ प्रसंस्करण, विपणन, डेयरी, कृषि यंत्र सेवा केंद्र तथा मल्टीपरपज़ समितियों के रूप में ग्रामीण युवाओं के लिए व्यापक रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं सहकारिता मंत्री जे.पी.एस. राठौड़ के नेतृत्व में प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र तेजी से मजबूत हुआ है। PACS के डिजिटलीकरण, समितियों के आधुनिकीकरण और नए सहकारी उद्यमों की स्थापना से रोजगार सृजन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

जिला सहकारी बैंक ललितपुर के सभापति रमेश लोधी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सहकारिता ग्रामीण विकास एवं आर्थिक उन्नति का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि यदि सहकारी संस्थाएँ पारदर्शिता, अनुशासन और समयबद्ध सेवाओं के साथ कार्य करें, तो किसानों एवं ग्रामीण युवाओं की आजीविका के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है।

विशिष्ट अतिथि जिला सहकारी विकास फेडरेशन लि ललितपुर झाँसी की अध्यक्ष बसंती लहरिया ने कहा कि विभाग द्वारा सहकारी संस्थाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु सदस्यता विस्तार, लेखा-व्यवस्था में पारदर्शिता और आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कृषि इनपुट, ऋण सुविधा, विपणन और प्रसंस्करण सेवाओं को और बेहतर बनाना प्राथमिकता है।

अपर जिला सहकारी विकास अधिकारी (सहकारिता) ओ.पी. यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि सहकारिता ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसके माध्यम से किसानों तथा युवाओं के आर्थिक विकास को नई दिशा मिल रही है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा जनपद की सहकारी समितियों को अधिक सक्षम, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

जनपद की विभिन्न सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों ने सहकारिता के विस्तार, इसकी उपयोगिता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आ रहे सकारात्मक परिवर्तनों पर अपने विचार रखे। सभी प्रतिभागियों ने सहकारिता को जन-आधारित विकास मॉडल के रूप में आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।

कार्यक्रम में सहकार भारती उत्तर प्रदेश के एफपीओ प्रकोष्ठ के सह संयोजक सुरेन्द्र पस्तोर, जिला संगठन प्रमुख धर्मसिंह कुशवाहा, जिलाध्यक्ष विभूति भूषण, महामंत्री कुंजबिहारी शर्मा, हरपाल सिंह चंदेल, मनीष श्रीवास्तव,वृजराम पटेल दिनेश नायक ब्रजेश गुप्ता, अमन रैकवार, रामनिवास नामदेव सहित विभिन्न सहकारी समितियों के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य तथा बड़ी संख्या में किसान, महिलाएँ और युवा उपस्थित रहे।

# विश्व दिव्यांगता दिवस पर दिव्यांगों के पुनर्वासन से संबंधित सामाजिक, शैक्षणिक, विधिक व चिकित्सीय विषयों पर हुई कार्यशाला

**●जनप्रतिनिधियों के हाथों सहायक उपकरण पाकर दिव्यांग जनों के खिले चेहरे**

**वक्ताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया सम्मानित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जनपद में विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में विकास भवन परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगों के पुनर्वासन से संबंधित सामाजिक, शैक्षणिक, विधिक व चिकित्सीय आदि विषयों पर जनप्रतिनिधियों के द्वारा अपने-अपने विचार प्रकट किये गए। ज्यमंत्री ने अपने संबोधन ने कहा कि आज विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर इस विराट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिससे जनपद के दिव्यांगों को सहायक उपकरण उपलब्ध हो सकें। इस शिविर के माध्यम से जनपद के अनेक दिव्यांगजनों को लाभ मिलेगा। उन्होंने दिव्यांगजनों के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए विश्व दिव्यांगता दिवस की बधाई दी। सदर विधायक ने कहा कि जनपद के दिव्यांगजनों के लिए समय-समय पर विभाग द्वारा इस प्रकार के सहायक उपकरण वितरण कैम्पों का कराया जाता रहा है। आज विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सभी दिव्यगजनों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा मंदबुद्धि दिव्यांगजनों के लिए अभिभावक नामित किये जाने का कार्य किया जाए और इसकी जानकारी के लिए प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे ऐसे दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाएं व आर्थिक निर्णय लेने में कोई समस्या उत्पन्न न हो। कार्यक्रम का शुभारंभ व दीप प्रज्वलन के उपरांत राष्ट्रगान एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए किया गया। वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। माननीयों द्वारा वक्ताओं को स्मृति चिन्ह व दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित करते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शुभांशु सोनकर द्वारा अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। विख्याताओं के रूप में डा0 शकुन्तला मिश्रा पुनर्वासन विश्वविद्यालय से प्रो0 डा0 सीताराम पाल, डा0 सुधा राव व डा0 महेश चौधरी एवं यूनाइटेड नेशन में दिव्यांगजनों की ओर से भारत का पक्ष रखने वाले एडवोकेट मनोज कुमार पांडेय, क्योर इंडिया फाउंडेशन की प्रतिनिधि वुसी वर्गास एवं एवोल्यूशन फार हेल्थ केयर इंडिया के प्रतिनिधि दिलीप साहू उपस्थित रहें।

# अंबेडकर महासभा की बैठक का हुआ आयोजन

**●6 दिसम्बर को मनाई जाएगी श्रद्धांजलि सभा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** गुरूवार को अंबेडकर महासभा की ओर से एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के 70 वे परी निर्माण दिवस पर अंबेडकर पार्क जेल चौराहा पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 6 दिसंबर को सुबह 10:00 बजे किया जा रहा है समिति के अध्यक्ष दीपक नंदलाल गौतम ने बताया की मुख्य अतिथि इंजीनियर अजय कुमार अधिशासी अभियंता सिंचाई निर्माण खंड प्रथम ललितपुर इंजीनियर भागीरथ बरुआ अधिशासी अभियंता सेवा निर्मित सिंचाई विभाग ललितपुर इंजीनियर सतीश चंद्र गौरव सहायक अभियंता सिंचाई विभाग लखनऊ जसराथ प्रसाद गुड़ा बुजुर्ग प्रधान लिपिक सेवा निर्मित,एसपी ऑफिस ललितपुर होगें बैठक की अध्यक्षता कर रहे इंजीनियर संतोष अहिरवार सभी लोगों से अपील की श्रद्धांजलि सभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की कृपा करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं उक्त बैठक में अंबेडकर महासभा के जिला अध्यक्ष दीपक नंदलाल गौतम डॉक्टर खेमचंद वर्मा मनीष पटवारी लाल पैथ संगीता गौतम रविंद्र अहिरवार राम प्रकाश भारती घासीराम सुखाड़ी नवल घावरी जहीर ललितपुरी सत्येंद्र विश्वकर्मा गब्बर अहिरवार चंदन सिंह अहिरवार हरिशंकर उर्फ बंटी ओमप्रकाश अहिरवार फूलचंद अहिरवार एडवोकेट अर्जुन सिंह बेसरा शब्बीर मंसूरी किसान नेता नूर मोहम्मद मंसूरी मलखान सिंह यादव रज्जू लाल दाऊ हरिशंकर एडवोकेट हरगोविंद अहिरवार बलराम समाजसेवी डॉ रामू कांत वर्मा राजेंद्र अहिरवार नेहरू नगर मनीष अहिरवार अरविंद अहिरवार सुनील कुमार सूर्या राजू अहिरवार एडवोकेट रानू कुमार गौतम जानकी अहिरवार पार्षद वार्ड नंबर 5 रामस्वरूप नामदेव एंड राकेश सूर्यवंशी संदीप धौलपुरिया निलेश अहिरवार संजू अहिरवार नवाजी मंसूरी राहुल अहिरवार बृजेशअहिरवार भारत लाल एडवोकेट हेमराज गौतम केहर अहिरवार संजय अहिरवार विक्रम अहिरवार गौरव अहिरवार परशु अहिरवार अमित अहिरवार सचिन अहिरवार नंदू आदि जन बैठक में मौजूद रहे अंत में समिति के जिला अध्यक्ष दीपक नंदलाल गौतम ने सभी का आभार व्यक्त किया और श्रद्धांजलि सभा में सभी लोगों से अपील की के ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ महरौनी ने खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन




**महरौनी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा महरौनी के तत्वाधान में ब्लॉक अध्यक्ष राजेश जैन की अगुवाई में ब्लॉक संसाधन केंद्र महरौनी पर शिक्षकों का चयन वेतनमान लगवाने के संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी महरौनी राजकुमार पुरोहित को ज्ञापन सौंपा,जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी महरौनी राजकुमार पुरोहित द्वारा तत्काल शिक्षकों का समय रहते चयन वेतनमान लगवाने को आश्वत किया।और कहां कि समय से सभी शिक्षकों का चयन वेतनमान लगवाने की प्रक्रिया शासन स्तर पर गतिमान है। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा महरौनी के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश जैन, महामंत्री संजीव पटेरिया,एवं जिला कार्यकारिणी के सदस्य संतोष गुप्ता मौजूद रहे।

# मनचले ने घर में घुसकर पुत्री को छेड़ा, धमकाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। आरोप है कि पहली दिसम्बर को रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपने घर पर था, तभी मोहल्ला मऊठाना निवासी शिवम सोनी पुत्र राधेश्याम सोनी अपने एक अन्य साथी के साथ आया और उसकी 21 वर्षीय पुत्री को गालियां देने लगा। आरोप है कि पुत्री से अश्लीलता करने लगा। जब उसने दरवाजा खोला तो शिवम सोनी घर में जबरन घुस आया और पुत्री से छेड़छाड़ करने लगा। मना करने पर गालियां देते हुये पुत्री को जबरन पकड़कर उठाकर ले जाने की धमकी दी। इस घटना को उसके अलावा पड़ोसियों ने भी देखा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर शिवम सोनी व उसके अज्ञात साथी के खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 352, 333, 351 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## संक्षिप्त खबरें

### जनता एस आई आर में लगी सरकार ईंधन अधिकार के नाम पर बिजली का बिल बड़ा रही- सपा



**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने आज दिन में एक बजे बर्रा तथा मसवानपुर एस आई आर फॉर्म जमा करने के कैंप को संबोधित करते हुए कहा कि जनता इस आई आर में लगी है और सरकार ईंधन अधिभार उपभोक्ताओं पर लगाकर बिजली का बिल बढ़ाने जा रही हैं! जिससे उपभोक्ताओं पर बेवजह भर लद जाएगा और उसके परिवार का मासिक बजट बिगड़ जाएगा। महानगर अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि बिजली कंपनियों पर इस वर्ष लगभग 15000 करोड़ रुपए ज्यादा सरप्लस निकल है जबकि जबकि करीब 33122 करोड़ रुपए सरप्लस पहले से हैं। इसलिए उपभोक्ताओं पर ईंधन अधिकार के नाम पर बिजली का बिल ना बढ़ाया जाए! अन्यथा सपा 14 दिसम्बर के बाद बिजली विभाग के खिलाफ आंदोलनात्मक कदम उठा कर घेरा डालेगी। बैठक में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी, सत्यनारायण गहरवार, आकाश यादव, विनय गुप्ता, श्याम सिंह बबलू, अमरजीत यादव, रामा यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### तीन आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट गालीगलौज व एससीएसटी का मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के सूबेदार का पुरवा गोड़वा गांव निवासी राज बहादुर सरोज पुत्र मुन्ना सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तीन दिसंबर को सुबह नौ बजे गांव के मुकुन्दे पुत्र सददीक, मो0 हसीब व मो0 पाले पुत्रगण मुकुन्दे वहां पहुंचे और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित राज बहादुर व उसके बहनोई अमेठी जनपद के गड़ेरी चौराहा सण्डवा ककवा निवासी श्याम लाल को मारापीटा व धमकी दी। एसओ राजेन्द्र कुमार तिवारी का कहना है कि जांच के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### साढ़ थाना क्षेत्र के गांव में बुजुर्ग किसान की जिंदा जल कर मौत



**घाटमपुर।** कानपुर नगर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना साढ़ क्षेत्र में बुजुर्ग किसान की आग में जिंदा जल कर मौत हो गई, किसान ने ठंड से बचने के लिए साथियों संग मिलकर आग जलाई, साथी घर चले गए। इसके बाद किसान अपने बिस्तर पर लेट गया, रात में चिंगारी से बिस्तर में आग लग गई और किसान जिंदा जल गया, मामला साढ़ थाना क्षेत्र के ऊमरी गांव का हैं यहां रहने वाले किसान रज्जन शर्मा 55 वर्ष को चार दिन पहले पैरालाइसिस का अटैक पड़ा था, जिसके चलते उठ बैठ चल नहीं पा रहे थे, बुधवार देर रात बुजुर्ग किसान खेत में स्थित नलकूप में सो रहे थे, ठंड से बचने के लिए साथी किसानों ने लकड़ियां जला कर अपने घर लौट आए। इस दौरान आग से निकली चिंगारी से चारपाई में आग लग गई पैरालाइसिस होने के चलते वह उठ नहीं सके, और जिंदा आग में जल गए, आसपास खेतों में लेटे किसानों ने नलकूप से धुआं उठता देखा तो पास जाकर देखा इसके बाद उन्होंने बुजुर्ग किसान को जिंदा जलता देख फोन कर पुलिस को घटना की जानकारी दी, घटना की सूचना मिलने पर साढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की, बुजुर्ग का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नगर निगम ने गोविन्द नगर पार्क के अतिक्रमण व कब्जे पर चलाया बुलडोजर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** गोविन्द नगर ब्लाक-8 पार्क में गुरुवार को नगर निगम ने जेसीबी से अवैध कब्जे व निर्माण को ध्वस्त कर दिया।लोगों ने फूल मालाओं से नगर निगम टीम का स्वागत कर आभार जताया। गोविन्द नगर स्थित ब्लाक-8, रामदेवी आर्य पार्क में पूजास्थलों की आड मे भूमाफियाओं द्वारा अवैध निर्माण व कब्जे किए जा रहे थे।पार्क के लगभग 70 प्रतिशत हिस्से पर कब्जे हो गए थे। पार्क में हरियाली न के बराबर बची थी। पार्क में कब्जो का सिलसिला लगभग दो वर्ष पूर्व प्रारंभ हो गया था। पार्क में कब्जो की शिकायत उधान विभाग में क्षेत्र के नागरिकों ने कई बार की परन्तु उधान अधिक्षक ने हर बार फर्जी निस्तारण रिपोर्ट लगा दी। इसके परिणामस्वरूप भूमाफियाओं के हौसले बुलंद होते गए।भूमाफियाओं ने पार्क की बची खुची जमीन पर कब्जे जारी रखे।शिवांग नामक व्यक्ति ने दो वर्ष पूर्व बने मंदिर के पीछे अवैध रूप से कमरा व लैटरिंग बाथरूम बनवा लिए । भाजपा नेता प्रकाश वीर आर्य, आनन्द कुमार व आर्यन चक ने बताया कि अभी सोमवार से पार्क गेट के बाई तरफ एक अन्य शख्स ने आरसीसी पीलर ढलवाकर उस पर दीवार खडी करना शुरू कर दिया।अवैध कब्जे की जानकारी पर मुहल्ले के लोगों ने होहल्ला किया।जिसके परिणामस्वरूप मिस्त्री मजदूर भाग खडे हुए व काम बंद करा दिया।बुधवार को क्षेत्रीय नागरिकों ने पार्क में अवैध कब्जो की शिकायत जोनल अधिकारी अनुपम त्रिपाठी से की।जिस पर गुरूवार को उधान अधिक्षक कृपा शंकर पांडेय व जोन -5 के कर अधिक्षक राजेश गुप्ता के नेतृत्व में नगर निगम की टीम फोर्स के साथ पार्क पहुंची। अवैध कब्जे को गिराने को लेकर अवैध कब्जेदार व प्रवर्तन दस्ते से नोंक-झोंक भी हुई। इसके बाद नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते ने अवैध निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया।क्षेत्रीय नागरिकों ने नगर निगम की इस कार्यवाही पर खुशी जताते हुए नगर निगम टीम का फूल मालाओं से स्वागत कर आभार जताया। नगर निगम प्रवर्तन दस्ते मे आरआई शिखा त्रिवेदी, सुपरवाइजर कमलेश व मोहित शर्मा उपस्थित रहे।

## हत्या के प्रयास के अभियोग में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में हत्या का प्रयास के अभियोग से संबंधित 02 अभियुक्तों समीर खान व इमरान खान उर्फ इम्मी को गिरफ्तार किया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त दो डण्डा बरामद किये गये।27नवंबर को थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पेण्डरा में नहर तिराहे पर वादी के भाई को विपक्षीगण द्वारा एकराय होकर लाठी-डण्डों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल किया गया। बीच-बचाव करने पर वादी व अन्य को भी चोटें आयीं। शोरगुल होने पर ग्रामीणों के पहुँचने पर अभियुक्तगण गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। इस संबंध में थाना कोतवाली पट्टी पर 07 नामजद व 2-3 व्यक्ति नाम पता अज्ञात का अभियोग पंजीकृत किया गया है । थाना प्रभारी पट्टी उप निरीक्षक अरविन्द कुमार कुशवाहा व उ0नि0 अनीस कुमार यादव मय हमराह मय द्वारा तलाश वांछित के दौरान मुखबिर की सूचना पर दर्ज मुकदमा से संबंधित 02 अभियुक्तो समीर खान उर्फ बगीरा पुत्र अकरम खान निवासी तातो थाना चांदा जनपद सुल्तानपुर उम्र करीब 30 वर्ष व इमरान खान उर्फ इम्मी पुत्र शमशेर खान निवासी तातो थाना चांदा जिला सुल्तानपुर उम्र 35 को थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत बरहूपुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्तों की निशानदेही पर उनके कब्जे से घटना मे प्रयुक्त 02 लाठी बरामद किये गये।

## आईएमए कानपुर को उत्कृष्ट कार्य हेतु अवार्ड




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर शाखा द्वारा 'आईएमए कानपुर को उत्कृष्ट कार्य हेतु आईएमए उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदान किये गए विभिन्न एवार्ड' के सम्बन्ध में एक पत्रकार वार्ता आयोजित की गयी। इस प्रेस वार्ता को इंण्डियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर के अध्यक्ष डा0 अनुराग मेहरोत्रा, डॉ. शालिनी मोहन सचिव, डा0 नंदिनी रस्तोगी, पूर्व अध्यक्ष, डा0 विकास मिश्रा, पूर्व सचिव , आई.एम.ए. सी.जी.पी. कानपुर सब फैकल्टी के असि0सचिव डा0 एस के गौतम एवं डॉ गौरव मिश्रा आईएमए कानपुर ने सम्बोधित किया। आईएमए कानपुर के अध्यक्ष डा0 अनुराग मेहरोत्रा ने बताया कि आईएमए कानपुर शाखा को वर्ष 2024-2025 के लिये आईएमए उत्तर प्रदेश शाखा द्वारा दिनांक 29/11/2025 आईएमए यूपी कान 2025, बरेली में निम्मलिखित एवार्ड प्रदान किये गये ये आईएमए कानपुर के लिए बहुत ही गर्व की उपलब्धि है।

आईएमए कानपुर की सचिव डॉ शालिनी मोहन ने बताया कि आईएमए नेशनल सीजीपी की एनुअल कान्फ्रेंस जीपीकोन -25 जो कि विजिनाग्राम आन्ध्र प्रदेश में 6 एवं 7 दिसंबर को है उसमें अवार्ड प्रदान किया जाएगा। सेक्रेटीज एप्रिसिएशन अवॉर्ड फॉर आईएमए सीजीपी सब फैकल्टी 2025-आईएमए सीजीपी कानपुर सब फैकल्टी अस्सिटेंट डायरेक्टर एंड असिस्टेंट सेक्रेटरी। साथ ही सचिव डॉ शालिनी मोहन ने ये भी बताया कि इस वर्ष हुए आईएमए सीजीपी कानपुर सब फैकल्टी के 3 दिन चलने वाले इस रिफ्रेशर कोर्स की थीम 'Our challenges. Our Best Practices - Think Global, Act Local थी। इस बार इस आईएमए सीजीपी प्रोग्राम के लिए एमसीआई ने सबसे अधिक 9 क्रेडिट पॉइंट्स दिए थे। इस रिफ्रेशर कोर्स में कुल 22 वैज्ञानिक सत्र हुए।

## बैठक कर 14 श्रम संगठनों ने किया नई श्रम संहिताओं का जोरदार स्वागत

**●अब दिल्ली में नेशन लेबर एम्प्लॉयमेंट समिट की भी तैयारी , जल्द होगी तारीख की घोषणा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** देश के 14 श्रमिक संगठनों ने विस्तृत विचार विमर्श के बाद हाल ही में देश में लागू हुए चारों नए श्रम संहिताओं का जोरदार स्वागत किया है। अवगत कराते चलें कि इस संदर्भ में देश के 14 मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय श्रमिक संगठनों के संयुक्त मंच कॉन्फेडरेशन ऑफ़ सेंट्रल ट्रेड यूनियन (कंसेंट) की राष्ट्रीय वर्चुअल बैठक भी आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष हिरण्मय पंड्या ने की। देश के प्रमुख संगठनों के शीर्ष प्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में हाल में ही देश में लागू हुए चारों नए श्रम संहिताओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। बी.एम.एस. के महामंत्री रविन्द्र हिमते एवं कंसेंट के राष्ट्रीय संयोजक एवं एन. एफ. आई.टी.यू. के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दीपक जायसवाल द्वारा संचालित इस बैठक में बी.एम.एस. के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बी. सुरेन्द्रन ने सभी संगठन के प्रतिनिधियों को एक्शन प्लान के बारे में मार्गदर्शन दिया। इस बैठक में मुख्या रूप से बी.एम.एस तथा एन.एफ. आई.टी.यू. के प्रतिनिधियों के साथ-साथ टी.यू.सी.सी. के महासचिव एस.पी. तिवारी, हच.एम.के.पी. से राकेशमणि पाण्डेय, ए.आई.बी.ई.यू. के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनारायण गिरी, फॉरवर्ड सीमेंस यूनियन ऑफ इंडिया के (एफ.एस.यू.आई.) के महासचिव कैप्टेन अतुल इंदुरकर, एच.एम.के.यू. के महासचिव इन्द्रदेव मेहतो, आई.एन.टी.यू.सी. के महासचिव के. के. तिवारी, सचिव रजनीश सेठ, ई-श्रम कौंसिल ऑफ इंडिया के सचिव शरत नाहक, कश्मीर लेबर यूनियन के अध्यक्ष मो. अशरफ गनी, भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन के महासचिव डॉ. परिमल कान्ति मॉडल, नेशनल फेडरेशन ऑफ फिशरी वर्कर्स के महासचिव एन. बालामुरुगन, फाइट फॉर राईट के संयोजक एडवोकेट उमंग बंसल, एन. एफ. आई.टी.यू. के महासचिव डॉ. विराट जायसवाल, सचिव सुनील कुमार और राकेश मालवीय शामिल हुए।

बैठक में इन सभी 14 श्रमिक संगठनों ने एकमत होकर कहा कि चारों नए लेबर कोड का लागू होना देश के श्रमिक वर्ग के लिए एक ऐतिहासिक, परिवर्तनकारी और अत्यंत आवश्यक सुधार है। जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के संकल्प और प्रयासों का ही परिणाम है। बैठक में सभी संगठनों ने यह भी कहा कि नए श्रम कानून देश के करोड़ों श्रमिकों, युवाओं, महिलाओं, प्रवासी मजदूरों तथा गिग एवं प्लेटफॉर्म वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा, सुरक्षा मानकों और अधिकारों की मजबूत गारंटी प्रदान करेंगे। प्रतिनिधियों ने इस ऐतिहासिक निर्णय को सही मायने में श्रमिकों की जीत बताते हुए यह भी तय किया गया कि सभी संगठन देशभर में श्रमिकों और युवाओं तक नए कानूनों की सही, सरल और तथ्यात्मक जानकारी पहुँचाने के लिए ना केवल एक व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम भी चलाएँगे बल्कि इसके अंतर्गत ग्राउंड लेवल पर जाकर, सेमिनार, कार्यशालाएँ, नुक्कड़ नाटक, चौपाल, जनसभाएँ और जागरूकता अभियानों का भी आयोजन करेंगे। बैठक में सोशल मीडिया के माध्यम से देशभर के युवा श्रमिकों से सीधे जुड़ने की रणनीति पर भी सहमति बनी और यह महत्वपूर्ण घोषणा भी की गई कि कंसेंट के सभी 14 राष्ट्रीय संगठनों, नियोक्ताओं, विशेषज्ञों, उ?द्योगों और नीति-निर्माताओं को साथ लेकर नई दिल्ली में एक बड़े नेशन लेबर एम्प्लॉयमेंट समिट का आयोजन किया जाएगा। जिसकी प्रारंभिक कार्ययोजना भी तैयार कर ली गई है और तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी।

# भगवान श्री दत्तात्रेय जयंती बड़ी धूमधाम से श्री आनंदेश्वर महादेव मंदिर परमट में बनाया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** आज जूना अखाड़ा की कानपुर शाखा श्री आनंदेश्वर महादेव मंदिर परमट में भगवान श्री दत्तात्रेय जन्म उत्सव पर विधि विधान से पूजन और जल अभिषेक किया गया। भगवान ब्रह्मा विष्णु महेश त्रिदेवों के अंश माना जाता है भगवान दत्तात्रेय यानी एक ऐसे भगवान जिनमें एक साथ ब्रह्मा, विष्णु और महेश के अंश भगवान श्री दत्तात्रेय महाराज. हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल मार्गशीर्ष मास की पूर्णिमा तिथि पर होती है। कानपुर काशी श्री आनंदेश्वर महादेव मंदिर में बड़े ही धूमधाम से भगवान दत्तात्रेय की जयंती महाउत्सव आनंदेश्वर मंदिर विधान में प्रातः 10:00 बजे भगवान दत्तात्रेय की प्रतिमा पर जल दूध दही व पंजामिती के साथ अभिषेक हु जूना अखाड़े के गुरु मूर्ति परम पूज्य महाकाल महाराज जी पूज्य वशिष्ठ गिरी जी महाराज मंदिर महंत परम पूज्य श्री अरुण भारती जी महाराज जूना अखाड़ा सचिव पूज्य श्री विवेकपुरी महाराज प्रभु जी डॉक्टर सुनील गिरी जी महाराज श्री मथुरा गिरी जी महाराज अत्रिवन महाराज ने भगवान दत्तात्रेय की विधि विधान के साथ पूजा करते हुए सभी भक्तों को आशीर्वाद दिया भव्य श्रृंगार किया गया जिसमें जूना अखाड़ा गुरु मूर्तियों बाबा आनंदेश्वर धाम के भक्ति मिल कर महाउत्सव मनाते हैं।

भगवान दत्तात्रेय की जयंती 04 दिसंबर 2025 को मनाई जूना अखाड़ा मीडिया प्रभारी आशुतोष कुमार अंश ने बताया आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि 2025 के 4 दिसंबर दिन महत्वपूर्ण के साथ अति महत्वपूर्ण इसलिए हो जाता है क्योंकि आज के दिन भगवान दत्तात्रेय जयंती के साथ-साथ आज माता अन्नपूर्णा का भी प्रकटउत्सव है इसमें भगवान दत्तात्रेय के साथ माता अन्नपूर्णा की भी विधि विधान के साथ पूजन अर्चन किया गया जिसमें मंदिर भक्त के व जूना अखाड़ा के गुरु मूर्तियों महंतों के साथ हजारों की संख्या में भक्ति इस महापर्व पर विधि विधान से पूजन में भाग लिया आशीर्वाद प्राप्त किया।

## शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी को पहुंचे - योगेन्द्र उपाध्याय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** प्रभारी मंत्री एवं मंत्री, उच्च शिक्षा योगेन्द्र उपाध्याय की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में जनपद के विकास कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रभारी मंत्री ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक वास्तविक और पात्र व्यक्ति तक हर स्थिति में पहुँचे। इसके लिए अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के बीच नियमित संवाद बनाए रखते हुए योजनाओं की समुचित जानकारी साझा की जाए, जिससे पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध लाभ मिल सके। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने दक्षिण क्षेत्र में निर्मित 100 बेड के अस्पताल को शीघ्र प्रारम्भ कराने तथा आवश्यक कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जल निगम द्वारा किए जा रहे खुदाई कार्यों के उपरांत सड़कों को सही ढंग से पूर्व दशा में बहाल किए जाने पर विशेष बल देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था पाए जाने पर उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जनपद में गंभीर रूप से घायल पशुओं के समुचित उपचार के लिए उपयुक्त चिकित्सकीय व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभाग शासन स्तर पर पत्राचार करते हुए आवश्यक कार्यवाही कराए, जिससे पशुओं को गंभीर स्थिति में जनपद स्तर पर ही समुचित उपचार मिल सके। बैठक में विधायक कल्याणपुर नीलिमा कटियार, विधायक गोविंद नगर महेश त्रिवेदी, विधायक घाटमपुर सरोज कुरील, एमएलसी अरुण पाठक, विधानसभा अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश अवस्थी, जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, डीसीपी सेंट्रल कासिम आबिदी, डीसीपी ट्रैफिक रवीन्द्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने एसआईआर अभियान में मतदेय स्थलों का लिया जायजा



**लालगंज, प्रतापगढ़।** विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एसडीएम ने तहसील क्षेत्र में तैनात तीन बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने गुरूवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने अभियान में शत प्रतिशत की सफलता के लिए मॉडल प्राइमरी स्कूल लालगंज के प्रधानाध्यापक व एसआईआर अभियान में बतौर सुपर वाइजर के साथ कार्य कर रहे तीन बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं अभियान को लेकर एसडीएम ने गुरूवार को लालगंज क्षेत्र के अझारा, शीतलमऊ, खालसा सादात, अमावां मतदेय स्थलों पर संचालित कार्रवाई का जायजा लिया। एसडीएम ने अभियान से जुड़े कार्मिकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर मतदाता प्रपत्र को हर दशा में पूर्ण कराए जाने के कड़े निर्देश दिये।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 343 जोड़ों का विवाह पूरे विधि विधान के साथ हुआ सम्पन्न

**●मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 333 हिन्दु जोड़े व 10 मुस्लिम जोड़े विवाह के बंधन में बंधे**






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत राजकीय इण्टर कालेज परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत 343 जोड़ों का विवाह पूरे विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजत कार्यक्रम में 333 हिन्दू जोड़े एवं 10 मुस्लिम जोड़े विवाह के बंधन में बंधे। सभी शादियां अपने रीति रिवाज के अनुसार हुई हिंदू धर्म की शादी वेद मंत्रों के उच्चारण के माध्यम से व मुस्लिम शादियां निकाह के माध्यम से संपन्न की गई। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि राय साहब, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह सहित अन्य अतिथियों ने नव दांपत्य जोड़ों को आर्शीवाद दिया। इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने सभी जोड़ो को बधाई देते हुये समाज कल्याण विभाग द्वारा किये गये भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम की प्रशंसा की। उन्होने कहा कि विभिन्न सम्प्रदाय के लोगों का आज उन्हीं के रीति रिवाज के साथ विवाह को सम्पन्न कराया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिये वरदान साबित हो रही है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कहा कि विवाह केवल एक जन्म का बंधन नहीं, बल्कि जन्म-जन्मांतर का पवित्र संबंध है, जिसे धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ यहां संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजकीय इण्टर कालेज परिसर में 343 जोड़ों का विवाह सकुशल सम्पन्न हुआ है, प्रत्येक जोड़ों पर प्रदेश सरकार द्वारा एक लाख की खर्च किये जा रहे है, जिसमें 60 हजार रूपये लाभार्थियों के खातों में भेजे जाते हैं एवं शेष धनराशि से विवाह सामग्री और आयोजन में खर्च किये जाते हैं। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि जो भी नये वर-वधु को उच्च गुणवत्ता की उपहार सामग्री दी जाय। उन्होंने सभी नवदंपतियों को अच्छे जीवन की शुभ कामनाएं दी।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने सभी जोड़ों को बधाई दी और कहा कि सभी नव दांपत्य जोड़े एक दूसरे के साथ मिलकर खुशी से अपना जीवन यापन करें। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने आये हुये अतिथियों का स्वागत किया और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के उपरान्त सभी जोड़ो व उनके परिवार लोगों ने भोजन ग्रहण किया और अपने-अपने घरों से लिये प्रस्थान किये। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण व समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य सहित गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुये। कार्यक्रम का संचालन सुनील प्रभाकर ने किया।

## कानपुर में मानकों के विपरीत चल रहे प्राइवेट आईटीआई की मान्यता निरस्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** जनपद में मानकों के विपरीत संचालित पाए गए एक प्राइवेट आईटीआई पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। जितेंद्र प्रताप सिंह की संस्तुति पर अभिषेक सिंह ने जरौली, कर्रही रोड स्थित मां वैष्णो प्राइवेट आईटीआई (कोड 3561) की मान्यता निरस्त कर दी है। यह कार्रवाई शासन द्वारा निर्धारित तकनीकी और भौतिक मानकों के गंभीर उल्लंघन के आधार पर की गई है। नौबस्ता निवासी एक शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया था कि उक्त आईटीआई में न तो नियमित रूप से कक्षाएं संचालित होती हैं, न ही छात्रों को किसी प्रकार का प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिया जाता है और न ही आवश्यक मशीनें एवं उपकरण उपलब्ध हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया था कि संस्थान का विद्युत कनेक्शन मार्च 2022 से कटा हुआ है, इसके बावजूद संस्थान का संचालन कागजों में दिखाया जा रहा है। शैक्षणिक सत्र 2025 में किसी भी छात्र का प्रवेश नहीं हुआ, फिर भी अंकपत्र जारी किए जाने की गंभीर आशंका जताई गई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संयुक्त निदेशक प्रशिक्षण राकेश कुमार मौर्य की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन कर मौके पर स्थलीय जांच कराई। जांच के दौरान संस्थान बंद पाया गया। वहां किसी भी प्रकार की मशीन, उपकरण या प्रशिक्षण से संबंधित संसाधन मौजूद नहीं थे, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि किसी भी ट्रेड में व्यावहारिक प्रशिक्षण संचालित होता है। जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में शिकायत के सभी आरोपों को सही पाया।

# अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर वकीलों ने भरी हुंकार, संसद भवन के घेराव की भी चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू कराए जाने की मुहिम को लेकर प्रतापगढ़ से प्रारंभ सुरक्षा यात्रा गुरूवार को अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा फतेहपुर पहुंच गई।ऑल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश की अगुवाई में लखनऊ से निकली अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा उन्नाव कानपुर तथा कौशाम्बी होते हुए दोपहर बाद फतेहपुर कचेहरी पहुंची। इसके पहले अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा को लेकर जिले की खागा तहसील परिसर में भी वकीलों ने मांगो को लेकर हुंकार भरी। यहां दीवानी न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने संसद के इसी सत्र में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम का विधेयक लाये जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन के जरिये आवाज बुलन्द की। खागा तहसील स्थित सभागार में हुई वकीलों की आमसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि संसद के जारी शीतकालीन सत्र में केंद्र सरकार अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर अधिवक्ता संगठनों द्वारा सौपे गये मसौदे के अनुरूप कानूनी विधेयक पेश करे। उन्होने कहा कि यदि सरकार विधेयक को लेकर टालमटोल करेगी तो वकील संसद भवन का घेराव भी करेंगे।

एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी ने अधिवक्ताओं को अधिनियम के मसौदे को साझा करते हुए बताया कि सुरक्षा के साथ इसमें बुजुर्ग अधिवक्ताओं की पेंशन तथा युवा अधिवक्ताओ के लिए प्रोत्साहन भत्ता व वकीलों के सामूहिक स्वास्थ्य बीमा जैसे कल्याणकारी प्राविधान को भी रखा गया है। आम सभा की अध्यक्षता मॉडल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह व संचालन महामंत्री मलखान सिंह यादव ने किया। वहीं फतेहपुर पहुंचने पर वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद सिंह, एससीएस चौहान, जय नारायण वर्मा, शोभित दुबे, श्रीराम पटेल, आरपी मौर्य, एसएन सिंह तोमर, शक्ति सिंह, जितेन्द्र सिंह गौतम आदि अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा को लेकर समर्थन का ऐलान किया। इस मौके पर आकाश मिश्र, चंदन सिंह, अमर सिंह, संजय सिंह, रवीन्द्र परमार, अभय सिंह आदि अधिवक्ता रहे। अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा का संयोजन प्रदेश प्रभारी सत्येन्द्र नाथ मिश्र ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### उप कृषि निदेशक द्वारा स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी समिति का औचक निरीक्षण




**हमीरपुरः-** कुरारा कस्बा की स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी समिति में संचालित ज्वार खरीद केंद्र का औचक

निरीक्षण उप कृषि निदेशक द्वारा किया गया। तथा किसानों की समस्या का समाधान कराए जाने का आश्वासन दिया। कृषि उत्पादन मंडी समिति में ज्वार खरीद केंद्र दो सप्ताह से बंद है। तथा ज्वार की तौल नहीं हो पा रही है। बचरौली गांव निवासी समाजसेवी व किसान गणेश तिवारी ने शिक़ायत की।

कि ज्वार की तौल न होने से क्षेत्र का किसान परेशान है। तथा दो सप्ताह से केंद्र में तौल बंद है। प्रद्युम्न सिंह ने ज्वार की तौल न हो पाने की शिक़ायत की। उप कृषि निदेशक डॉ प्रमोद कुमार गुप्ता ने किसानों की समस्या सुनकर अधिकारियों को अवगत कराए जाने की बात कही। केंद्र प्रभारी अपर्णा अवस्थी का स्थानांतरण हो जाने से तौल का कार्य प्रभावित हो रहा है। किसानो ने जल्द प्रभारी की तैनाती किए जाने की मांग की जिससे ज्वार की तौल शुरू हो सके।

### हमीरपुर डिपो की 'जनता सेवा' बसों का संचालन अनियमित, मुसाफिर परेशान




**हमीरपुर-** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यात्रियों को सुलभ और किफायती परिवहन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई 'जनता सेवा' बसें हमीरपुर डिपो में अव्यवस्था का शिकार हो गई हैं। इन बसों का किराया सामान्य किराए से 20 प्रतिशत कम रखा गया है, जिससे आम जनता को राहत मिलनी चाहिए थी, लेकिन निर्धारित समय पर बसें न मिलने से यात्रियों को उल्टा परेशानी उठानी पड़ रही है।

क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि हमीरपुर डिपो से चलने वाली जनता सेवा बसों का समय तय नहीं है। कई बार बसें घंटों देरी से आती हैं, जिससे छात्र, नौकरी पेशा लोग और मजदूरों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण रामबाबू प्रजापति, रामनरेश साहू, जग भान यादव, अनिल सिंह, भरोसी प्रजापति और किशोरी प्रजापति सहित अन्य लोगों ने बताया कि अनियमितता के कारण उन्हें निजी वाहनों का महंगा किराया देना पड़ जाता है। इसके चलते सरकार की यह योजना अपने उद्देश्य से भटकती नजर आ रही है। जब इस मामले में बस परिचालक कुमारी मेघा देवी से जानकारी ली गई तो उन्होंने स्पष्ट किया कि देरी की मुख्य वजह उन्हें समय पर बस उपलब्ध न कराया जाना है। उनका कहना है कि डिपो से समय नियत होने के बावजूद वाहन उपलब्धता में कमी के कारण बसों को निर्धारित समय पर रवाना नहीं किया जा सकता। इस संबंध में हमीरपुर डिपो के वरिष्ठ केंद्र प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा और समय व्यवस्थापक मनीष कुमार वर्मा से संपर्क किया गया। उन्होंने बताया कि एक वाहन के चालक के उपलब्ध न होने से संचालन प्रभावित हो रहा है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि चालक की तैनाती होते ही जनता सेवा बसों का संचालन नियमित कर दिया जाएगा।

### पैकेज डिलीवरी स्क्ष्ढरु.. फिर एड्रेस अपडेट करने के लिए आया लिंक और खाते से 1.48 लाख रुपये गायब



**मेरठ।** साइबर अपराधियों ने एक युवती के वाट्सएप पर पता अपडेट कराने का लिंक भेजकर खाते से 1.48 लाख रुपये निकाल लिए। नौचंदी थाना क्षेत्र के कुंज विहार निवासी उत्कर्ष खन्ना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आठ नवंबर को उसकी बहन कोमल ने आनलाइन शैंपू का आर्डर किया था। 26 नवंबर को बहन के मोबाइल पर पैकेज डिलीवरी फेल होने का एसएमएस आया। साथ में ही पता अपडेट का लिंक भी दिया हुआ था। लिंक पर क्लिक करते हुए कोमल के बैंक खाते से दो बार में 1.48 लाख रुपये निकल गए। पीड़िता ने इसकी शिकायत तत्काल साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर की। थाना प्रभारी इलम सिंह पंवार का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। साइबर सेल की टीम जांच कर रही है।

# जिले में धान खरीदी केन्द्र में सी.सी. कैमरा एवं जिला स्तरीय जॉच कमेटी तैनात की मांग

**● सोसायटी एवं समूह के माध्यम से आवंटित दुकानों की निगरानी जिला स्तर से हो- तिवारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शहडोल** जैसे ही जिले में धान खरीदी का समय आता है, एन.जियो के माध्यम से वैध व अवैध समूह के साथ सोसायटी में लंबी आस बैठे कर्मचारियें के पौ बारा नजर आते हैं, इसकी गोपनीय जानकारी सहकारिता के साथ जिला खाद्य एवं कंटोलर अधिकारी के पास रहती है। ये अधिकारी अपने चहेतो एवं सुविधा शुल्क का बजन देखकर धान खरीदी केन्द्र आवंटित किए जाते हैं, यह जानकारी किसान नेता जनता दल यू किसान सभा के प्रदेष पूर्व भाजस अध्यक्ष विधायक दल नेता निजी सचिव ने दी है।

तिवारी ने यह भी बताया कि शहडोल जिले धान खरीदी केन्द्रो को आवंटित आदेष होते ही गढ़बड़ी को लेकर प्रदेष के मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री तक केन्द्रवार जानकारी देकर शीघ्र कार्यवाही की मांग की गई एवं संभागीय कमिष्नर एवं जिला कलेक्टर से संज्ञान में लेकर शीघ्र जिले के धान खरीदी केन्द्रो में सी.सी. कैमरा लगाकर उसका कंट्रोल जिला मुख्यालय के साथ सर्वजनिक हो साथ ही हरदिन धान खरीदी केन्द्रो में वरिष्ठ सक्षम अधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण कराने की भी मांग की गई है, क्योकि पिछले सत्र में भी धान खरीदी में करोड़ों रू. की हेरा फेरी उजागर हुई थी,



जिसकी भरपाई अभी तक नही हो सकी, बेगुनाह किसान आज भी परेषान है धान खरीदी में लिप्त लोगों द्वारा भारी रकम की हेरा फेरी हुई हाल ही में जो धान खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं, शीघ्र जॉच करायी जाए की कहीं पूर्व में धान खरीदी में लिप्त भ्रष्टाचारी लोगों का सरंक्षण व अभयदान तो नही।

## मनरेगा मजदूरों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर मजदूरी दिलाए जाने की मांग की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः-** कुरारा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चकोठी के मनरेगा मजदूरों ने जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र देकर वर्ष 2021 से 2025 के बीच किए गए विभिन्न कार्यों की मजदूरी दिलाए जाने की मांग की है। मजदूरों का कहना है कि नरेगा, मॉडल तालाब, नाली निर्माण तथा अन्य कार्यों का भुगतान अब तक नहीं हुआ है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मजदूरों द्वारा दिए गए विवरण के अनुसार, मॉडल तालाब में पक्का व कच्चा काम, ईंट ढुलाई, नहर से चकरोड तक कार्य, मेड़ बंधाई, झाड़ी कटाई व साफ-सफाई सहित कई गतिविधियों में अलग-अलग मजदूरों ने श्रम किया था। उनका कहना है कि इन कार्यों की मजदूरी कई वर्षों से लंबित है।

प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि भुगतान को लेकर उन्होंने ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों से कई बार संपर्क किया, लेकिन समाधान नहीं हो सका। मजदूरों का कहना है कि उन्होंने पूर्व में भी उच्चाधिकारियों को ज्ञापन दिए थे, परंतु अब तक उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है। मजदूरों ने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि उनके बकाया भुगतान की जांच कर उचित कार्रवाई कराई जाए। इस संबंध में सचिव ओमप्रकाश प्रजापति का कहना है कि प्रार्थना पत्र में दर्ज मुद्दे कई वर्ष पुराने हैं, जबकि



उनकी नियुक्ति दो माह पूर्व ही हुई है। उन्होंने बताया कि मामले की तथ्यों के आधार पर जांच कराई जाएगी। ग्राम प्रधान हरिशंकर ने कहा कि यदि मजदूरों के पास कोई कार्य संबंधी तथ्य या दस्तावेज हैं, तो वे ब्लॉक कार्यालय में आकर बैठकर चर्चा कर सकते हैं, जिससे स्थिति स्पष्ट हो सके।

## मौदहा में सड़क हादसाः तिलक समारोह से लौट रहे युवक की मौत, दो घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** मौदहा कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब तिलक समारोह से लौट रहे तीन बाइक सवारों को अचानक सड़क पर आई नीलगाय ने टक्कर मार दी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मौदहा कस्बे के इलाही तालाब निवासी 27 वर्षीय ओमबाबू, 27 वर्षीय अंकित सोनी और गहबरा निवासी 25 वर्षीय संदीप तिलक समारोह में शामिल होकर अंकित की बुलेट मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। नेशनल हाईवे 34 और गहबरा मार्ग के बीच नीलगाय अचानक सड़क पर आ गई और उनकी बाइक से सीधे टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को तत्काल मौदहा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर अंकित सोनी को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। ओमबाबू और संदीप का उपचार अस्पताल में जारी है। मृतक अंकित सोनी मूलरूप से ग्राम अरतरा का निवासी था। वह मौदहा कस्बे के इलाही तालाब के पास मकान बनाकर रह रहा था और कस्बे में एक ज्वेलरी की दुकान चलाता था। तीन भाइयों में



दूसरे नंबर के अंकित की अभी शादी नहीं हुई थी। उसकी अचानक मौत से परिवार और क्षेत्र में शोक व्याप्त है।

## हाईवे पर बेकाबू ई-रिक्शाः चार सीटर में भरी 18 सवारियां, छह बच्चे लटके मिले

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** जनपद में ई-रिक्शा चालकों द्वारा यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।मौत को दावत देने वाला ताज़ा मामला मौदहा क्षेत्र से सामने आया है, जहां एक चार सीटर ई-रिक्शे में 18 लोगों को बैठाकर तेज रफ्तार में हाईवे पर दौड़ाया जा रहा था। इस खतरनाक नज़ारे का वीडियो एक कार सवार राहगीर द्वारा बनाए जाने के बाद सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो की जांच में पता चला कि यह घटना बीती रात मौदहा से कमहारिया जाने वाले स्टेट हाईवे पर सामने आई थी। बताया जा रहा है कि ई-रिक्शे को मौदहा से कमरहिया के लिए बुक किया गया था। इसमें पुरुष, महिलाएं और बच्चे मिलाकर कुल 18 सवारियां सवार थीं। चौंकाने वाली बात यह रही कि इनमें से छह बच्चे रिक्शे के पिछले हिस्से पर बाहर लटके हुए थे, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था।

राहगीर ने जब ओवरलोडेड ई-रिक्शे को रुकवाकर चालक से पूछताछ की, तो



चालक ने स्वयं स्वीकार किया कि वाहन में 18 लोग सवार थे। यह स्थिति न केवल सवारियों की जान खतरे में डालती है, बल्कि यातायात नियमों का गंभीर उल्लंघन भी है। विशेष रूप से ध्यान देने वाली बात यह है कि मौदहा से कमहारिया जाने वाले मार्ग पर बड़े चौराहे के पास पुलिस पिकेट और ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी रहती है। बावजूद इसके, एक चार सीटर वाहन में इतनी अधिक सवारियां भरकर हाईवे पर दौड़ाया जाना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि पुलिस ऐसे वाहनों पर सख्त कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही से किसी बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके।

### हापुड़ रोड को दिल्ली रोड से जोड़ने वाले बाईपास की तरफ चले गए तो हो जाएंगे परेशान, रेंगकर चल रहे वाहन



**मेरठ।** हापुड़ रोड को दिल्ली रोड से जोड़ने वाला बिजलीबंबा बाईपास अब जाम रोड के रूप में तब्दील हो गया है। इस मार्ग पर जाम केकारण प्रतिदिन वाहन रेंगकर चल रहे है। मार्ग के दोनों तरफ पुलिस चौकी होने के बावजूद जाम से निजात नहीं मिल पा रही है। जाम में फंसे वाहन चालक आपस में नोंकझोक करते नजर आते है। बुधवार को भी इस मार्ग पर जुर्रानपुर फाटक के दोनों ओर वाहनों की कतार लगी रही। साढ़े सात किमी के इस मार्ग पर तीन थानों की सीमा लगती है। इसके अलावा शाप्रिक्स माल, जुर्रानपुर फाटक व हापुड़ रोड पर यातायात पुलिस तैनात रहती है। फिर भी इस मार्ग पर प्रतिदिन जाम लगा रहता है। शाम के समय तो इस मार्ग पर कई किमी लंबा जाम लग जाता है। यातायात व्यवस्था बनाने में ट्रैफिक पुलिस ही जूझती नजर आती है। तीनों थानों की पुलिस नदारद रहती है।

# स्वामी ब्रह्मानंद जी महाराज का दिव्य चित्र प्रदर्शित

**131वें जन्मोत्सव पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि सभा का भव्य आयोजन**

**हमीरपुरः** राठ कस्बा में परम पूज्य स्वामी ब्रह्मानंद जी महाराज के 131वें जन्मोत्सव के अवसर पर गुरुवार दोपहर 12 बजे उनकी समाधि पर भव्य पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जितेंद्र सिंह सेंगर, प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. इंद्रपाल सिंह, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र सिंह सहित नगर के अनेक गणमान्यजनों ने स्वामी जी की समाधि पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके पश्चात महाविद्यालय के दंगल प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा संपन्न हुई। मुख्य अतिथि द्वारा स्वामी ब्रह्मानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र सिंह ने स्वामी जी के तप, त्याग और शिक्षा सेवा से भरे जीवन पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में डॉ. उमाकांत सिंह ने महाविद्यालय को विश्वविद्यालय का दर्जा दिए जाने की माँग सरकार से की। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दादा ने युवा पीढ़ी से नशे से दूर रहने की अपील की। पूर्व सचिव, भारत सरकार डॉ. बी.के. लोधी ने कहा कि किसी देश को कमजोर करना हो तो उसके युवाओं को नशे की लत लगा दो—आज वही समाज के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनती जा रही है। पूर्व मंत्री चौधरी राजेंद्र सिंह ने भी अपने विचार साझा किए। प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. इंद्रपाल सिंह ने स्वामी जी के जीवन-वृत, उनके आदर्शों और शिक्षा क्षेत्र के प्रति समर्पण का उल्लेख करते हुए कहा कि महाविद्यालय परिवार इसे विश्वविद्यालय बनाने के लिए संकल्पित है। डॉ. कमलेश सक्सेना, सचिव प्रबंध समिति ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और स्वामी जी से जुड़ी स्मृतियाँ सांझा कीं। डॉ. एस.पी. सिंह ने स्वामी जी के साथ बिताए अपने अनुभव बताते हुए कहा कि हमें शिक्षा और स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए तथा किसानों को यूरिया का कम उपयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम में विधायक मनीषा अनुरागी ने स्वामी जी के तपस्वी जीवन से प्रेरणा लेने



और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संदेश दिया एवं महाविद्यालय को पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ने स्वामी जी को अपना जीवन-आदर्श बताया। अंत में मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वामी ब्रह्मानंद जी तप, त्याग और शिक्षा के प्रकाश स्तंभ हैं। उन्होंने क्षेत्र में शिक्षा की ज्योति जगाकर समाज को नई दिशा दी। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष डॉ. अजयपाल सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, लक्ष्मण लाल त्रिपाठी, प्राध्यापक डॉ. एस.जी. राजपूत, डॉ. शैलेंद्र सिंह, ए.एन. शुक्ला, डॉ. आर.बी. शर्मा, तथा धर्मेंद्र सिंह, राजकुमार, राजेश चौरसिया सहित कई सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सरजू नारायण ने किया।

### प्रेमिका पर कर दी थी टिप्पणी... प्रेमी को नागवार गुजार और युवक को ईंटों से कुचलकर मार डाला

**मेरठ।** परतापुर में युवक की हत्या मामले का पुलिस ने राजफाश कर दिया है। प्रेमिका पर टिप्पणी करने की वजह से युवक की हत्या की गई है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। परतापुर थाना क्षेत्र के मोहकमपुर रेलवे ट्रैक के पास 27 नवंबर को एक युवक का शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई थी। चेहरे पर ताबड़तोड़ वार कर युवक को मौत के घाट उतारा गया था। युवक की पहचान राजू पुत्र मांगेराम निवासी खजूर वाला मोहल्ला मलियाना थाना टीपी नगर के रूप में हुई। भाई पप्पू की तरफ से परतापुर थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया। राजू का मोबाइल फोन घटना स्थल से नहीं मिला है। पुलिस ने उसके मोबाइल की तलाश की और राजू के नंबर की सीडीआर निकलवाई। एक नंबर ऐसा था जिस पर कई बार बात की गई थी। वही नंबर हनी उर्फ विनीत आनंद का था, जो टीपी नगर के शिवपुरम में रह रहा था। पुलिस ने हनी को गिरफ्तार कर लिया। हनी ने बताया की प्रेमिका पर युवक ने टिप्पणी कर दी थी, इसीलिए ईंटों से कुचलकर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने हनी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से रिमांड बनाकर आरोपित को जेल भेज दिया गया।

## 'डेमो ट्रेन' शुरू करने की मांग को लेकर विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के हस्ताक्षरित रेलवे विभाग के जीएम के पास स्मारक पत्र प्रस्तुत किया

**● एक स्मारक पत्र डाक के माध्यम से मालिगांव रेलवे विभाग के जीएम के पास स्मारक पत्र प्रस्तुत किया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमिः** वर्तमान सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के नारे के माध्यम से हर विधानसभा समेत राज्य के संपर्क में ट्रेनों की सेवाओं पर महत्व देने के चलते यात्री कम खर्च में यात्रा कर पा रहे हैं। रेलवे विभाग की प्रगति के कारण शिलचर-दुल्लभछड़ा मार्ग पर 'डेमो ट्रेन' सेवा शुरू करने के लिए श्रीभूमि जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के हस्ताक्षरित एक स्मारक पत्र डाक के माध्यम से गत 30 नवंबर को मालिगांव रेलवे विभाग के जीएम के पास भेजा गया। इसमें उल्लेख किया गया है कि संचार के मामले में वर्तमान में 'डेमो ट्रेन' रेलवे सेवा की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है, क्योंकि स्थानीय व्यापारी अपने उत्पादित माल को




जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बहुत कम खर्च में आयात या निर्यात कर सकेंगे और सरकार को कर की वृद्धि होगी।

अलग से, अन्य स्मारक पत्र में यात्रियों की सुविधा के लिए जिले के दुल्लभछड़ा, फाकुवा, एरालीगुल रेलवे स्टेशन पर डिजिटल माध्यम से अपग्रेडेशन, अत्याधुनिक विद्युत सेवा, पीने के पानी और विश्राम गृह शौचालय जैसी सुविधाओं की मांग की गई है। ताकि यात्रियों को किसी भी प्रकार की सरकारी सुविधा से वंचित न होना पड़े, सरकार जन-कल्याण में सहयोग देती रहे।

## होटल विलासा इंटरनेशनल बुढ़ार होटल विलासा इंटरनेशनल के स्वर्णिम 7 वर्षः परंपरा, सेवा और भव्यता के सफ़र का साक्षी पूरा कोयलांचल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
दिनेश चौधरी

**बुढ़ार, शहडोल** संभाग के इकलौते आलीशान, आधुनिक सुविधाओं से युक्त और सेवा-भाव को अपना ध्येय मानने वाले होटल विलासा इंटरनेशनल ने अपने 7 गौरवशाली वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस विशेष अवसर पर होटल परिसर में सादगीपूर्ण किंतु गरिमामय कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रमों की शुरुआत होटल के संस्थापक, दूरदर्शी व्यक्तित्व के धनी स्वर्गीय श्री पवन चमड़िया जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रति विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इस अवसर पर परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे जिनमे श्रीमति आशा बाई चमड़िया, मनीष चमड़िया, बनवारीलाल चमड़िया, मृनलिनी चमड़िया, नरेश खेमका व परिवार क़े अन्य सदस्यों ने उन्हें स्मरण करते हुए उनके जीवन मूल्यों और तपस्वी परिश्रम का उल्लेख किया, जिसके परिणामस्वरूप यह होटल आज सम्मान, आदर और आतिथ्य का प्रतीक बन चुका है।

स्वर्गीय पवन चमड़िया जी ने 'अतिथि देवो भव' की भारतीय परंपरा को अपने कर्म से संवारा और इसी सोच से होटल विलासा इंटरनेशनल की नींव रखी गई थी। आज यह होटल न केवल बुढ़ार, अपितु समूचे कोयलांचल क्षेत्र में अपनी भव्यता, अनुकरणीय सेवा और अतिथियों के प्रति सम्मान की भावना के कारण एक अलग पहचान बनाए हुए है। मिलनसार स्टाफ, स्वच्छता, अनुशासन और दक्ष प्रबंधन ने इसे क्षेत्र के श्रेष्ठतम आतिथ्य स्थलों में स्थापित किया है।

**दूरदर्शिता का प्रतिफल- सात वर्ष की उपलब्धियों का पर्व**

चमड़िया ग्रुप के एमडी श्री राजेश चमड़िया जी ने मंच से अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा- 'स्वर्गीय पवन चमड़िया जी के आशीर्वाद, माता-पिता की प्रेरणा, हमारे स्टाफ की निष्ठा और जनता के प्रेम से आज हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं। हमने केवल ईंट-पत्थर से एक इमारत खड़ी की थी, किंतु इस इमारत को विलासा इंटरनेशनल की रोशनी आप सबने प्रदान की है। जब जनता होटल की सेवा और व्यवस्था की प्रशंसा करती है तो पिताजी की बातें याद आती हैं— 'सच्ची निष्ठा और अतिथि सेवा का कोई मोल नहीं होता।' पेट्रोल पंप से प्रारंभ हुआ सफर आज विलासा इंटरनेशनल तक पहुंचा है और आगे भी जारी रहेगा।' उनके शब्दों में केवल भाव नहीं थे, बल्कि संस्थापक के प्रति सम्मान और आगे बढ़ते रहने के संकल्प की ध्वनि भी थी।

**सातवीं वर्षगांठ पर स्वच्छता नायकों का सम्मान- एक प्रेरणादायी उदाहरण**

वर्षगांठ समारोह के दौरान एक अनूठा और संवेदनशील कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नगर परिषद बुढ़ार के सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। आम तौर पर किसी भी आयोजन की सफलता में सफाई कर्मियों का योगदान अनमोल होता है, परंतु उन्हें विरले ही सम्मान का लाभ मिलता है। होटल विलासा इंटरनेशनल ने इसे ध्यान में रखते हुए सभी सफाई कर्मियों को पुरस्कार और अभिनंदन-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

एक सफाई मित्र ने भावुक होकर स्वर्गीय पवन चमड़िया जी को याद करते हुए बताया कि जब वे पेट्रोल पंप संभालते थे, तो अक्सर उन्हें चाय के लिए बुलाकर स्नेहपूर्वक कहा करते थे- 'तुम लोगों का काम सबसे महत्व का होता है। बिना थके सुबह से शाम तक पूरे नगर को स्वच्छ रखते हो। अपने लिए तो सभी जीते हैं, दूसरों के लिए जीना सीखना चाहिए—और तुम लोग यही कर रहे हो।' उन्होंने विनम्र आग्रह किया कि उनका नाम प्रकाशित न किया जाए, परंतु स्वर्गीय श्री पवन चमड़िया जी की बातें उन्होंने आज तक हृदय में सहेज कर रखी हैं।

**कृतज्ञता और अभिवादन का भव्य आयोजन**

समारोह में सहभागी सभी अतिथियों का होटल प्रबंधन द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे- श्री सुजीत सिंह चंदेल, श्री अजय सिंह, अरविंद नायक, श्री राजेंद्र गर्ग, यूनुस भाईजान, पीके भगत, अनिल सिंह, रोशन लाल तोदी, सोनू आहूजा, विकास सिंघानिया, ऋषि जैन, सुधीर श्रॉफ, संजय अग्रवाल, आनंद केडिया, विक्रम सिंह, अजय सिंघानिया सहित नगर के प्रबुद्धजन,




पत्रकार बंधु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**होटल स्टाफ कि प्रस्तुति ने सभी का मनमोह लिया**

इस दौरान होटल के स्टाफ द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुति किया गया, जिसने सभी अतिथियों का मन मोह लिया। पूरा माहौल उल्लास, गरिमा और हृदयस्पर्शी भावनाओं से परिपूर्ण रहा।

**समर्पित स्टाफ- सफलता की रीढ़**

होटल विलासा इंटरनेशनल का स्टाफ इस सफलता की असली ऊर्जा है। सातवीं वर्षगांठ पर सभी कर्मचारियों ने केक काटकर एक-दूसरे को बधाई दी और आगे भी उत्कृष्ट सेवा देने का संकल्प लिया। इनमें प्रमुख रूप से रहे- सूर्यकांत (जनरल मैनेजर), मनजीत सिंह (वीरा), धर्मेंद्र द्विवेदी, विकास विश्वकर्मा, गौरव सिंह, महेंद्र मांझी, प्रभाकर घोषाल, वरिष्ठ स्टाफ अंजना साहू एवं अन्य सहयोगी।

**समापन- कृतज्ञता का हृदयस्पर्शी संदेश**

मनीष चमड़िया जी ने भावुक स्वरों में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा- 'सभी सम्मानित अतिथि, पत्रकार बंधुओं, नगर परिषद के अधिकारीगण, सफाई मित्रों तथा होटल विलासा इंटरनेशनल के संपूर्ण स्टाफ के प्रति मैं हृदय से कृतज्ञ हूं। आपने अपना कीमती समय देकर जो सहयोग प्रदान किया है, वह अविस्मरणीय रहेगा। इसी एकता और विश्वास ने हमें आज फिर एक साथ खड़ा किया है। आने वाला नया वर्ष हम सभी के लिए मंगलमय हो—इसी कामना के साथ अग्रिम शुभकामनाएं।'

## सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने सदन में उठाई आजमगढ़ की आवाज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी के नेता, लोकसभा में मुख्य सचेतक, लोक लेखा समिति भारत के सदस्य,एवं सांसद आजमगढ़ धर्मेंद्र यादव ने आज लोकसभा में अपने संसदीय क्षेत्र की कुछ गंभीर समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाया। उन्होंने सरकार एवं मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि आजमगढ़ से वाराणसी का मार्ग जो लुंबिनी तक जाता है विगत 10 वर्षों से बना है परंतु आजमगढ़ वाराणसी के बीच जनपद जौनपुर में लगभग 18 किलोमीटर आज भी दो लेन हैं। जबकि बनारस से लेकर लुंबिनी तक यह बौद्ध सर्किट के अंतर्गत यह सड़क आती है, और इस 18 किलोमीटर चलने के लिए घंटों समय लग जाता है। उन्होंने मंत्री जी से इस छूटे हुए 18किलोमीटर सड़क को भी जल्द से जल्द फोर लेन करने का आग्रह किया।

इसके साथ ही उन्होंने माननीय मंत्री का ध्यान आकृष्ट करते हुए इस सड़क पर लगे कोटिला टोल प्लाजा का भी मामला उठाते हुए कहा कि उक्त टोल कर्मियों ने इतना आतंक मचा रखा है कि आजमगढ़ से आसपास के जो लिंक रोड बने हुए हैं उस पर टोल वालों ने लोहे का बैरियर लगा रखा है, जिससे आजमगढ़ के लोगों को बहुत परेशानी हो रही है और अगल बगल के लोग उन संपर्क मार्गों पर चल नहीं पा रहे हैं। इतना ही नहीं स्कूल की बसें भी संपर्क मार्गों पर नहीं चलने देते हैं जिससे छोटे छोटे बच्चों को भी इन कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने मंत्री जी से ह.्र..ढ्ढ के इस आतंक को खत्म करवाने का भी अनुरोध किया



है। पूर्व में नियुक्त शिक्षकों के ऊपर टीईटी की अनिवार्यता पर भी उन्होंने कहा कि जिस तरह से टीईटी के माध्यम से पूरे देश के तकरीबन 25 लाख और अकेले उत्तर प्रदेश के 2 लाख से ज्यादा शिक्षक आज पूरी तरह से असुरक्षा के भाव में है। जबकि अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 के आने के बाद यह तय हुआ कि अब टीईटी परीक्षा के बाद ही कोई शिक्षण कार्य कर पाएगा। जबकि पहले से नियुक्त शिक्षकों के लिए प्रावधान रहा कि जो पहले के नियुक्त शिक्षक हैं उनको यह परीक्षा पास किए या नहीं किए उस समय की जो सेवा शर्तों के अनुरूप जो नियुक्ति मिली है उसी के अनुरूप वो सेवाएं करेंगे। लेकिन 1 सितंबर 2025 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय का एक फैसला आया जिसमें पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट पास करना अनिवार्य कर दिया है।उन्होंने इस बात के लिए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय में केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की कमजोर पैरवी के कारण आज देश के 25 लाख से ज्यादा शिक्षक और उनके परिवार पूरी तरह से परेशान है। उन्होंने कहा कि सभापति जी आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है संविधान संशोधन लाकर या अध्यादेश लाकर देश के 25 लाख शिक्षकों और विशेष कर उत्तर प्रदेश के 2 लाख शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित करे सरकार।

### सरकारी योजना के नाम पर महिला के साथ हो गई 1.55 लाख रुपये की ठगी, कैसे?

**लखनऊ।** इंदिरानगर में प्रधानमंत्री योजना के तहत सोलर प्लांट लगाने का झांसा देकर 1.55 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित सत्येंद्र कुमार ने गाजीपुर थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने दीपक सक्सेना और अनुपम तिवारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सर्वोदय नगर मानस विहार कालोनी सत्येंद्र कुमार के मुताबिक जून 2025 में दीपक सक्सेना और अनुपम तिवारी अजय इलेक्ट्रिक शाप पर मिले। दीपक सक्सेना ने खुद को इंदिरानगर का निवासी और दुकान मालिक अजय वर्मा का पड़ोसी बताया। जबकि अनुपम तिवारी ने स्वयं को फर्म 'सोल्यूशन (एटी)' का प्रोपराइटर और दीपक को मैनेजर बताया। दोनों ने सोलर प्लांट लगाने का सरकारी योजना का हवाला देते हुए अपना कार्यालय 'रूप प्लाजा, मारुतीपुरम' बताया। आरोपितों को पीड़ित ने घर की छत दिखाई। जिस पर तीन किलोवाट का सोलर प्लांट लगाने की बात हुई। 1.80 लाख रुपये बात तय हुई। आरोपितों ने भरोसे में लेकर मकान के कागजात, आधार और बिजली बिल की कापी वाट्सएप से मंगाई। इसके बाद 10 जुलाई को 55,000 और 95,000 के दो चेक तथा 5,000 रुपये नकद श्रमिकों के नाम पर वसूले गए। दोनों चेक 11 और 16 जुलाई को फर्म 'सोल्यूशन (एटी)' के खाते में क्लियर हो गए। काम में देरी पर जब पीड़ित कार्यालय पहुंचा तो बिजली बिल में नाम सुधार की बात कहकर टाल दिया गया। पीड़ित ने स्वयं जुलाई व अगस्त में बिल संशोधित करवाकर दे दिया। बावजूद इसके कोई काम शुरू नहीं हुआ। फोन काल और मैसेज का जवाब धीरे-धीरे बंद होता गया।